ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 23 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 140 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नवाजुद्दीन ने कंगना के प्रोडक्शन 'टीकू वेड्स शेरू' के... पेज 12 पर

NEWS इन ब्रीफ

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 26 जून को

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार 26 जून को झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में, सोमवार, दिनांक 26 जून, 2023 को अपराह्न 4:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

सजायाफ्ता कैदी की रिम्स में मौत

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी अगनु उरांव (60) की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह रांची जिले के चान्हो के खरा गांव का रहने वाला था। पांच जून को उसकी तबीयत खराब हो गयी, जिसके बाद कारा चिकित्सकों की अनुशंसा पर उसे रिम्स में भर्ती किया गया था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक ने रिम्स अधीक्षक को पत्र लिखकर अगनु उरांव के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया था। इसके बाद कैदी के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी करायी गयी और प्रतिवेदन जेल अधीक्षक को सौंपा गया।

हाई कोर्ट से विधायक भूषण बारा को मिली अंतरिम राहत बरकरार

रांची। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने गुरुवार को सिमडेगा विधायक भूषण बारा को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। कोर्ट ने भूषण सहित चार के खिलाफ कोर्ट में दर्ज कंप्लेन केस ट्रायल रोक जारी रखी है। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। अगली सुनवाई चार सप्ताह के बाद होगी।

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत पर सुनवाई 27 को

रांची। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की जमानत याचिका पर रांची एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अमन की बेल पर अगली सुनवाई के लिए की 27 जून की तिथि निर्धारित की है। मामले में एटीएस की ओर से जवाब दाखिल किया जाना था, लेकिन जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस की टीम ने पिछले महीने मुंबई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद वह फिलहाल बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में है।

आदर्श आचार संहिता मामले में निशिकांत दुबे को मिली बेल

दुमका। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे गुरुवार को एमपी-एमएलए के विशेष अदालत अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र राम के न्यायालय में दो मामलों में पेश हुए। मधुपुर उप चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के दर्ज एक मामले में उन्हें जमानत मिल गयी। देवघर में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक मामले में सांसद निशिकांत दुबे, देवघर विधायक नारायण दास और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिवाकर गुप्ता की पेशी हुई। इस मामले में तीनों का बयान अदालत में दर्ज हुआ। अदालत से निकल कर मीडिया से बातचीत में निशिकांत दुबे ने सोरेन परिवार और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैं जब कुछ भी बोलता हूं तो लोगों को बहुत बुरा लगता है लेकिन सच्चाई यही है कि हेमंत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी एकता पर सांसद ने कहा कि पिछले दो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अपोजिशन ऑफ द लीडर का दर्जा नहीं मिला है।

झारखंड में वज्रपात का कहर, दो दिनों में 27 लोगों की हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड में मानसून की सक्रियता से एक तरफ जहां लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आकाशीय बिजली से मौत का कहर भी बढ़ गया है। राज्य में 20 और 21 जून को वज्रपात से कुल 27 लोगों की मौत हो गई है। इसमें मंगलवार को 16 लोगों की जबकि बुधवार को 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल भी हुए हैं। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले तीन

दिनों के दौरान तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। 23 जून को राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गयी है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, सिमडेगा और सरायकेला- खरसावां जिले में तेज बारिश की संभावना है।

अभिषेक आनंद के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर भारी से लेकर हल्के व मध्यम दर्जे तक की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश रांची के टाटीसिलवे में 44.3 मिमी, रांची के अन्य हिस्सों में भी बारिश हुई। इसके अलावा रामगढ़ में 11.8, गुमला बिशनपुर में 30, हजारीबाग बरही 20, सिमडेगा 21, साहिबगंज में 20 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि लोग बारिश के समय वज्रपात से बचें। लोगों को बारिश के समय खुले और गीले मैदानों, पेड़ों की ओट या खंभे के नीचे जाने से मना किया गया है। बारिश के दौरान वाहन, विशेष रूप से दोपहिया वाहन चलाने से मना किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी गई है।

21 जून 2023 राज्य के अलग-अलग जिलों से वज्रपात से कुल 11 लोगों की मौत हुई है। इसमें लातेहार के बालूमाथ निवासी राजो देवी की मौत हो गयी है। चतरा के सिमरिया प्रखंड के डाडी गांव में ठनका से अमन कुमार (10) की मौत हो गयी। इटखोरी में भी वज्रपात से शहरजाम गांव निवासी सीताराम रवानी के पुत्र सन्नी कुमार की मौत हो गयी। सिमडेगा के ठेठईटांगर में वज्रपात से सामुएल लकड़ा (53) की मौत हो गयी। गढ़वा के मेराल थाना क्षेत्र स्थित श्यामा गांव निवासी दानी साहू (52) की भी मौत वज्रपात से हो गयी।

20 जून 2023 राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हुई वज्रपात की घटना में 16 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मृतकों में सात बच्चे शामिल हैं। वज्रपात से रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, रामगढ़, चतरा, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, कोडरमा में मौत हुई है। सबसे बड़ी घटना हजारीबाग सिलवार पहाड़ पर हुई। यहां ठनका गिरने से दो की मौत हो गयी, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। रांची के मेसरा के सदिया गांव में ठनका गिरने से सिमरन (12) की मौत हो गयी।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 2550 युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

नई पीढ़ी को रोजगार देना सरकार की प्राथमिकता

पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराएगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को 2550 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र बांटा। इसके तहत पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत पदों पर नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार इतनी संख्या में एक साथ युवाओं को नियुक्ति राज्य सरकार कर रही है। इससे पहले भी कई युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। उन्होंने कि सरकार बनने से पहले जो वादे किए गए, उसे सरकार पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 1633 सचिव एवं राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग में 707, वित्त विभाग में 166 और खाद्य आपूर्ति विभाग में 44 निम्न वर्गीय लिपिकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्तों से कहा कि सरकार के अंग के रूप में आपके जुड़ने से व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विकास योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और सरकारी कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता बढ़ेगी।

पंचायतों को बेहतर बनाने का लें संकल्प : आलमगीर आलम

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में पंचायतों के सशक्तिकरण से गांव की सरकार मजबूत बनेगी। इसमें पंचायत सचिवों की अहम जिम्मेदारी होगी। पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों को सहयोग करने के लिए आपको नियुक्त किया जा रहा है। ऐसे में पंचायतों को बेहतर से बेहतर बनाने का संकल्प लें। इसके अलावा पंचायतों के आधुनिकीकरण की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि हमारी सरकार जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को पूरा कर रही है। सरकार की योजनाएं लोगों को मिले, इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर काम करना होगा। उन्होंने नवनियुक्त पंचायत सचिवों को कहा कि आपकी यह जिम्मेदारी सरकार और जनता के साथ परिवार के प्रति भी है। ऐसे में अपने कार्यों को बेहतर तरीके से करें।

मुख्यमंत्री ने समारोह के मंच से ऐलान किया कि सरकार हर वर्ष चयनित होने वाले पांच आदर्श पंचायतों के पंचायत सचिवों को पूरे परिवार के साथ विदेश दौरा कराएगी। उन्होंने पंचायत सचिवों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप अपने पंचायत के सिर्फ पंचायत सचिव ही नहीं, बल्कि उसके बीडीओ- सीओ डीसी - एसपी सब कुछ हैं। आप ऐसा कार्य करें कि आपकी पंचायत पूरे राज्य और देश के लिए मिसाल बन सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान हालात और अनेकों चुनौतियों के बाद भी नई पीढ़ी को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित। इसी कड़ी में बड़े पैमाने पर सरकारी और निजी क्षेत्र में भी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से व्यवसाय करने के इच्छुक युवाओं को सरकार अनुदान आधारित ऋण उपलब्ध करा रही है।

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। क्योंकि, इतने बड़े पैमाने पर युवाओं को नियुक्ति पत्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

छह लोगों की आत्महत्या के मामले में बहू गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची में आर्मी में डॉक्टर रहे सुकांतो सरकार और उनके घर के पांच सदस्यों के द्वारा एक साथ आत्महत्या करने के मामले में घर की बहू मधुमिता सरकार को रांची पुलिस ने सात साल बाद गिरफ्तार किया है। रांची पुलिस की जांच में मधुमिता सरकार को ही घर के छह सदस्यों के सामूहिक आत्महत्या की वजह माना गया है। आरोप सिद्ध होने के बाद मधुमिता सरकार को रांची पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है।

2016 के अक्टूबर में कांप गई थी रांची

गौरतलब है कि 9 अक्टूबर 2016 को राजधानी रांची में उस समय सनसनी फैल गई थी जब सदर थाना क्षेत्र स्थित रिवर्सा अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 1002 में एक साथ 6 लोगों ने मौत को गले लगा लिया था। अपार्टमेंट में रहने वाले डॉ सुकांत सरकार की पत्नी अंजली सरकार, बेटे सुमित सरकार ,सुमित की बेटी समिता सरकार ,पार्थिव सरकार की पत्नी मौमिता सरकार और मौमिता की बेटी समिता सरकार के शव एक ही कमरे से पाए गए थे ,जबकि डॉ सुकांत सरकार घायल अवस्था मे कमरे में पाए गए थे जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरी रांची थर्रा गई थी।

बहु की प्रताड़ना से तंग आकर किया था सुसाइड

सदर थाना क्षेत्र स्थित रिवर्सा अपार्टमेंट में सेना के रिटायर डॉक्टर सुकांत सरकार ने ही परिवार के पांच सदस्यों को इंजेक्शन देकर मार डाला था और फिर खुद भी आत्महत्या कर लिया था। पुलिस को फ्लाइट के जांच के दौरान कई पुर्जे भी मिले थे जिनमें सभी छह की मौत की वजह बहू मधुमिता सरकार को बताया गया था। मधुमिता सरकार ने अपने ही पति, सास ससुर सहित परिवार के दूसरे सदस्यों पर कई मामले दर्ज करवा रखे थे जिनमें दहेज और प्रताड़ना प्रमुख थे। पूरा परिवार मधुमिता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

साइबर क्राइम रोकने के लिए क्या किया जा सकता है : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को झारखंड के देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटना की रोकथाम को लेकर मनोज कुमार राय की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में प्रतिवादी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) की ओर से अधिवक्ता पांडे नीरज राय उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट के

चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरबीआइ से पूछा कि वे बतायें कि झारखंड में साइबर क्राइम कैसे रोका जा सकता है। कोर्ट ने आरबीआइ को मामले में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से भी शपथ पत्र दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। कोर्ट ने पूर्व में याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका (आइए) के आलोक में ईडी से भी पूछा था वह बताये कि देवघर, जामताड़ा, साहिबगंज में साइबर क्राइम की घटनाओं में कितने साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई।

इजहार अंसारी से शेल कंपनियों को ले हुई पूछताछ

पूर्व विधायक भी संदेह के दायरे में

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मनरेगा घोटाले में जेल में बंद आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से ईडी ने गुरुवार को तकरीबन नौ घंटे पूछताछ की। इजहार अंसारी दिन के 11.30 बजे ईडी के रांची जोनल आफिस पहुंचे थे। ईडी अधिकारियों ने इजहार अंसारी से उनकी कंपनियों व कंपनियों के नाम पर आवंटित कोयले की पूरी विवरणी मांगी। कोल का आवंटन किस एजेंसी

के जरिए हुआ, साथ ही हार्ड कोक कंपनियों में कितने कोयले का इस्तेमाल हुआ, इससे संबंधित सवाल ईडी ने पूछे। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी के पास पर्याप्त साक्ष्य है जिससे यह स्पष्ट है कि कंपनियों के नाम पर कोयले का आवंटन तो हुआ, लेकिन उन कंपनियों में कोयले का इस्तेमाल नहीं हुआ।

सुमन कुमार से लेन देन पर सवाल

ईडी सूत्रों के मुताबिक, इजहार अंसारी ने पूजा सिंघल के करीबी सुमन कुमार को भी कोल आवंटन के एवज में कमीशन दिया था। इजहार अंसारी के मोबाइल फोन में सुमन कुमार का नंबर सीएमओ के नाम से सेव था। पूछताछ में पूर्व में भी सुमन कुमार के साथ अपने रिश्तों को लेकर इजहार ने गोलमटोल जवाब दिया था। गुरुवार को हुई पूछताछ में भी सुमन कुमार के साथ कारोबारी ताल्लुक व कमीशन देने को लेकर ईडी ने सवाल पूछे। सुमन कुमार के मोबाइल पर भी इजहार अंसारी का नंबर सेव था। साथ ही दोनों के बीच कोल आवंटन से जुड़े चैट भी मिले हैं। पूजा सिंघल के करीबी सीए सुमन कुमार के यहां से 17.41 करोड़ कैश बरामदगी के बाद पैसों के स्रोत को लेकर ईडी ने जांच शुरू की , तब इजहार का भी नाम सामने आयी था। नाम सामने आने के बाद ईडी ने 3 मार्च को जब छापेमारी की, इजहार के हजारीबाग आवास से तीन करोड़ नकदी बरामद किए गए। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इजहार अंसारी के कारोबार में एक पूर्व विधायक भी पार्टनर हैं।

तमाम कयासों के बावजूद विपक्षी दलों का पटना में महाजुटान

क्या पूरा होगा विपक्षी एकता का अरमान?

कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली

मान न मान, मैं बड़का मेहमान, मेरे एजेंडे को पहले मान। यह रहा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का तान। केजरीवाल की इस हरकत को विपक्षी दल के वे नेता जिनकी कोशिशों के बाद 23 जून को पटना में बैठक होने जा रही है, वे इसे केजरीवाल द्वारा विपक्षी एकता की पहली बैठक को ही हाईजैक करने की चालबाजी मानते हुए संदेश भेजवा दिए थे कि यह बैठक लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकता बनाने के लिए है। किसी पार्टी विशेष की सरकार के विरूद्ध किसी केन्द्रीय अध्यादेश के विरुद्ध एकजुट होने के लिए नहीं। उसकी बैठक बुलानी हो तो आप संसद के मानसून सत्र के एक-दो दिन पहले दिल्ली में बुलाइये। उसमें सभी विपक्षी दलों के नेताओं को बुलाइये। पटना में विपक्षी बैठक जिस मुद्दे पर हो रही है, उसमें किसी के द्वारा

उसके अलावा कोई और एजेंडा थोपने की चालबाजी नहीं चलेगी। कहा जाता है कि इस संकेत व संदेश के बाद केजरीवाल कुढ़ते हुए पटना पहुंचे हैं। क्योंकि वह अकेले नहीं पड़ना चाहते।

इसी तरह से इस बैठक को लेकर बसपा की बहन मायावती का भी एक द्विअर्थी भाव वाला ट्वीट उलटबांसी हालत वाला हो गया है। विपक्षी एकता को लेकर मायावती ने जो ट्वीट किया उसमें कहा है - अब लोकसभा आम चुनाव के पूर्व विपक्षी पार्टियां, जिन मुद्दों को मिलकर उठा रही हैं, ऐसे में नीतीश कुमार द्वारा कल विपक्षी नेताओं की पटना बैठक दिल मिले न मिले, हाथ मिलाते रहिए की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करता है। मायावती के इस ट्वीट पर कई विपक्षी नेता व राजनीतिक विश्लेषक आपसी बातचीत में कहने लगे हैं - खुद माया ईडी, आयकर, सीबीआई के डर से पर्दे के पीछे भाजपा से हाथ मिलाते रहिए वाला भाव बनावे हुए उसे लाभ पहुँचा रही हैं। जबकि विपक्षी एकता मुद्दे की पहली बैठक के पहले नीतीश कुमार पर टांट वाला ट्वीट कर रही हैं। इधर, 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी बैठक के दो दिन पहले से कुछ बड़े राष्ट्रीय अंग्रेजी व हिन्दी समाचार पत्रों व टीवी चैनलों में खबरें चलती रहीं कि विपक्षी एकता बैठक के पहले ही नेताओं में तना तनी। ममता, केजरीवाल,अखिलेश , माया बैठक में नहीं आ रहे। इसकी भूमिका में तरह - तरह की खबरें चलीं। कई तरह के खड़मंडली उपक्रम पटना में व बाहर हुए। लेकिन 22 जून की शाम होते-होते, प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

विस ने हाईकोर्ट को बताया कमेटी ने नहीं दी रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को विधानसभा में नमाज पढ़ने के लिए कक्ष आवंटन करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि मामले को लेकर सात सदस्यों वाली कमेटी गठित की गई है, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। इस पर हाई कोर्ट ने विधानसभा को पांच सप्ताह में कमेटी की रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से बताया गया है कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से सात विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में रिपोर्ट देगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन- किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा के भवन में मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए नमाज पढ़ने के लिए वर्ष 2021 में कमरा आवंटित किया गया था। इसके बाद से यह मामला विवादों में है। याचिकाकर्ता ने याचिका दाखिल कर कहा है कि झारखंड सेकुलर राज्य है। इसलिए किसी समुदाय विशेष के लिए विधानसभा में कक्ष नहीं होना चाहिए।

आजसू ने मनाया 38वां संकल्प दिवस

झारखंड के आंदोलनकारियों का किया गया सम्मान

नवीन मेल संवाददाता। रातू
आजसू पार्टी के 38वीं स्थापना दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य के पूरे 81 विधानसभा में संकल्प दिवस के रूप में मनाई। इसी कड़ी में आजसू पार्टी ने कांके विधानसभा में भी संकल्प दिवस मनाया। गुरुवार को कांके प्रखंड के उरुगुट्टू में आजसू पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने आजसू की 38वीं स्थापना दिवस के अवसर पर संकल्प दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान झारखंड आंदोलनकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी हकीम अंसारी ने बताया कि अलग झारखंड राज्य की मांग व सबसे बड़ा आंदोलन आजसू पार्टी ने की थी। आज फिर से आंदोलन की जरूरत है। क्योंकि वर्तमान की गठबंधन सरकार राज्य की जनता को जिस वादों के साथ में सत्ता पर विराजमान हुई उन सारे वादों को भूल चुकी और राज्य की जनता को ठगने की काम की है। निश्चित तौर पर आने वाले 2024 चुनाव में राज्य की जनता गठबंधन सरकार को सबक सिखाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के झारखंड आंदोलनकारी कलीम अंसारी, किशोर महतो, नईम अंसारी, वीरेंद्र तिवारी, सफीउल्लाह अंसारी, हकीम अंसारी, एतवा उरांव, रूपलाल महतो, रामजीत गंजू, महमूद अंसारी, पार्वती देवी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन लाल सहदेव, सुरेंद्र महतो, नागेश्वर महतो, मजीबुल अंसारी, राजू नायक, शत्रुध्न महतो, सूरज मिश्रा, एतवा उरांव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

नीतीश कुमार नेता बनाते हैं और बाबूलाल केवल बातें करते हैं : जदयू

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार पर टिप्पणी को लेकर झारखंड जदयू ने गुरुवार को पलटवार किया है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा की नीतीश कुमार नेता बनाते हैं और बाबूलाल मरांडी केवल बातें। उन्होंने कहा कि कल तक मरांडी नीतीश कुमार को अपना पोलिटिकल गार्जियन मानते थे। उनके मार्गदर्शन में झारखंड से भाजपा को मिटाने का संकल्प लेते हुए विपक्षी एकता की वकालत करते थे। नीतीश कुमार ने भी मरांडी को पुनः झारखंड की राजनीति में स्थापित करने के लिए काफी सहयोग किया। मरांडी के आग्रह पर वह मई 2016 में झारखंड विकास मोर्चा के महाधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके गुजारिश पर नीतीश कुमार ने बिहार सरकार को झारखंड को उसकी जमीन का नक़्शा वापस करने का निर्देश दिया। इसके लिए झारखंड सरकार काफी लम्बे समय से प्रयासरत थी, लेकिन मरांडी सब भूल गए। उन्होंने संघर्ष छोड़ भाजपा में आत्मसमर्पण कर दिया और अब नीतीश कुमार पर टिका - टिप्पणी कर रहे।

पूर्व जिला परिषद ने सिंगपुर मैरिज हॉल का उद्घाटन किया

मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन मुरी टुगड़ी पार्क के सामने सिंगपुर मैरिज हॉल का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य सुशील महतो के द्वारा किया गया। मैरिज हॉल को काफी आकर्षक एवं सुसज्जित तरीके से सजाया गया था। उद्घाटन के पश्चात मैरिज हॉल के संचालक गोवर्धन महतो एवं रोहिना महतो ने बताया कि यह मैरिज हॉल ग्रामीण क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह मैरिज हॉल आज के वर्तमान समय को देखते हुए सभी सुख-सुविधाओं से लैस है। आसपास के क्षेत्र के लिए यह पहला मैरिज हॉल है एवं किसी भी प्रकार के प्रोग्राम करने से यहां किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। बिजली तथा पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर निरंजन महतो, वार्ड सदस्य उर्मिला देवी, चंद्र मोहन महतो, नेहा महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

डिब्बे से धुआं निकलता हुआ मालगाड़ी मुरी स्टेशन पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता। मुरी
मुरी जंक्शन स्थित लाइन नंबर दो पर कोयला लदे मालगाड़ी ट्रेन के एक बोगी से धुआँ निकलते देख रेलवे कर्मचारी द्वारा पानी देकर धुआँ को बंद कराया गया। स्टेशन मैनेजर पी के साहू ने बताया कि यह कोयला लदी मालगाड़ी बरकाकाना से चक्रधरपुर जा रही थी। इसी बीच हारुबेरा स्टेशन पर उक्त बोगी से धुआँ निकलते देखा गया। इसकी सूचना मुरी रेलवे अधिकारी को दिया गया।मालगाड़ी को मुरी स्टेशन लाकर लाइन न. दो पर खड़ी कर दी गयी और देखा गया की उक्त बोगी से काफी धुआँ निकल रहा है,जिसके बाद कैरेज विभाग के कर्मचारी जी.के.पाठक और मलाई कांति कुमार ने पाइप के द्वारा पानी डालकर धुआँ को बुझाने का काम किया। इस मौके पर चीफ यार्ड मास्टर एम एस खान, कैरेज विभाग के चीफ अनुभाग अभियंता दीपक कुमार समेत कई रेल कर्मी मुरी प्लेटफार्म में मौजूद थे।

'एसबीआई खाताधारियों को मजबूत बनाने के प्रति कृतसंकल्प'

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
एसबीआई देश का एक बहुत बड़ा बैंक माना जाता है। इस बैंक पर सभी भारतवासियों को गौरव है। गुरुवार को खाताधारियों को संबोधित करते हुए मुख्य महा प्रबंधक अपनी रखीं। खाता धारियों ने भारतीय स्टेट बैंक को मुकाम पर पहुंचाया। टॉप टेन में इसकी गणना होती है। खाता धारियों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के प्रति एसबीआई कृतसंकल्प है। देश में वित्तीय समावेशन की आवश्यकता है। उक्त बातें एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहीं। वे एसबीआई के तत्वावधान में गुरुवार को विवाह मंडप बेड़ो के सभागार में आयोजित किसान

संपर्क सह वित्तीय समावेशन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में नागपुरी कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शों के अनुसार एसबीआई बैंकिंग सुविधा के लिए कटिबद्ध है। समारोह में बैंक द्वारा कृषि ऋण, मुद्रा ऋण, स्टैंड अप इंडिया, अटल पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में ग्रामीणों व खाताधारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं समारोह में स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित द्वारा उपरोक्त योजना अंतर्गत विभिन्न लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र तथा सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। उन्होंने बैंक को शिखर तक पहुंचाने में खाताधारियों की काफी सराहना किया। साथ ही आम लोगों से मानव जीवन के सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा कवच को मजबूत बनाने के लिए बैंक में खाता खोलने की अपील किया। वहीं मौके पर उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल, शाखा प्रबंधक बेड़ो रोबिन बी कुजूर, सीओ सुमंत तिर्की, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत, धनंजय कुमार राय,अंचल निरीक्षक भीखम कुमार,सुनील कच्छप दीपक मेहरा अर्चित गुप्ता आदि मौजूद थे।

बिजली की तार की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के दरशिला मसियातु गांव में गुरूवार के लगभग 11 बजे बिजली तार के चपेट में आने से किसान प्रदीप भगत पिता स्व खुदी भगत के दो दुधारू गाय की मौत हो गई। बुधवार की शाम आये आंधी तुफान से देशवाली चौरा में बिजली तार टुट कर जमीन में बिखर गया था। गुरुवार को प्रदीप के भाई संदीप भगत 7-8 गाय को चराने के लिए खेत तरफ ले जा रहा था। तभी जमीन में बिखरे तार जिसमें की बिजली का करेंट प्रवाहित थी, जहां दो गाय तार की चपेट में आ गई। जिससे बिजली के चपेट में आने से दोनो गायों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर दो गायों की अचानक मौत से किसान प्रदीप को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। उन्होने प्रखंड़ प्रशासन से मुआवजा की मांग किया है। इधर घटना की खबर मिलने पर पंचायत की मुखिया गंगी कुमारी पीड़ित परिवार से मिली और प्रखंड के पदाधिकारी से दुरभाष से बात कर आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया।

प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

रांची। कृषि भवन के समेति सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला योजना के तहत गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राज्य में मौजूदा 17 कृषक पाठशाला के कार्यक्रम प्रबंधक और कृषि सलाहकारों ने भाग लिया। उनके बीच कृषक उत्पादक समूह के गठन एवं संचालन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में एफपीओ के विशेषज्ञ भिंसी अहीर ने किसानों के लिए एफपीओ के महत्व, एफपीओ से उनके जुड़ाव एवं सदस्यता, गठन प्रक्रिया, पंजीकरण, प्रमाणन, व्यापार योजना एवं संचालन पर विस्तृत जानकारी दी।

दुकानदार समिति के अध्यक्ष इरफान व कोषाअध्यक्ष बने फरीद



नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची के इंडस्ट्रियल एरिया डॉक्टर फतुल्लाह रोड दुकानदार समिति की एक बैठक आयशा बैंक्वेट हॉल में हुई। जिसकी अध्यक्षता झामुमो नेता फरीद खान ने किया और संचालन अधिवक्ता नसर इमाम ने किया। बैठक में बतौर मुखातिथी डीएसपी दीपक कुमार थे। विशिष्ट अतिथि लोअर बाजार थाना प्रभारी दया नंद, डेली मार्केट थाना प्रभारी थे। आए हुए सभी लोगो का स्वागत फरीद खान और उनकी टीम के द्वारा शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक सर्वसम्मति से डॉक्टर फतुल्लाह रोड दुकानदार समिति का चुनाव किया गया। जिसमे अध्यक्ष इरफान कुरैशी, उपाध्यक्ष शाहबाज अहमद उर्फ नवाब, मोहसिन खान और सज्जाद हैदर, सचिव यूसुफ अली, सफदर अली, बबलू और मो परवेज, उप सचिव अक्षत उर्फ सन्नी, मो साजिद, मो मुलायम और मो दानिश, कोषा अध्यक्ष शमीम युसूफी, और फरीद खान को चुना गया। लीगल एडवाइजर अधिवक्ता नसर इमाम बने। नसर इमाम और फरीद खान ने बताया कि दुकानदारों की सुरक्षा, उनकी परेशानी को हल करने के उद्देश्य से कमिटी का गठन किया गया है। हम सब दुकानदार एक परिवार के तरह हैं बस आपसी इत्तेहाद को बनाए रखना है। वहीं डीएसपी, थाना प्रभारी ने भरोसा दिलाया की डॉक्टर फतुल्लाह रोड दुकानदार समिति को जब भी पुलिस प्रशासन की कोई जरूरत पड़ी तो हम आपके साथ खड़े हैं। हम से जो सहयोग होगा हम देने को तैयार है। आज की इस बैठक में नसीम अहमद, फैजान अहमद, मोहम्मद आबिद, मो दानिश, सोनू, मुन्नालाल, बबलू, सीटू भाई, सोनू, साजिद, नन्हू, समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार पांच बाइक बरामद

रांची। कांके थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए चोरी के पांच बाइक बरामद किया है। गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों में ओरमांझी निवासी तरुण कुमार महतो, दिलीप कुमार साहू, अविनाश महतो और चंदन कुमार महतो शामिल है। इनके पास से चोरी के पांच बाइक बरामद किये गये हैं। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी के बाइक से ओरमांझी की ओर से रिंग रोड होते हुए मनातू की ओर जा रहा है। सूचना के बाद कांके थाना प्रभारी अभास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मनातू चौक के पास चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग पहुंचे, टीम के रुकने का इशारा करने पर दोनों भागने लगे। पुलिस ने टीम ने खदेड़कर दोनों को पकड़ा। कागजात मांगने पर दोनों ने बताया कि बाइक चोरी का है।

आंधी-पानी ने गरीबों का उजाड़ा आशियाना

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो
बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र के पहाड़कंडरिया गांव में विगत बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे दिन में वर्षा के साथ आई तेज आंधी ने ऐसा कहर बरपाया कि एतवा उरांव पिता स्व. बंधु उरांव के पूरे घर का एस्बेस्टस उड़ गया। वहीं घर के समीप लगा बिजली का पोल भी आंगन में गिर गया है। जिससे पीड़ित परिवार के पास रहने के लिए कोई भी घर नहीं बचा है। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया और घर में रखे कपड़े व घरेलू समान बर्बाद हो गए। घर का एस्बेस्टस उड़ जाने से बरसात में परिवार को रहने की भारी दिक्कत हो गया हैं। एतवा ने बताया अचानक से आयी आंधी पलभर में सब कुछ बर्बाद कर के चला गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेन व पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर पहुंचे। उन्होंने कहा आंधी ने इन्हें बेघर कर दिया है। इन्हें रहने के लिए बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से अविलंब मुआवजे देने की मांग की है।

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक, कार्यालय जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची दिनांक 20.12.2020 से 29.12.2020 तक के लिए आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर अद्यावधि तक अनाधिकृत रूप से कार्यालय से अनुपस्थित हैं। श्री मिंज को कार्यालय के कई पत्रों द्वारा योगदान देने हेतु निदेश दिया गया, परंतु उनके द्वारा आज तक अपने कर्तव्य पर योगदान नहीं दिया गया है, जो सरकारी सेवक आचार नियमावली के विरूद्ध है। इस संबंध में दिनांक 05.10.2021 एवं 28.01.2023 को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित की गयी थी। परंतु अद्यावधि तक श्री मिंज द्वारा अपने कर्तव्य पर योगदान नहीं दिया गया और न ही किसी प्रकार का स्पष्टीकरण/पक्ष कार्यालय में जमा किया गया।

पुनः इस विज्ञप्ति के माध्यम से श्री अतुल सुशांत मिंज, लिपिक को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 25.06.2023 तक अपना योगदान देने एवं पक्ष रखने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि तक योगदान नहीं करने एवं पक्ष प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि इस बारे में आपको कुछ नहीं कहना है। इस परिस्थिति में विभाग अपना एकपक्षीय निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा।

ह0/-
जिला शिक्षा अधीक्षक,
राँची

PR300599 (Human Resource Developement)23-24*D

राहत **कांके में दो स्वास्थ्य उपकेंद्रों का होगा निर्माण, सांसद ने किया शिलान्यास**

गरीब ग्रामीणों को मिलेगा इसका लाभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
रांची। कांके प्रखंड के पीरुटोला और पिठौरिया में झारखंड सरकार के पीएम योजना अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण किया जाएगा। दोनों स्वास्थ्य उप केंद्र का 55-55 लाख रुपये की लागत से निर्माण किया जाना है। गुरुवार को रांची सांसद संजय सेठ, कांके विधायक समरी लाल, जिला परिषद सदस्य हिना परवीन, पंचायत समिति सदस्य ऐनुल हक अंसारी,श्रवण गोप, मुखिया मुन्नी देवी, लाखो उरांव के द्वारा सम्मिलित तोर पर विधिवत पूजा-पाठ कर शिलान्यास किया गया। मौके पर मौजूद सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना आज पूरे भारत में गरीबों को लाभ मिल रहा है स्वास्थ्य केंद्र खुलने से ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका पूरा फायदा गरीब ग्रामीणों को मिलेगा। वहीं विधायक समरी लाल ने कहा कि जितने भी उप स्वास्थ्य केंद्र या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार है, उस पर सुचारू रूप से इलाज शुरू करवाया जाएगा। साथ ही जहां भी शिकायत मिल रही है वैसे केंद्रों को दुरुस्त किया जाएगा। जिला परिषद सदस्य हिना परवीन ने कहीं के स्वास्थ्य उप केंद्र खोलने से गांव में ही ग्रामीणों को इलाज की सुविधा मिलेगी। साथ ही हम लोगों का भी प्रयास होगा कि यहां पर डॉक्टर 24 घंटा मौजूद रहें। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, राजेश गोप, उप मुखिया मो गुफरान, रामलगन महली, भाजपा नेता कमलेश राम, गोपाल महतो, फिरदौस आलम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

एडीजी मल्लिक ने सरोजनी लकड़ा को किया सम्मानित

रांची। झारखंड पुलिस वायरलेस मुख्यालय के सभागार भवन में आरके मल्लिक एडीजी (वायरलेस) ने झारखंड के वायरलेस विभाग में पदस्थापित खेल विभाग की निदेशक के अतिरिक्त प्रभार पर पदस्थापित सरोजनी लकड़ा के आईपीएस में प्रोन्नति होने पर सम्मानित किया. इस अवसर पर वाईएस रमेश, डॉ. शकील आबिद शम्स तथा वायरलेस परिवार के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे. गौरतलब है कि 19 जून को दिल्ली स्थित संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के कार्यालय में बोर्ड की हुई बैठक में सरोजनी लकड़ा सहित राज्य के 24 डीएसपी रैंक के पदाधिकारियों को एसपी रैंक में प्रोन्नति देने का निर्णय लिया गया है.

कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग

-:आम सूचना:-

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 कृष्ण बल्लभ सहाय
↓
स्व0 रामेश्वर प्रसाद (पत्नी स्व0 मीना प्रसाद)
↓

डा0 वनीता सहाय	मंजुषा सहाय	संगीता सहाय	सरिता सहाय	स्व0 प्रशान्त सहाय
पुत्री (विवाहित)	पुत्री (विवाहित)	पुत्री (विवाहित)	पुत्री (विवाहित)	पुत्र (अविवाहित)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 300586District(23-24)#D

विपक्षी दलों की बैठक में शिरकत करेंगे सीएम हेमंत सोरेन

रांची से पटना के लिए आज होंगे रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बीजेपी को अगले लोकसभा चुनाव में शिकस्त देने के लिए पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक हो रही है। इस महाजुटान में जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के शामिल होने की संभावना है, वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शिरकत करेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार सुबह रांची से पटना के लिए रवाना होंगे और देर शाम रांची लौट आएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर गैर भाजपा नेताओं के इस महाजुटान में बतौर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन शिरकत करेंगे और लोकसभा चुनाव में झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने के लिए बनाये गए फॉर्मूला से अवगत कराएंगे। जानकारी के मुताबिक हेमंत सोरेन के द्वारा बैठक में जिन सीट पर जिन दलों की मजबूत स्थिति है उसे वहां से चुनाव लड़ने में सभी दलों को सहयोग करने की वकालत की जाएगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पटना में बुलाई गई 23 जून की इस बैठक को अहम माना जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से भाजपा विरोधी 18 विपक्षी दलों के नेताओं का जमावड़ा होगा। जिसमें केंद्र की नीतियों और भाजपा के विरोध में होने वाली विपक्षी एकता को लेकर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी के अलावा बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, सांसद संजय सिंह, सांसद राघव चड्ढा, नेशनल कांफ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, पीडीपी की महबूबा मुफ्ती सहित वामदल के कई नेता शामिल होने वाले हैं।जानकारी के मुताबिक कांग्रेस से राहुल गांधी, मलिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल, राकांपा सुप्रीमो शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, सीएम एमके स्टालिन 23 जून को सुबह पटना पहुंचने वाले हैं। इधर पटना में होने वाले विपक्षी दलों की बैठक को सकारात्मक बताते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार को अगले लोकसभा चुनाव में सबक सिखाने के लिए सभी विपक्षी दल एकजुट हो रहे हैं। उम्मीद है कि नीतीश कुमार की इस पहल का नतीजा अच्छा निकलेगा। इधर, भारतीय जनता पार्टी ने पटना की बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस तरह से विपक्षी दलों के बीच आपसी खटास है, उससे एकजुटता की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी।

हटिया से पटना के बीच चलेगी वंदे भारत ट्रेन, काउंट डाउन शुरू

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिहार की राजधानी पटना और झारखंड की राजधानी रांची के बीच सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल पूरा होने के बाद सबके मन में एक ही सवाल है कि आम लोगों के सफर के लिए इस ट्रेन का दरवाजा कब खुलेगा। क्योंकि वंदे भारत ट्रेन का दोनों ट्रायल सफल रहा है। पहला ट्रायल 12 जून को पटना से रांची के बीच जबकि दूसरा ट्रायल पटना से हटिया के बीच (अप एंड डाउन) 18 जून को हुआ था। इससे साफ हो गया है कि यह ट्रेन हटिया से पटना के बीच चलेगी। झारखंड के हर स्टेशन से ग्राउंड रिपोर्टट्रेन का शिड्यूल क्या होगा। भाड़ा कितना होगा। कहां से कहां के बीच यह ट्रेन चलेगी। एक और सवाल है कि उद्घाटन कब होगा। इन सवालों का ऑफिशियल जवाब रेलवे का कोई भी अधिकारी देने को तैयार नहीं है।

हाई कोर्ट में कॉमर्शियल भवनों में दुकान चलाने के मामले में तीन अगस्त को होगी सुनवाई

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को रांची के अपर बाजार स्थित कॉमर्शियल भवनों के बेसमेंट में दुकान चलाने एवं अपर बाजार में संकरी गली के जाम की स्थिति को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में रांची नगर निगम के शपथ पत्र पर याचिकाकर्ता को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई तीन अगस्त को होगी। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। निगम ने दाखिल शपथ पत्र में बताया है कि करीब छह लोगों को अवैध रूप से बनाए गए स्ट्रक्चर को तोड़ने का आदेश पारित किया गया है। इनमें से कुछ लोगों ने निगम के इस आदेश के खिलाफ आरआरडीए के ट्रिब्यूनल में अपील दायर की है। नक्शा के अनुरूप नहीं बने भवनों को रेगुलराइज करने के लिए राज्य सरकार एक पॉलिसी ला रही है। इसका ड्राफ्ट प्रपोजल बनाया जा रहा है, यह अभी नहीं बन सका है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में पूछा था कि कोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में क्या कार्रवाई की गई है। उसकी अद्यतन स्थिति कोर्ट ने सचिव, नगर विकास विभाग, रांची एसएसपी एवं ट्रैफिक एसपी से मांगी थी। अपर बाजार में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए क्या-क्या उपाय किए गए। डीजी फायर को भी कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि अपर बाजार के क्षेत्र में कितने भवनों में आग से बचाव के लिए क्या उपाय किए गए हैं। मामले को लेकर सेंटर फॉर आरटीआई की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है।

जियाडा की बैठक में 160 नये प्रोजेक्ट्स को मिली स्वीकृति

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी द्वारा प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की गुरुवार को जियाडा भवन में आयोजित बैठक में कुल 170 नये प्रोजेक्ट्स के आवेदन प्रस्तुत किये गये। जिनमें 10 प्रोजेक्ट को छोड़कर शेष सभी 160 प्रोजेक्ट्स को अप्रूवल दिया गया। स्वीकृत प्रोजेक्ट्स में कुछ प्रोजेक्ट्स को आगामी एक सप्ताह के अंदर बैंक इंश्योरेंस पेपर जमा करने की शर्तों के साथ स्वीकृति दी गई। कुछ प्रोजेक्ट्स जिसपर एक से अधिक आवेदक थे, को जल्द ही ऑनलाइन बीडिंग के माध्यम से प्लॉट आवंटित करने की सहमति बनी। बैठक के दौरान क्लियर किये गये सभी प्रोजेक्टस को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों यथा तुपुदाना, लोहरदगा, सोसई, बरही, हजारीबाग, बरहे-चान्हो, बुढ़मू, टाटीसिलवे, डाल्टनगंज, कोकर समेत अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जायेगी। बैठक में मुख्य रूप से शामिल चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि झारखंड चैंबर का सदैव यह प्रयास रहा है कि पीसीसी की बैठकों में प्रस्तुत होनेवाले आवेदनों की स्वीकृति दिलाई जाये, ताकि राज्य में निवेश को बढावा मिले और अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बैठक में स्वीकृत कई प्रोजेक्ट्स काफी महत्वपूर्ण हैं।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर महाप्रबंधक ने की बैठक

शहर में 23 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता रांची उप महाप्रबंधक (राजस्व) 6 प्रमंडलों के विद्युत कार्यपालक अभियंता सभी सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय विद्युत अभियंता उपस्थित थे बैठक में निम्नांकित दिशा निर्देश दिए गए।

(क) सभी 11 केवी शहरी फीडर में 23 घंटे से अधिक की बिजली

आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें। (ख) सभी 11 केवी ग्रामीण फीडर में 21 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। (ग) सभी सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय अभियंता शाम 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक अपने अपने क्षेत्र के विद्युत शक्ति उप केंद्र में मौजूद रहेंगे। (घ) प्रत्येक विद्युत शक्ति उप केंद्र में उपभोक्ता की शिकायत हेतु रजिस्टर रखेंगे अगर किसी उपभोक्ता के द्वारा शिकायत दर्ज कराया जाता है तो इनका शिकायत दर्ज करते हुए संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारी को सूचित करेंगे।

(च) सभी पदाधिकारी आम जनों का फोन कॉल उठाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही बिजली के संदर्भ में सही सही जानकारी लोगों को देंगे। (छ) प्रत्येक विद्युत शक्ति केंद्र में रात्रि पाली में मेंटेनेंस गैंग रखेंगे ताकि अष्टमी स्थिति में बिजली आपूर्ति बहाल किया जा सके। (ज) विभागीय शिकायत व्हाट्सएप नंबर 94311 35682 पर प्राप्त शिकायतों का निपटारा भी त्वरित गति से करेंगे। (झ) किसी भी फीडर का शटडाउन सहायक विद्युत अभियंता /विद्युत कार्यपालक अभियंता के अनुमति के पश्चात ही लिया जाए। (ट) फील्ड में किस ट्रांसफार्मर का फ्यूज बार-बार उड़ता है उसे चिन्हित करते हुए उसकी क्षमता बढ़ाई जाए ताकि लोगों को बिजली की समस्या ना हो। (ठ) आवश्यकता अनुसार ही फीडर में सकने वाले पेड़ की टहनियों की छटाई का कार्य भी सुनिश्चित कराएंगे ताकि बारिश के समय भी निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे।

सातवीं जेपीएससी को लेकर एक अभ्यर्थी ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में गुरुवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अभ्यर्थी निहारिका रानी ने रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि सातवीं जेपीएससी परीक्षा की मेरिट लिस्ट मई 2022 में जारी की गई थी। बाद में अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट जारी किया गया, जिसमें याचिकाकर्ता ने अपनी निर्धारित श्रेणी में कट ऑफ मार्क्स से ज्यादा अंक प्राप्त किया है लेकिन जेपीएससी ने इनका चयन इसलिए नहीं किया, क्योंकि उनकी ओर से दिया गया जाति प्रमाण पत्र राज्य सरकार की बजाय केंद्र सरकार ने जारी किया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान आयोग की ओर से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। उन्हें साक्षात्कार में शामिल किया गया लेकिन चयन नहीं हुआ, जो कि न्याय संगत नहीं है। निहारिका रानी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत शिकरवार और जगत नारायण पक्ष रखेंगे।

रतन हाईट्स मामले में सुनवाई पूरी हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद गुरुवार को हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 13 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने वीकेएस के निर्माण कार्य पर लगी रोक को फिलहाल बरकरार रखा है। याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वीकेएस रियल स्टेट ने निर्माण कार्य से सैकड़ों लोगों की जिंदगी खतरे में आ गयी थी।मोरहाबादी-बोड़या रोड के रतन हाइट्स अपार्टमेंट की जमीन से सटा कर बिल्डर वीकेएस रियलटी ने 35 फीट का गड्ढा खोद दिया था। इस वजह से रतन हाइट्स के एंट्रेंस की दीवार ढह गयी और वहां खड़ी एक कार 35 फीट गड्ढे में जा गिरी थी।

पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केन्द्र का किया गया शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता। रांची

पवित्रम सेवा परिवार के तत्वावधान में विश्व योग दिवस के अवसर पर पुष्य नक्षत्र के पावन संयोग पर पवित्रम सेवा परिवार द्वारा धनबाद में पवित्रम आरोग्य चिकित्सा केन्द्र का शुभारंभ हुआ। जिसमें प्राकृतिक चिकित्सा, पंचगव्य चिकित्सा, एक्यूप्रेशर, मैग्नेटिक थैरेपी, रंग चिकित्सा, सूर्य किरण चिकित्सा, रसाहार तथा भोजन चिकित्सा, योग मुद्रा एवं अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के संयोग से संपूर्ण रूप से चिकित्सा की जाएगी। इसके माध्यम से पुरानी से पुरानी बीमारियों का इलाज प्राकृतिक तरीके से बिना किसी दवा के किया भी जाएगा और

सिखाया भी जाएगा ताकि हमारे राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति आरोग्यवान हो। पवित्रम सेवा परिवार पिछले कई वर्षो से संस्थापक अजय भरतिया के नेतृत्व में घायल गोवंश की चिकित्सा, बीमार व बूढ़ी गायों की सेवा,जैविक खेती एवं पंचगव्य उत्पाद बनाने का गांव गांव में निःशुल्क प्रशिक्षण, पर्यावरण, आयुर्वेद, पंचगव्य व प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार का कार्य कर रहा है। पवित्रम आरोग्य अभियान के अंतर्गत सुदूर गाँवो में वनवासी बहन भाईयो के लिए निःशुल्क चिकित्सा केम्प भी समय समय लगाए जाते है।

खुद की लेखन की आजादी से पहले दूसरों की आजादी का करें सम्मान

रांची। डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में आठ दिवसीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला के अंतिम दिन गुरुवार को परिचर्चा का आयोजन हुआ। इसमें कहानीकार अखिलेश ने कहा कि जब आप अपनी लेखन आजादी हासिल करना चाहते हैं, तो जरूरी है कि दूसरों की आजादी का सम्मान करें। जब आप दूसरों को सम्मान देंगे, तब आपमें लोकतांत्रिकता की छाप देखने को मिलेगी। सफलता की सिद्धि तभी होगी, जब आपकी रचनाओं में विभिन्नता और मौलिकता होगी।

ओरमांझी अंजुमन के अध्यक्ष चुने गए अनवार अंसारी

नवीन मेल संवाददाता।

रांची गुरुवार को ईरबा में ओरमांझी अंजुमन की एक अहम बैठक हुई। जिसमें तेरह (32) गांव के अंजुमन के लोग शामिल हुए। बैठक में गहन विचार-विमर्श के बाद एक आम सहमति बनाकर श्री अनवार अहमद अंसारी, उपाध्यक्ष, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी, रांची को ओरमांझी अंजुमन का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही मुंतजिर अहमद रजा, उप प्रमुख को सचिव के पद पर चुना गया। इसमें बत्तीस (32) गांव के अंजुमन के सभी जिम्मेदार सदस्य व व्यक्ति शामिल थे। ओरमांझी अंजुमन का मुख्य कार्य पूरे प्रखण्ड में शांति बहाल करना, खास कर युवाओं एवं युवतिओं को सही रास्ते पर चलने पर जोर देना और नशाखोरी को खत्म करना है। अंजुमन के नये अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी ने ओरमांझी अंजुमन के कार्यकारिणी सदस्य रफीक अंसारी को निर्देश दिया कि दस (10) दिन के अन्दर सभी गाँव के युवाओं का लिस्ट तैयार करे, ताकि अगली बैठक युवाओं के साथ हो सके एवं अंजुमन के सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के समक्ष युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में समझाया जा सके एवं सही दिशा निर्देश दिया जा सके। बैठक में अनवार अहमद अंसारी, खालीक खान, आफताब आलम, रफीक अंसारी आदि व्यक्ति उपस्थित थे।

गर्मी की छुट्टी के बाद राज्य के सभी स्कूल खुले, छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे

रांची। राज्य के सभी स्कूल (सरकारी और गैर सरकारी) लंबी गर्मी छुट्टी के बाद गुरुवार से खुल गए। राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए झारखंड स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने तीसरी बार नोटिस जारी करते हुए 21 जून तक 8वीं कक्षा तक की सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। इससे पहले 12 से 14 जून को पहली बार और दूसरी बार 15 से 17 जून तक स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया था। गर्मी छुट्टी के बाद स्कूली सभी छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित दिखे। सबसे पहले 12 जून को स्कूल खुलने वाली थी, जिसके एक दिन 11 जून को आदेश जारी करते हुए शिक्षा विभाग ने 12 से 14 जून तक राज्य के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया था। लेकिन दिनों दिन बढ़ती भीषण गर्मी और हीटवेब की स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 14 जून को फिर से आदेश जारी किया जिसमें 15 से 17 जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया था। इसके बाद 18 जून को रविवार के बाद राज्य के सभी स्कूल 19 जून से खुलने वाले थे। राज्यभर में लू और अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण शिक्षा विभाग ने फिर से तीसरी बार स्कूलों की गर्मी छुट्टी को बढ़ाने का फैसला लिया था। इस बीच 20 जून को रथयात्रा के कारण स्कूलों में पहले से ही सार्वजनिक अवकाश था। इस तरह से दो दिन यानी सिर्फ 19 और 21 जून को ही स्कूल बंद रहने से पढ़ाई प्रभावित हुई। विभाग ने अपने तीसरी बार के फैसले में 21 जून तक सभी सरकारी और निजी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया था, जिसे स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने रविवार 18 जून को आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी थी।

कार्यक्रम डालसा ने जगन्नाथपुर रथ मेला में लगाया विधिक जागरुकता शिविर

'समाज में फैले बुराईयों को दूर करना जरूरी'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से गुरुवार को जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक लीगल एड डिफेन्स कौंसिल रांची सौरभ कुमार पाण्डेय, बीरेंद्र प्रताप, पीएलवी बबिता देवी, मालती देवी, संगीता देवी, फुलेश्वरी देवी, और राजा उपस्थित थे। सौरभ कुमार पाण्डेय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के 10 स्कीमों के बारें में लोगों को जानकारी दी। साथ ही बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या सहित अन्य विषय के संबंध में भी न्याय प्राप्त करने के लिए लोगों को उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से समाज में बुराईयां तेजी से बढ़ रही हैं उसे हम सभी को रोना बहुत ही जरूरी है। आये

दिन बहु- बेटियां को दहेज प्रथा को लेकर उनकी जानें ले ली जाती हैं और डायन बिसाही के मामले में भी काफी महिलाओं की की जान जाती है। गलत आरोप लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों इन लोगों को परेशान किया जाता है। बिरेंद्र प्रताप ने आगामी नौ सितम्बर को आयोजित होनेवाली लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद और वैवाहिक से संबंधित मामलों का निपटारा लोक अदालत में किया जायेगा। डालसा के पीएलवी मालती देवी और फुलेश्वरी देवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को जागरुक किया। उन्होंने बताया कि डालसा की ओर से मुकदमा लड़ने और अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। मोटर दुर्घटना में मुआवाजा कैसे प्राप्त किया जा सकता है? इस संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस जागरूकता अभियान में प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी विस्तृत जानकारी पीएलवी ने प्रदान किया। अंत में डालसा के पीएलवी ने मेला परिसर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों और मेला घुमने आये लोगों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया।

डालसा के पीएलवी मालती देवी और फुलेश्वरी देवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को जागरुक किया।

वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा में बसंती कुमारी का चयन

रांची। आगामी 28 जुलाई से 08 अगस्त तक चीन के चेंगदू शहर में होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा में भाग लेने के लिए चाईबासा की बसंती कुमारी का चयन किया गया है। ज्ञातव्य हो 29 से 31 मई तक लखनऊ में आयोजित 3री खेलो इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बसंती कुमारी ने 10000 मीटर में स्वर्ण एवं 5000 मीटर में रजत पदक जीता था। इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ. सरोजनी लकड़ा, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, सचिव सी. डी सिंह, एस के पाण्डे,चाईबासा के सचिव अजय नायक समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

रांची तीर्थ यात्रा स्पेशल 'भारत गौरव ट्रेन' 11 अगस्त को चलेगी

रांची। भारतीय रेलवे के आईआरसीटीसी की ओर से 'देखो अपना देश' के तहत 'भारत गौरव ट्रेन' 11 अगस्त को चलेगी। यह यात्रा 10 रात और 11 दिनों की होगी। यह ट्रेन हरिद्वार, ऋषिकेष, माता वैष्णो देवी, अमृतसर, आगरा, मथुरा, वृंदावन और अयोध्या का भ्रमण कराते हुए 21 अगस्त को लौट आएगी। ये ट्रेन 11 अगस्त को कोलकाता से चलकर मेचेदा, खड़गपुर, मिदनापुर, बांकुरा, पुरुलिया होते हुए रांची पहुंचेगी। रांची से यह ट्रेन झारखंड के बोकारो, धनबाद, हजारीबाग रोड, कोडरमा होते हुए गया की ओर चली जाएगी। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 प्रतिशत छूट दे रहा है। रेलवे की ओर से इस धार्मिक यात्रा के लिए तीन श्रेणी रखी गयी है। इसमें इकोनॉमिक, स्टैंडर्ड और कम्फर्ट श्रेणी में यात्री अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा कर सकेंगे। इकोनॉमी के स्लीपर में यात्रा का शुल्क प्रति व्यक्ति 17,700रुपये रखा गया है, जबकि स्टैंडर्ड थर्ड एसी में प्रति व्यक्ति 27,400 प्रति व्यक्ति और कम्फर्ट थर्ड एसी में यात्रा शुल्क 30,300 रुपये होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने झंडा मैदान में विशाल जनसभा को किया संबोधित

पीएम मोदी बोलते हैं तो दुनिया सुनती है : नड्डा

नवीन मेल संवाददाता

गिरिडीह। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 22 जून को गिरिडीह के झंडा मैदान में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करते हुए विशाल जनसभा को संबोधित किया. सभा में जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि जब पीएम नरेंद्र मोदी बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती है. पर कांग्रेस को यह बात नहीं सुहाता है. कांग्रेस के नेता देश-विदेश के मंचों से मोदी के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करते हैं. पीएम मोदी को सांप बिच्छू जैसे शब्दों से अलंकृत करते हैं. कांग्रेस की आलोचना जितनी कटु होती है मोदी की लोकप्रियता में उतना ही इजाफा होता है. पीएम मोदी के 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत करने गिरिडीह पहुंचे नड्डा ने राज्य की हेमंत सरकार पर भी जमकर निशाना साधा, कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है. चरमराई कानून व्यवस्था और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड का बंटाधार कर दिया है. जेएमएम और कांग्रेस के शासन में बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी युवतियों का शोषण कर रहे हैं. भाजपा नेता ने कहा कि महिलाओं के साथ दुराचार हो रहा है पर राज्य सरकार आंखें बूंदी हुई है. भाजपा नेता ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के बीते 9 साल की उपलब्धियां गिनाई, कहा कि विश्व में आर्थिक मंदी है पर भारत सबसे मजबूती से खड़ा है. आर्थिक मामले में भारत जहां 2014 में विश्व में दसवें पायदान पर था, आज का भारत इंग्लैंड को पछाड़ कर दुनिया की पांचवी आर्थिक शक्ति बना हुआ है. पहले देश में 92 परसेंट मोबाइल बाहर से आती थी पर अभी 97% मोबाइल का निर्माण भारत से हो रहा है. इन वर्षों में सड़क, रेलवे सहित इंफ्रास्ट्रक्चर पर 18 लाख करोड़ खर्च किए गए हैं. विकास कार्य के कारण देश में गरीबी की दर 22% से घटकर 10% से भी कम रह गई है. चार करोड़ पीएम आवास, 9 करोड़ जल जीवन मिशन में वाटर कनेक्शन, पीएम किसान निधि से 10.78 करोड़ किसानों को लाभ दिया गया. कहा कि मोदी सरकार जाति नहीं गरीबी के आधार पर काम करती है. भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत राज में लूट की खुली छूट मिली हुई है. राज्य की स्थिति भयावह है. भय के कारण व्यापारी पलायन कर रहे हैं. पुलिस के डीजी और एसपी से बोलने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है, आम लोग कहां शिकायत करें. राज्य सरकार के नेतृत्व में बालू, कोयला और जमीन की लूट जारी है. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की नई गाथा लिखी जा रही है. प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत विश्व का सिरमौर देश बन गया है, वहीं राज्य में अराजकता का माहौल है. कुशासन के खिलाफ राज्य में भाजपा का संघर्ष लगातार जारी है. विशाल जनसभा में कई दिग्गजों को संबोधन का मौका नहीं मिला. हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद अपनी बारी का इंतजार ही करते रह गए लेकिन संबोधन का मौका नहीं मिला. मंच संचालन कर रहे विधायक बिरंची नारायण ने संबोधन के लिए उन्हें नहीं बुलाया. केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के साथ भी यही हुआ. बाबूलाल ने अपने संबोधन के बाद सीधे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को आमंत्रित कर दिया. हालांकि लगभग 2 घंटे चले इस कार्यक्रम में कई मझोले कद के नेताओं को बोलने का मौका दिया गया.

12वीं सीबीएसई स्टेट सेकेंड टॉपर बरकट्ठा की बेटी शुभांगिनी को विधायक ने दी बधाई

बरकट्ठा। बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत झुरझुरी पंचायत के ग्राम गुंजरा निवासी रविकांत प्रसाद (बीएसएनएल इंजीनियर) एवं डॉ. शंकुतला(प्रोफेसर) की बेटी एवं सेवानिवृत्त हाई स्कूल प्रधानाध्यापक शिक्षक नारायण प्रसाद की पोती शुभांगिनी उर्फ मानसी ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं साइंस ग्रुप में 98.2% अंक प्राप्त की। वहीं झारखंड स्टेट सेंकेंड टॉपर शुभांगिनी को विधायक अमित कुमार यादव ने घर जा कर आशीर्वाद दी तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बरकट्ठा की बेटी शुभांगिनी ने हजारीबाग जिला के साथ साथ मेरे क्षेत्र का नाम झारखण्ड में रौशन की है जो गर्व की बात है। साथ ही युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। हम सभी इनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हैं। शिवांगिनी ने विगत वर्ष 2022 में बायोलॉजी के नेशनल ओलंपियांड में स्टेट टॉपर रही एवं वर्ष 2021 में 10वीं बोर्ड में 98% अंक प्राप्त कर संत जेवियर हजारीबाग स्कूल टॉपर बनी थी।

आग से दो घर जले, भारी नुकसान

जमशेदपुर। बहरागोड़ा प्रखंड की गोपालपुर पंचायत स्थित खेकसियाली गांव में गुरुवार की दोपहर आग लगने से सहदेव खंडपात्र और संजय नायक के घर और घर में रखे तमाम सामान जलकर राख हो गए. आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है. जब आग लगी तब घर में कोई नहीं था. ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया.परंतु नाकाम रहे. सूचना मिलने के बाद बहरागोड़ा से दमकल पहुंचा. परंतु तब तक दोनों घर जल चुके थे. जानकारी के मुताबिक सहदेव खंड पात्र के घर में रखे 20 हजार रुपए और गहने समेत तमाम सामान जलकर स्वाहा हो गए. वहीं संजय नायक के घर के भी तमाम जल गए हैं. सूचना पाकर आजसू के विधानसभा प्रभारी फनी भूषण महतो और प्रखंड अध्यक्ष अशोक बारीक वहां पहुंचे. फनी भूषण महतो ने अग्नि प्रभावित दोनों परिवार की आर्थिक मदद की.

आजसू पार्टी का 37वां स्थापना दिवस मना

जमशेदपुर। मुसाबनी के आजसू पार्टी कार्यालय मे गुरुवार को पार्टी का 37वां स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप मे मनाया गया. सबसे पहले पार्टी का झंडोत्तोलन कर शहीद आंदोलनकारियों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. इस मौके पर जिला प्रधान सचिव सह पूर्व जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर मुर्मू ने कहा कि शोषण विहीन झारखंड अलग राज्य का निर्माण के लिए स्वतंत्र छात्र संगठन ने आंदोलन किया था. इस आंदोलन के तहत कई लोगों ने अपने प्राणों तक का बलिदान दिया. जिसका परिणाम है कि 15 नवंबर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड को पृथक राज्य के रूप में मान्यता दी. आयोजित इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने शोषण मुक्त समाज निर्माण के लिए संकल्प लेते हुए लड़ाई को जारी रखने का बल दिया. मौके पर सुराई बेसरा, रवि सिंह, दीपक सिंह, किनू महाकुड़, भजन यादव, चंदन शर्मा, सुरेश यादव, सुरेश सिंह, अमन आलम, रुस्तम लामा, राकेश शाह, पिरु बेरा समेत काफी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

व्यक्ति की करंट लगने से मौत

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के गावां थाना अंतर्गत बगदेडीह गांव में 22 जून की सुबह महुआ पेड़ पर फल झाड़ने चढ़ा एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई. मृतक का नाम बगदेडीह निवासी माधो वर्मा है. मृतक सुबह के समय अपने घर के बगल में महुआ पेड़ पर चढ़ गया. पेड़ की टहनियों को छूते हुए 33 केवी बिजली की तार गुजरी है. तार के चपेट में आने से घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई. ग्रामीणों के सहयोग से परिजनों ने शव को घर लाया. देखते ही देखते ही हादसे की खबर पूरे इलाके में फैल गई. खबर पाकर मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र रविदास समेत गांव के अन्य लोग मृतक के घर पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराने परिजनों से कहा. ग्रामीणों के कहने पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए. मृतक अपने पीछे दो पुत्र समेत परिवार में अन्य सदस्यों को छोड़ गया है. दोनों में से एक बेटा दिल्ली और दूसरा पटना में मजूदरी करता है. बिजली विभाग के सहायक अभियंता कृष्णदेव प्रजापति ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के परिजनों को आपदा राहत कोष से सरकारी सहायता मिलेगी. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि कहीं भी पेड़ से बिजली तार सटा दिखे तो अविलंब बिजली कार्यालय को सूचना दें. बरसात के दिनों में बिजली पोल के निकट नहीं जाएं.

सदर अस्पताल में सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट

धनबाद। सदर अस्पताल परिसर में गाड़ी पार्किंग से मना करने पर सुरक्षाकर्मी (होमगार्ड जवान) के साथ गुरुवार को एक युवक ने जम कर मारपीट की. मारपीट से सुरक्षा कर्मी बुरी तरह घायल हो गया. युवक ने जवान की वर्दी भी फाड़ डाली और मौके से फरार हो गया. घायल होमगार्ड जवान का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. जवान ने धनबाद थाना में लिखित शिकायत भी की है. घटना के संबंध में बताया गया है कि हर रोज की तरह 22 जून गुरुवार को भी होमगार्ड जवान अविनाश दास सदर अस्पताल के मुख्य द्वार पर अपनी ड्यूटी निभा रहे थे. तभी एक युवक पहुंचा व अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने बाइक को पार्क कर दिया. सुरक्षाकर्मी ने युवक को वहां से बाइक हटाने को कहा तो वह भड़क गया. युवक ने खुद को अस्पताल के एक कर्मचारी का बेटा बताते हुए होमगार्ड जवान के खिलाफ अपशब्द का प्रयोग किया. देखते ही देखते दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई. इस हाथापाई में जवान बुरी तरह घायल हो गया. वहां मौजूद कुछ लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, मगर आरोपी युवक भाग निकला. अस्पताल के उपाधीक्षक संजीव प्रसाद का कहना है कि दोनों ही हमारे अस्पताल के कर्मी हैं. मिसअंडरस्टैंडिंग के कारण विवाद बढ़ा है. दोनो पक्षों को बुला कर समझौता कराया जाएगा.

नोवामुंडी में झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन 26 को

चाईबासा। 26 जून को नोवामुंडी में आयोजित होने वाला जगन्नाथपुर विधानसभा स्तरीय झामुमो का कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा. उक्त बातें झामुमो के जिलाध्यक्ष सह चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने सेल की मेघालया गेस्ट हाउस में कही. उन्होंने इसे लेकर किरीबुरू पश्चिम, पूर्वी तथा मेघाहातुबुरु उत्तरी एवं दक्षिणी पंचायत के झामुमो कार्यकर्ताओं, झारखण्ड मजदूर यूनियन, झारखण्ड माइंस मजदूर यूनियन एवं ठेका मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विशेष बैठक की. सुखराम उरांव ने कहा कि आज उक्त चारों पंचायतों के पदाधिकारियों के साथ विशेष बैठक की गई. यह बैठक प्रत्येक पंचायत के सुदूरवर्ती गांव व उसके बूथों पर संगठन की मजबूती के उद्देश्य से की जा रही है. जिलाध्यक्ष होने के नाते पार्टी का जनाधार पूरे जिले में कैसे मजबूत हो इस पर कार्य किया जा रहा है. एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव में महागठबंधन किसको उम्मीदवार बनाती है, वह गठबंधन के पदाधिकारी तय करेंगे. गठबंधन धर्म का हमलोग पालन करेंगे. लेकिन हमारा यह कार्यक्रम झामुमो संगठन को मजबूत करने हेतु चल रहा है. 26 जून को सभी पंचायतों से भारी तादाद में कार्यकर्ता एवं मजदूर संगठनों से भी सेलकर्मी व ठेका मजदूर नोवामुंडी आकर उक्त कार्यक्रम को न सिर्फ ऐतिहासिक बनाएंगे, बल्कि विभिन्न दलों से सैकड़ों कार्यकर्ता झामुमो का दामन थामेंगे. बैठक में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य, दिनेश महतो, विकास गुप्ता, संगठन सचिव मन्ना राम कुदादा, संयुक्त सचिव सह चाईबासा नगर परिषद के चेयरमैन डोमा मिंज, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोरेन, आलोक अजय तोपनो, भोलानाथ दास, शमशाद आलम, शांतियल भेंगरा, वीर सिंह मुंडा, बोआस बोदरा, बामिया माझी आदि दर्जनों मौजूद थे.

अतिक्रमण हटाने के खिलाफ फुटपाथ दुकानदारों का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान से फुटपाथ दुकानदार गुस्से में हैं. अभियान के विरोध में फुटपाथ दुकानदारों ने 22 जून को निगम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया और नगर आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी की. दुकानदारों का कहना था कि निगम मनमानी कर रहा है. सड़क पर दुकान लगाने के एवज में हर दिन 20 रुपए टोकन शुल्क लिया जा रहा है. निगम के कर्मी मुफ्त में सब्जी और फल भी ले जाते हैं. इसके बावजूद अचानक बोला जाता है कि सड़क किनारे से दुकान खाली करो. उन्हें हीरापुर कोहिनूर मैदान में सामान बेचने को कहा जाता है, जो कतई उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि भला बरटांड़ का आदमी हीरापुर सब्जी क्यों खरीदने आएगा. कोहिनूर मैदान में बने नए वेंडिंग जोन में 192 दुकानदारों के बैठने की जगह है, जबकि शहर में 10 हजार स्ट्रीट वेंडर है. ऐसे में सभी को एक ही स्थान पर बसाना संभव नहीं है. उन्होंने कहा कि हमलोग सड़क से दुकान खाली कर देंगे, लेकिन जहां सब्जी, फल या खाने-पीने के सामान बेचते हैं, उसके आसपास निगम सुरक्षित स्थान मुहैया कराए. प्रदर्शन के बाद फुटपाथ दुकानदारों का प्रतिनिधिमंडल सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार से मिला और अपनी बात रखी. प्रकाश कुमान ने नगर आयुक्त से बात कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया. इसके बाद फुटपाथ दुकानदार लौट गए. ज्ञात हो कि निगम ने गुरुवार को हीरापुर, पुलिस लाइन और बरटांड में अभियान चलाकर सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को कोहिनूर मैदान में सामान बेचने को कहा. इस पर दुकानदार भड़क गए.

सिविल सर्जन ने डुमरी रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण

गिरिडीह। सिविल सर्जन डॉ शिव प्रसाद मिश्रा ने गुरूवार 22 जून को डुमरी प्रखंड के जामतारा में निमार्णाधीन अस्पताल और डुमरी में रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों को कई जरूरी निर्देश दिया. सिविल सर्जन ने निमार्णाधीन अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश संवेदक के प्रतिनिधि को दिया है. वहीं बीपीएचयू निर्माण के लिए स्थल चयन किया गया. जिसका शिलान्यास शुक्रवार 23 जून को किया जाएगा. जबकि चैनपुर पीएचसी का संचालन अगले माह से शुरू करवाया जायेगा. इधर सीएस ने रेफरल अस्पताल का ओपीडी, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन थियेटर और साफ सफाई का निरीक्षण किया. इस दौरान वहीं साफ सफाई को लेकर बरती जा रही कोताही पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुबह, दोपहर, संध्या को नियमित साफ सफाई का निर्देश दिया.

11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से लाइनमैन झुलसा

आक्रोशित ग्रामीणों ने सबस्टेशन में जड़ा ताला

नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र कढ़मा विद्युत स्टेशन में कार्यरत स्विच बोर्ड ऑपरेटर (लाइन मैन) 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया. सहकर्मी उसे तत्काल हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ ले गए, जहां उसका प्राथमिक इलाज कराकर बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया गया. दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और जमकर हंगामा किया. ग्रामीणों ने सब स्टेशन के गेट पर ताला लगा दिया है. बताया जाता है कि कामेश्वर महतो कढ़मा सब स्टेशन में स्विच बोर्ड ऑपरेटर है. 22 जून की सुबह वह सब स्टेशन से शट डाउन लेकर कढ़मा गांव में ट्रांसफार्मर दुरुस्त कर रहा था. इसी समय सब स्टेशन से बिजली लाइन चालू कर दिया गया. स्विच ऑन होते ही ट्रांसफार्मर पर चढ़कर काम कर रहे कामेश्वर महतो बुरी तरह से झुलस गया. इधर जैसे ही उसके घर वाले और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली वे विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और हंगामा करते हुए सब स्टेशन में ताला जड़ दिया. बड़की चिदरी पंचायत के पंसस सरयू रविदास, पूर्व मुखिया टुकन महतो, निर्मल रविदास, ओमप्रकाश महतो, जयनंदन साव, महेश महतो, राजेश कुमार, उमेश, लखन, भुनेश्वर, महेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण घायल का इलाज और मुआवजे की मांग को लेकर बैठे हैं. पंसस सरयू रविदास ने बताया सुबह से ही विभाग के अधिकारियों को सूचना दिया गया है लेकिन 9 घंटे हो गए लेकिन अभी तक कोई नहीं पहुंचा है.

किरीबुरु : दंतैल हाथी ने रातभर मचाया उत्पात

नवीन मेल संवाददाता

चाईबासा। सारंडा जंगल से भटकते हुये दंतैल हाथी सेल की किरीबुरु टाउनशिप पहुंचा. बुधवार की देर रात लगभग 12 से 1 बजे तक हाथी किरीबुरु टाउनशिप स्थित चर्च हाटिंग में घुसकर बिनोद प्रसाद का बागान में घुस कर उत्पात मचाया. वहां से कुछ दूरी पर स्थित स्व. कुशल हस्सा पूर्ति के घर के पास स्थित कटहल का पेड़ का कटहल खा गया. इसके बाद हाथी सिविल ऑफिस के सामने स्थित तोपनो के घर में स्थित कटहल पेड़ का कटहल खाया.

दहशत में रहे लोग

हाथी के इस खौफ से चर्च हाटिंग समेत टाउनशिप के लोग रात भर दहशत में रहे. रात में वहीं हाथी घूमते हुये जंगल की तरफ चला गया. इस दौरान यह हाथी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया. किरीबुरु टाउनशिप में आने से पूर्व हाथी हिलटॉप स्थित आवासीय क्षेत्रों में उत्पात मचाता रहा. कुछ माह पूर्व भी यही हाथी टीआर गेट से किरीबुरु शहर में प्रवेश करते दिखा था. हाथी से अब सारंडा के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावे शहरी क्षेत्र के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं. सबसे ज्यादा खतरा किरीबुरु-बड़ाजामदा मार्ग पर सफर करने वाले लोगों को है, क्योंकि कब यह हाथी बीच सड़क पर यात्रियों का रास्ता रोक हमला कर दे, कहा नहीं जा सकता. यह हाथी सारंडा के कई ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने के अलावे कई को घायल कर चुका है.

रमेश तामसोय को झंडा ओढ़ाकर कांग्रेसियों ने दी अंतिम विदाई

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम कांग्रेस के सचिव रमेश तामसोय (37) की बुधवार को मृत्यु के बाद उनके शव को गुरुवार को उनके गांव कुमारडुंगी प्रखंड के कुमिरता गांव में दफना दिया गया. हल्की बूंदाबांदी के बीच आदिवासी हो रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया गया. स्थानीय ग्रामीणों के अलावे जिला के कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी. कांग्रेसियों ने कांग्रेस का झंडा ओढ़ाकर उन्हें अंतिम विदाई दी. कांग्रेसियों ने कहा कि रमेश तामसोय के असामयिक निधन से जिला कांग्रेस को अपूरणीय क्षति हुई है. रमेश तामसोय सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे. वह करीब दस वर्षों से कांग्रेस से जुड़े हुए थे. मालूम हो कि लू लगने की शिकायत पर उन्हें चाईबासा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

आदित्यपुर : फूड सेफ्टी ऑफिसर ने गम्हरिया के होटलों में की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। सरायकेला की फूड ऑफिसर अदीति सिंह ने गम्हरिया बाजार स्थित विभिन्न होटलों में गुरुवार को औचक छापेमारी की. इस दौरान उन्होंने विभिन्न होटलों में परोसे जाने वाले भोजन की जांच की. फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कई दुकानों में भी जांच की और जांच करने के लिए नमूना भी लिया. उन्होंने गम्हरिया मुख्य बाजार स्थित महामाया भोजनालय समेत अन्य 3 होटलों में जांच के दौरान में गंदगी पाई. फ्रिज में रखे मांस के टुकड़े में से गंध आने के कारम उसका भी सैंपल लिया है. इस दौरान ग्राहकों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और फूड लाइसेंस की भी जांच की गई. अधिकांश होटलों में

निरीक्षण के दौरान सभी बिंदुओं की जांच की गई. गम्हरिया बाजार स्थित महामाया होटल के किचन में पसरी गंदगी और बिना साफ-सफाई के खाना परोसे जाने पर फूड सेफ्टी ऑफिसर ने कड़ा ऐतराज जताया. गंदगी में खाना बनाए जाने पर ऑफिसर ने होटल संचालक को जमकर फटकार लगाई. इन्होंने होटल संचालक को अल्टीमेटम देने के साथ ही किचन समेत होटल को सील कर दिया. फूड सेफ्टी ऑफिसर ने बताया कि गम्हरिया स्थित महामाया भोजनालय द्वारा निम्न गुणवत्ता और बिना साफ-सफाई के भोजन परोसे जाने संबंधित शिकायत मिली थी.

सड़क चौड़ीकरण के लिए कई घरों पर चला बुलडोजर

जमशेदपुर। बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत एनएच से सटे बांसदा गांव में सड़क चौड़ीकरण के लिए सरकारी जमीन पर से गुरुवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया. इस क्रम में कई घरों पर बुलडोजर चला. जानकारी के अनुसार पाथरा से बांसदा चौक तक सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है. परंतु बांसदा गांव में सड़क के किनारे अतिक्रमण होने के कारण यहां पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य नहीं हो पाया था. अतिक्रमण के कारण पूर्ण नहीं हो पा रहा था. जानकारी के मुताबिक अतिक्रमणकारियों को पहले प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की सूचना दी गई थी. परंतु किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया. गुरुवार को प्रशासन ने बुलडोजर से अतिक्रमित

विधायक पूर्णिमा सिंह ने किया नये भवन का शिलान्यास

झरिया व जोड़ापोखर थाने का बनेगा दो मंजिला भवन

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। झरिया व जोड़ापोखर थाने का नया दो मंजिला भवन बनेगा. इस पर 5.55 लाख रुपए लागत आएगी. झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने 22 जून को दोनों थानों के भवन का शिलान्यास विधिवत पूजा-अर्चना कर किया. उन्होंने बताया कि पुराने जमाने में बने दोनों थानों का नया भवन मॉडल होगा. झरिया थाना भवन के निर्माण पर 2 करोड़ 75 लाख रुपए, जबकि जोड़ापोखर थाना निर्माण के निर्माण पर 2 करोड़ 80 लाख रुपए लागत आएगी. निर्माण को लेकर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला था. टेंडर के आधार पर

एजेंसी का चयन कर लिया गया है. शिलान्यास के साथ ही एजेंसी ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है. पूर्णिमा सिंह ने कहा कि झरिया विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले दोनों थानों के लिए नया भवन बनाने के लिए वह खुद प्रयासरत थीं, ताकि पुलिस को बेहतर सुविधाएं मिल सके. विधानसभा में भी यह मुद्दा उठाया था. इसके बाद ही टेंडर प्रक्रिया शुरू हुई. विधायक ने बताया कि दोनों थानों का नया भवन दो मंजिला भवन बनेगा, जिसमें एक हॉल, थाना प्रभारी का एसी रूम, सिरिस्ता, वेटिंग हॉल, महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग हाजत व जवानों के रहने के लिए कमरे बनेगें. चारों और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अन्य थानों के लिए भी मॉडल भवन बनाया जाएगा क्योंकि बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिसकर्मियों को सुविधाएं भी बेहतर मिलनी चाहिए. उद्घाटन के पर भगत सिंह, मृणाल कांत सिंह, रामकृष्ण पाठक, रामजी सिंह, प्रीतम रवानी, सत्यनारायण भोजगढिया, पारस यादव, मनौवर गद्दी, शेख सुल्तान, अनिता सिंह, किशोर कुमार आदि मौजूद थे.

रामगढ़ में स्कूल रुआर 2023-24 के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। स्कूल रुआर बैक टू स्कूल अभियान 2023-24 के तहत उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल रामगढ़ में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विधायक प्रतिनिधि मांडू विधानसभा क्षेत्र नीरज झा सहित अन्य अतिथियों का पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला के दौरान अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मोनिदीपा बैनर्जी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से स्कूल रुआर 23-24 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहां की स्कूल 2023-24 बैक टू स्कूल अभियान का उद्देश्य वैसे बच्चे जिन्होंने किसी कारणवश नामांकन के उपरांत स्कूल जाना छोड़ दिया है अथवा विद्यालय में नामांकन ही नहीं कराया, ग्रामीण क्षेत्रों में कई बार माता पिता आर्थिक अथवा अन्य कारणों से बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते हैं। स्कूल नहीं जाने से बच्चों को शिक्षा की ही हानि नही होती हैं बल्कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह जाते हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। मौके पर उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाएं आदि की जानकारी दी वही बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के मद्देनजर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से मिलने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि क्यों बैक टू स्कूल अभियान का सफल संचालन जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों अन्य विभागों के अधिकारियों शिक्षकों सहित अन्य से बैक टू स्कूल अभियान में अपने महत्वपूर्ण योगदान की गंभीरता को समझते हुए कार्य करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी ने बैक टू स्कूल अभियान 2023 24 को सफल बनाने में सभी से अपना योगदान देने की अपील करते हुए बच्चों को विद्यालय जाने एवं शिक्षा ग्रहण करने से उनके जीवन में होने वाले फायदे एवं इसके माध्यम से समाज के विकास के प्रति सभी को जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने बैक टू स्कूल अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब किसी परिवार में कोई बच्चा शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाता है तो ना केवल उसे अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है बल्कि उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। बैक टू स्कूल अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त ने कार्यशाला में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस अभियान में कार्य करने की अपील की। कार्यशाला के दौरान सांसद प्रतिनिधि इला रानी पाठक, विधायक प्रतिनिधि मांडू नीरज झा एवं सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने भी बैक टू स्कूल अभियान 2023 24 को सफल बनाने में सभी को अपना योगदान देने की अपील की। वहीं, उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं योजनाओं के माध्यम से बच्चों को होने वाले लाभ की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा पदाधिकारी श कुमारी नीलम एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा दिया गया। वहीं, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं के द्वारा स्वागत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

पिता का श्राद्धकर्म नहीं कर श्मशान घाट में करा दी बोरिंग

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के चौपारण प्रखंड अंतर्गत नरचा खुर्द के गायत्री परिवार के सदस्य प्रदीप गुप्ता ने अपने पिता स्व. बैजनाथ साव की मृत्यु के बाद श्राद्धकर्म में भोज नहीं करा कर श्मशान घाट में बोरिंग करवाकर चापानल लगवा एक अनोखी पहल की शुरूआत की है. इस संबंध में उन्होंने बताया कि मृत्यु भोज के नाम पर होने वाले फिजूलखर्च को बचाने का प्रयास किया और उसी राशि से जनहित का काम कर दिया. अब श्मशान घाट में किसी को पानी की दिक्कत नहीं होगी. उन्होंने बताया कि नरचा खुर्द में श्मशान घाट और छठ तालाब दोनों एक ही मोड़ पर है, जहां से कई गांव जुड़ते हैं. उधर से रोज हजारों लोगों का आना जाना होता है. उनलोगों को भी प्यास बुझाने में काफी परेशानी होती थी. पानी के लिए चापानल बहुत जरूरी था. इस समस्या को देखते हुए प्रदीप गुप्ता ने पिता का मृत्यु भोज नहीं करके वहां चापानल लगवा दिया. इससे कई लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी. इस सकारात्मक पहल का समर्थन नरचा खुर्द के वासियों ने भी किया. ग्रामीणों ने कहा कि यह चापानल स्व. बैजनाथ साव की मृत्यु के उपरांत हमें मिला है. हमलोग उनके तीनों बेटे प्रदीप गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता और सपूत गुप्ता के प्रति आभारी हैं.

उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

रामगढ़ । उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, आवास, पेयजल,प्रदूषण, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना को लेकर शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत गुरुवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया। राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से क्रियान्वित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत के चार अन्य केंद्रों को भी शिविर में शामिल किया गया है। जिसके माध्यम से पतरातू बस्ती, पतरातू भुईयां टोली, शांति मोहल्ला एवं दुर्गा मंडप पतरातू के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान राजकुमारी फाउंडेशन द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु 15 दिनों तक कुपोषित बच्चों को आहार विशेषज्ञ की निगरानी में विशेष भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों की काउंसलिंग भी की जाएगी। शिविर के दौरान कुल बड़ी संख्या में बच्चों की कुपोषण जांच की गई जिनमें जिन बच्चों को कुपोषित पाया गया उनके उपचार हेतु आगे का कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य समृद्धि परियोजना के तहत लोगों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराया गया वहीं एक बच्चे का अन्नप्राशन किया गया।

सड़क किनारे बनी दुकानों पर चला बुलडोजर

नवीने मेल संवाददाता

बरही । देर संध्या स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई के संयुक्त तत्वाधान में बरही चौक अंतर्गत अतिक्रमित क्षेत्र को प्रशासन ने सख्ती से खाली करवाया गया. इस दौरान हजारीबाग रोड में लगाए गए दुकानों को प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में ही हटवाया गया. इस दौरान अतिक्रमणकारियों के बीच अफरा तफरी मच गया. गुरुवार को प्रशासन के तेवर ही अलग थे. किसी की भी सुनने को तैयार नहीं थे. इस दौरान सभी अतिक्रमणकारियों से दुकान हटाने के लिए माइकिंग भी किए जा रहे थे. एनएचएआई के अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि हम सभी परेशान है. कई बार अतिक्रमण हटाया गया परंतु चंद घंटों में पुनः दुकान लगा लिए जाते है. दौरान जेसीबी लगाकर सडक

किनारे लगाए गए मछली, फल, चिकन, मटन आदि दुकानों के अतिक्रमित क्षेत्र को तोड़कर हटाया गया. यह अभियान चौक क्षेत्र क्षेत्र से प्रारंभ हुआ जो पूरे हजारीबाग रोड में चला. विदित हो कि अतिक्रमण के कारण चौक क्षेत्र का हजारीबाग रोड पूरी तरह जाम रहता था. जिससे न केवल सामान्य जन बल्कि एंबुलेंस, स्कूली बस, बैंक कर्मी और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी रास्ते के लिए इंतजार करना पड़ता था. बुद्धिजीवियों ने प्रशासन की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए इसे स्थाई रूप से बरकरार रखने के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील किया है. अभियान के दौरान सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीआई सतीश कुमार और एनएचएआई के मुकेश कुमार सहित पुलिस बल तैनात रहे.

चितरपुर-रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने के लिए कार्य शुरू

रामगढ़। चितरपुर- रजरप्पा फोरलेन मार्ग पर बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में कुछ एक विवादों के मद्देनजर गुरुवार को पुलिस फोर्स एवं मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ राजीव रंजन द्वारा शेष कार्यों को पूर्ण करने हेतु निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

शोधार्थियों से कुलपति का सीधा संवाद आज

हजारीबाग। विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के विभिन्न विभागों में शोध कर रहे शोधार्थियों से कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार सिन्हा 23 जून को सीधी वार्ता करेंगे. इस संबंध में विज्ञान भवन में स्थित आर्यभट्ट सभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे से बैठक आहूत की गई है. यह जानकारी देते हुए विभावि के पीआरओ डॉ. सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि बैठक में कोई भी शोधार्थी उपस्थित होकर अपनी समस्या को रख सकते हैं. शोधार्थियों को पूर्वाह्न 10:30 बजे तक सभागार में स्थान ग्रहण कर लेना है. ज्ञात हो कि पिछले कई महीनों से शोधार्थी शिकायत कर रहे थे कि उन्हें परीक्षा विभाग के पीएचडी कोषांग, छात्र कल्याण संकाय, कुलपति के सचिवालय और प्लेगेरिज्म कोषांग में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कई जगह पर बेवजह विलंब करने की शिकायत शोधार्थी कर रहे थे, तो कुछ जगह पर सुविधा शुल्क मांगे जाने से वह परेशान हो रहे थे.

शव के साथ परिजनों ने किया प्रदर्शन, सड़क जाम

पिता बोले- डॉक्टर ने ले ली मेरी बेटी की जान, हो कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के नवाबगंज स्थित झारखंड नर्सिंग होम में अपेंडिसाइटिस के ऑपरेशन के बाद बुधवार को युवती की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है. मृतका के परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन के नाम पर युवती की हत्या कर दी गई. उन्होंने नर्सिंग होम और डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग करते हुए गुरुवार की शाम करीब 5:30 बजे मृतका के शव के साथ मुख्य सड़क को जाम कर प्रदर्शन करने लगे. युवती केरेडारी बकचुंबा की रहने वाली थी. उसे अपेंडिसाइटिस की शिकायत थी. उसके पिता चरकू तुरी ने बताया कि वह बेटी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जा रहे थे. अस्पताल कैंपस में एक अनजान व्यक्ति ने उन्हें झारखंड नर्सिंग होम में जाने की सलाह दी. बस यहीं उसने गलती कर दी. नर्सिंग होम में बेटी के ऑपरेशन के लिए एक लाख रुपए मांगे जा रहे थे. किसी प्रकार 85 हजार पर प्रबंधन माना. पहले दिन 13 हजार रुपए जमा लिए गए. बाकी का पैसा जुटाने के लिए गांव गए. इस बीच उनकी बेटी का ऑपरेशन कर दिया गया. तबीयत बिगड़ने पर उसे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कर दिया. पूछे

जाने पर बेटी की हालत खराब होने की बात कही गई. शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर उत्कृष्टकांत ने उनकी बेटी का ऑपरेशन किया था. परिजनों का कहना है कि ऑपरेशन में लापरवाही बरती गई, इसलिए उनकी बेटी की जान चली गई.

बाराडीह में विद्यालय का ताला तोड़कर चावल की हुई चोरी, थाना में दिया गया आवेदन

बरकट्ठा। गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाराडीह स्थित नव प्राथमिक विद्यालय बाराडीह में चावल चोरी करने का मामला सामने आया है। इस बाबत सचिव नारायण रविदास ने गोरहर थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है की दिनांक 22 जून को सुबह 7 बजे खोलने गया तो देखा की विद्यालय गोदाम का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखे 42 किलो चावल गायब हैं। साथ ही उन्होंने कहा है कि विद्यालय में सात से आठ बार पूर्व भी इस प्रकार की घटना हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं। वही आवेदन की प्रतिलिपि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दिया गया है।

सोनाली ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की, लोगों ने दी बधाई

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा निवासी संजय कुमार दास की पुत्री सोनाली कुमारी ने वर्ग 6 में नामांकन हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिससे परिजनों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता और अपने गुरुजनों को दी है। खासतौर से शिक्षक अजय गुप्ता के मार्गदर्शन का सफल योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अच्छी मेहनत एवं अच्छे मार्गदर्शन में कोई भी परीक्षा में सफल हो सकते हैं। वहीं सोनाली की सफलता पर माता पिता समेत आदि लोगों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

पीड़ित परिवार से मिले पूर्व विधायक, बंधाया ढांढस

बरकट्ठा। क्षेत्र के डाकडीह निवासी 25 वर्षीय अनु कुमार पिता हिरामन यादव कि मौत इलाज के दौरान रांची में हो गई। खबर पाते ही क्षेत्र में मातम पसर गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने पीड़ित परिवार से मिलकर परिजनों का ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया। लोगों के मुताबिक मृतक मुंबई में मजदूरी करता था और वह आठ जून को घर पहुंचा था। 14 जून को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। तत्पश्चात उसे इलाज के लिए विल्लोर सीएमसी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए घर ले जाने की सलाह दी। परिजनों ने उसे पुनः रांची स्थित रिम्स में भर्ती कराया जहां उन्होंने बीते रात इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। शव पहुंचते ही परिजनों की चित्कार से उपस्थित लोगों की आंखें भर गई।

परेशानी — **लचर बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन**

बरहीः बिजली की आंखमिचौनी से जनता त्रस्त

नवीन मेल संवाददाता

बरही । लचर बिजली व्यवस्था और अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव के नेतृत्व में खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा, दौरवा, चारमाईल आदि गांव के लोगो ने एसडीओ (ई) के नाम ज्ञापन दिया. मौके पर नवपदस्थापित एसडीओ (ई) के नही होने के कारण ज्ञापन सहायक संदीप मिंज को सौंपा गया. लोगो का कहना था कि पिछले कई सप्ताह से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है. बिजली का आना और जाना दूज का चांद हो गया है. विवेकानंद स्कूल के निदेशक रामचंद्र यादव ने बताया कि चौबीस घंटे में

बमुश्किल एक घंटे भी बिजली नही मिल पा रही है. भीषण गर्मी से हालत खराब है, पानी के लिए हाहाकार मचा है. उपभोक्ताओं ने बताया कि हल्के आंधी और पानी में बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाते हैं. जिससे दुरुस्त करने में विभाग को महीनों लगते हैं. अभी तो पूरा बरसात बाकी है. विभागीय कर्मी और अधिकारी कुछ भी बोलने से कतराते है. लोगो ने यह भी बताया कि अधिकारी जिस प्रकार बिना सूचना के बकायेदारों के खिलाफ प्राथमिकी और छापेमारी के लिए उत्सुक होते है. उसी प्रकार बिजली समस्या का समाधान के लिए भी उत्सुक होना चाहिए. गया. ज्ञापन सौंपने वालों में गुलेंद्र कुमार, अनिल यादव, पप्पू यादव, सतीश कुमार, दयानंद यादव आदि मौजूद थे. वस्तुस्थिति जानने के लिए नवपदस्थापित एसडीओ (ई) के सरकारी नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया परंतु मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण संपर्क नही हो सका.

हजारीबागः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी कर्मियों की रद्द हुई प्रतिनियुक्ति

हजारीबाग। राज्यभर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति रद्द कर दी गई है. इस संबंध में सरकार ने सभी जिले के उपायुक्तों को पत्र भेजा है. हजारीबाग में भी दो एनआरएचएम कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है. इसमें मूलचंद को पोस्टमार्टम रिकॉर्ड रूम में पदस्थापित किया गया है. वहीं उनकी प्रतिनियुक्ति केरेडारी में की गई थी. बताया जाता है कि 20 साल से वे केरेडारी गए ही नहीं और केरेडारी के नाम पर वेतन हजारीबाग से उठा रहे हैं. वैसे ही एक अन्य कर्मी सदर में पदस्थापित हैं, लेकिन उसे चौपारण भेज दिया गया है. दरअसल सिविल सर्जन नियमों को ताक पर रखकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों का तबादला और प्रतिनियुक्ति कर रहे हैं. इसे लेकर झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग नामकुम रांची ने राज्यभर के सभी उपायुक्तों को पत्र निर्गत किया है. इसमें उनसे पूछा गया है कि आखिर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पदाधिकारियों और कर्मियों का तबादला और प्रतिनियुक्ति कैसे की गई है.

सिमडेगा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन संपन्न,बोली पूर्व विधायक विमला प्रधान

सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर चल रही है मोदी सरकार

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक 9 वर्ष पूरे होने पर संगठन द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है उसी निमित्त सिमडेगा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है की जन जन तक सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों को पहुंचाएं। लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की 2014 से बनी हुई मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए हैं चाहे वो प्रधानमंत्री आवास हो

आयुष्मान भारत योजना हो हर घर नल योजना हो या जनधन खाता हो या प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों के लोगों को उचित सम्मान दिया है भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं का कर्तव्य है कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी कार्यों को डोर टू डोर जाकर लोगों को बताएं और सरकार की उपलब्धियों को गिनाए। लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम सहसंयोजक सुशील श्रीवास्तव ने कहा की 2014 की भारत और 2014 के बाद के भारत की तस्वीर बयां करती है कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है, चाहे वो विदेश नीति हो या बॉर्डर पर सुरक्षा का मामला हो मोदी सरकार ने दिखा दिया है कि भारत अब किसी के सामने झुकने को तैयार नहीं भारतीय जनता पार्टी का मंत्र है की अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे उस पर मोदी सरकार ने खरा उतरने का कार्य किया है आज गांव तक बिजली पहुंच रही है पानी पहुंच रहे प्रधानमंत्री आवास का लाभ लोगों को मिल रहा है यह भाजपा सरकार के सर्वव्यापी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम से पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गाण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, कार्यक्रम को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी संबोधित किया मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुप प्रसाद ने किया मौके पर जिला के सभी पदाधिकारी सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष विभिन्न मंडलों से आए हैं लाभार्थी एवं सभी सम्मानित कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

बकरीद को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक

भाईचारे के माहौल में मनाएं बकरीद : कुमार सौरभ

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। बकरीद त्योहार को लेकर गुरूवार को समाहरणालय में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। एसपी कुमार सौरभ और उपविकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बकरीद का त्योहार आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपविकास आयुक्त ने भाईचारे एवं सद्भावना पूर्वक पर्व को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का अगर कोई असामाजिक तत्व प्रयास किया तो पुलिस प्रशासन ऐसे तत्वों के साथ सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि बकरीद के दिन घुरती रथयात्रा भी है। इसलिए शांति समिति के सदस्यों की जिम्मेवारी है कि माहौल को बेहतर बनाए रखने में अपना योगदान दें। बैठक में कहा गया कि इस पर्व के मौके पर बकरों की कुबार्नी देने की परंपरा है। इस परंपरा को निभाने के दौरान लोग दूसरे धर्मसंप्रदाय के लोगों के भावनाओ का ख्याल रखें। खुले या सार्वजनिक स्थल पर कुबार्नी नहीं करें। बैठक में सेंट्रल अंजुमन के सदर मो.ग्यास ने बकरीद की नमाज अदा करने का वक्त आ इस दौरान किए जाने वाले अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। बताया गया कि शहर में ईदगाह,जामा मस्जिद,रजा मस्जिद आदि में नमाज अदा की जाएगी। अगर बारिश हुई तो शहर क सभी मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। बैठक में एसपी श्री सौरभ ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी। अगर किन्ही के पोस्ट से माहौल खराब होने की संभावना बनती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने कहा कि बकरीद और घुरती रथयात्रा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए जाएंगें। एसपी ने कहा कि सिमडेगा जिले की परंपरा रही है कि यहां सभी धर्म संप्रदाय के लोग सभी पर्व त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। इस परंपरा को आगे भी बनाए रखने की जरूरत है। बैठक में अपर समाहर्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, एसडीओ महेन्द्र कुमार, एसडीपीओ ए डेविड ढोढराय,एनडीसी राजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ अजय कुमार रजक, डीएसओ पूनम कच्छप,सहित जिले के सभी सीओ,थाना व ओपी प्रभारी,शांति समिति के सदस्य व विभिन्न जिलास्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

बस स्टैंड कुरडेग में मोबाइल दुकान में चोरी जांच में जुटी पुलिस

कुरडेग। बस स्टैंड कुरडेग में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा अमर जायसवाल के मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी सुबह जब दुकान संचालक को हुई तब उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कुरडेग पुलिस को दिया ।मामले की जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट सहित सभी टीम के साथ मामले की छानबीन कर रहे हैं ।घटना के संबंध में अमर जायसवाल ने बताया कि वह प्रत्येक दिन की भांति मंगलवार को अपनी दुकान बंद कर अपना घर गया जिसे भी किसी अज्ञात चोर के द्वारा दुकान की भिंडी लेटर को तोड़ते हुए दुकान में रखे 12 से 13 स्क्रीन टच मोबाइल एवं ?35000 नगद राशि की चोरी कर ली वहीं इस मामले में कुरडेग थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

कोलेबिरा विधायक ने किया जनता दरबार सह परिसंपत्तियों का वितरण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

कोलेबिरा। प्रखंड में विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाडी की मौजूदगी जनता दरबार सह परिसम्पति वितरण का प्रखंडस्तीय कार्यक्रम किया गया। जिसमें छह सामुदायिक एवं साठ व्यक्तिगत वनपट्टा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य परंपरागत वन निवासियों पर जंगल का अधिकार से वंचित कर ऐतिहासिक अन्याय को सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था। जिससे न्याय दिलाने के लिए 2006 में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी 2006 को लागू कर ऐतिहासिक अन्याय से न्याय दिलाने का काम किया गया था। पर इस महत्वाकांक्षी कानून को लागू करने में कई प्रकार की लापरवाही और उदासीनता और सबसे बड़ी बात कि कुछ आदिवासी विरोधी ताकतें जो नहीं चाहते कि आदिवासियों को जंगल का अधिकार ना मिले। कुछ लोगों का खास राजनीतिक सोच कि

विधायक के द्वारा वनाधिकार कानून के क्षेत्र में एक अभियान के तहत विशेष रूचि के साथ विशेष रूप से जागरूकता अभियान चला कर लोगों को वन अधिकारों का लाभ दिलाने के लिए जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के साथ मिलकर अधिकार सम्बन्धित आवेदन नियम के भरवाने का काम किया गया था। बड़ी संघर्ष और लडाई आदिवासी सलाहकार परिषद, झारखंड, झारखंड विधानसभा और विधान सभा के बाहर लड़ाई लड़ कर इन सामुदायिक वन पट्टाओं की स्वीकृति और सार्वजनिक तौर पर एक सरकारी कार्यक्रम कर विरोधियों को जबाव देने का काम के साथ जंगल का सामुदायिक अधिकार ग्राम सभा को एवं ब्यक्तिगत वन पट्टा वितरण धुम धाम के साथ किया गया। साथ ही और भी कई विभागों से सम्बंधित परिसम्पत्तियों का वितरण भी लाभुकों के बीच किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि चिंतामनि के अलावे उपस्थित थे।

झापा और कांग्रेस छोड़ दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

नवीन मेल संवाददाता

बासंजोर: सिमडेगा झामुमो जिला समिति द्वारा बंसजोर प्रखंड के तरगा पंचायत के सिहारजोर बाजार टार में सदस्यता अभियान चलाया गया ।मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार लगातार कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लगातर आम जनता को देने का कार्य कर रही है ।सरकार के कर्मचारी जन जन तक पहुँच कर लोगो के कार्यो को कर रहे है। इससे आने वाले 2024 में एक बार फिर राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की नीति सिद्धांत के बारे लोगो को जानकारी दी ।जिसके बाद तारगा पंचायत के सभी ग्रामीण खुश होकर और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जका कल्याणकारी योजना से खुश होकर सभी ने झापा, कांग्रेस छोड़ कर झामुमो का दामन थामा ।मौके पर सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से ज़िला अध्यक्ष अनिल कांडूलना ज़िला सचिव सफीक खान ज़िला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग ज़िला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा रितेश बड़ाइक प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रदीप समद उपस्थित थे।

सरकारी योजनाओं को लेकर मुखिया ने की समीक्षा बैठक

कोलेबिरा। प्रखंड अंतर्गत बरसलोया पंचायत भवन में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया सर्वप्रथम बैठक में मुखिया द्वारा उपस्थित पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों का परिचय एवं स्वागत अभिवादन के साथ बैठक कार्यवाही प्रारंभ की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चल रहे कुष्ठ रोगी सर्वे प्रोग्राम डायरिया सर्वे प्रोग्राम एवं अन्य गतिविधियों में कार्य किया जा रहा है वही स्वास्थ्य साहियावों ने कहा कि घर घर कुष्ठ रोग का सर्वे किया जा रहा है। बाल विकास कार्यक्रम में किशोरी शक्ति योजनाओं का कार्य चल रहा है। साथ ही किशोरी समृद्धि योजनाओं एवं कन्यादान की योजनाओं को सर्वे किया जा रहा है जलसहिया विभाग में जल नल योजनाओं स्वच्छता विभाग द्वारा चलाया जा रहा है परंतु योजना सक्सेस नही है जल साहियाओं के द्वारा खराब चापाकल की सूची सर्वे का सौंपी गई है।

ताराबोगा जिलिंगा गांव में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के जिलिंगा गांव में जेएसएलपीएस द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जीवन मुकुट टूटी बिपिओ द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, जन धन खाते, अटल पेंशन योजना, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, ऑनलाइन फोर्ड, डिजिटल बैंकिंग, डिजिटल लेनदेन, म्यूच्यूअल फण्ड आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में आये सभी लोगों को बीमा के महत्व पर जानकारी दिया गया एवं सभी को बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया गया इसके साथ साथ बीमा लेने से होने वाले भविष्य में लाभ भी बताया गया। साथ ही कार्यक्रम में प्रमोद सिन्हा एफटीसी मधु पालन द्वारा जानकारी देते हुवे कहा गया कि अभी मधु पालन का आयोजन चल रही है जिसके माध्यम से महिला समूह के दीदीयों को 2 परियोजना तरफ से मधु पालन के लिए बॉक्स एवं 3 बॉक्स दीदीयों को स्वयं खरीदना होगा।

जलडेगा में नहीं थम रही अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री

जलडेगा। अगर आप भी शराब और बीयर के शौकिन हैं और लाइसेंसी शराब दुकान में शराब या बीयर न मिले तो घबराईए नहीं, जलडेगा सहित विभिन्न गाँवों के अवैध परचुन की दुकानों पर आपको चिल्ड बीयर और शराब आसानी से मिल जाएंगे, इसके लिए भले ही आपको थोड़ी और जेब ढीली करनी पड़े। जी हां हम बात कर रहे हैं जलडेगा के गांगुटोली, कोनमेरला, टिनगिना, लंबोई, ओडगा सहित विभिन्न परचुन की दुकानों में बिक रहे अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर की। दर्जनों जगह अवैध बीयर बार खुल गए हैं, जहां आपकों ठंढी बीयर और शराब आसानी से मिल जाएंगे, हां इतना जरूर है की आपको 140 रुपए बिकने वाले केन बीयर के लिए 200 रुपए और 160 से 170 रुपए तक में बिकने वाले क्वाटर के लिए 200 से 220 रुपये अधिक देने पड़ेंगे। अवैध बीयर बार चलाने वाले जलडेगा स्थित लाइसेंसी शराब दुकान से शराब और बीयर लेकर ऊंची कीमतों में बेचते है।

पुण्यस्मृति दिवस — **प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में पुष्पांजलि कर बंटा महाप्रसाद**

याद की गयी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती

नवीन मेल संवाददाता

झुमरी तिलैया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सहाना रोड कोडरमा शाखा में संस्था की प्रथम पूर्व मुख्य प्रशाशिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी का 58 वीं पुण्य स्मृति दिवस आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। उपस्थित संस्थान के भाई बहनों ने मातेश्वरी जगदंबा के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर उनकी सद्गुणों को प्रेम, करुणा जैसे दिव्य गुणों को धारण करने का दृढ़ संकल्पित लिया। वही कोडरमा सेवा केंद्र की संचालिका वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अनीता बहन ने मातेश्वरी जीके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातेश्वरी के बचपन का नाम ओम राधे था। उन्होंने 16 वर्ष में ही अलौकिक

शिक्षा लेने के लिए अपने माता जी के साथ संस्थान के संपर्क में आई। संस्थान के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा को देखते ही कई आलौकिक अनुभव हुआ, तब से मातेश्वरी जी ने आध्यात्मिक पथ पर चलने का निर्णय किया और अपनी 16 वर्ष की युवा काल में अपनी लगन एवं तपस्या से अपने जीवन को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचाया एवं परमात्मा की दिव्य शक्ति ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात कर लाखों मनुष्य आत्माओं को आपस में प्रेम करना सिखाया। मम्मा ने सभी आत्माओं को अपने मातृत्व प्रेम के द्वारा जन जन के अंदर की भावना पैदा की एवं मातृत्व एवं वात्सल्य का अनुभव कराईं। वे साक्षात चेतन में ही सर्वशक्तियों से संपन्न बन गए एवं जगदंबा का नाम मिला। मम्मा ने अपने जीवन को संपूर्णता को हासिल करते हुए सन 1964 में इस पुराना देह त्याग कर अव्यक्त होकर संसार में नारी शक्ति और त्याग की प्रेरणा बनी। कार्यक्रम का संचालन बीके संजय भाई ने किया एवं सभी को राजयोग के द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराया। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ आर विश्वास, डॉ पवन कुमार, एडवोकेट विनोद कुमार, समाजसेवी उमेश वर्मा, रंजन मोदी, भोले शंकर,मनीष जी, सुरेन्द्र, अशोक, गुड्डू, मीना माता, पुतुल देवी, बी के ललिता,निशा, आरती, संतोषी, शारदा, सुंदरी, परमीला, सावित्री, सारदा, सरोज, बेदामी, उषा, चंपा, शेरा, मंजू, कौशल्या, रीना आदि सैकड़ों लोग उपस्थित होकर महा प्रसाद ग्रहण किए।

एसएसआर 2024 के तहत प्री रिवीजन एक्टिविटी ईपी रेटीओ के तहत कोलेबिरा में हुई बैठक

कोलेबिरा। प्रखंड विकास पदाधिकारी की कोलेबिरा की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में कोलेबिरा प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, +2 विद्यालय एक महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापको के साथ एसएसआर 2024 के तहत प्री रिवीजन एक्टिविटी ईपी रेटीओ एवं लोकसभा चुनाव 2019 विधानसभा चुनाव 2019 पर समीक्षात्मक बैठक के दौरान निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सर्वप्रथम जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है उनका प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने तथा जो मृत मतदाता है उनका नाम प्रपत्र 7 भरकर और मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न कर सूची से हटाने तथा जिन मतदाताओं के नाम, आयु, लिंग, पता, फोटो में त्रुटियों एवं जो स्थानांतरित हो गए हैं उनका स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 भरने की जानकारी दी गई। साथ ही विगत लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर वोटिंग प्रतिशत कम है वैसे मतदान केंद्रों पर फोकस करके आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। विगत लोकसभा चुनाव 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2019 में कुछ मतदान केंद्र में वोटिंग प्रतिशत कम हुआ था। उन मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही सभी बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ के साथ समीक्षात्मक बैठक करते हुए निर्देश दिया गया की दिनांक 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची से सत्यापन करेंगे उसी दौरान प्रपत्र 6, प्रपत्र 7, एवं प्रपत्र 8 भी जमा करेंगे तथा तिथि एक जनवरी 2024, एक अप्रैल 2024, एक जुलाई 2024, 1 अक्टूबर 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए प्राप्त प्रपत्र को 18 वर्ष आयु पूरा करने वालों का प्राप्त प्रपत्र को तिथि वार अलग-अलग करने का निर्देश दिया गया।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- खतरे में है लोकतंत्र

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार

जिला मुख्यालय स्थित माको डाक बंगला में गुरुवार को जनता दल यूनाइटेड के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी एवं मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार की लोकप्रियता को देखते हुए आज

जदयू से कई लोग जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आप सभी गांव-गांव जाकर बूथ स्तर तक लोगों को जोड़ें ताकि संगठन और मजबूत हो सके।

इस अवसर पर खीरू महतो ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आज देश में जो हालात हैं उससे लोकतंत्र खतरे में है। इसी को देखते हुए हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विपक्षी दलों की एक बैठक शुक्रवार को पटना में होने जा रही है जिसमें आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव पर गहन मंथन किया जाएगा।

केंद्र के नीतियों के चलते महंगाई व बेरोजगारी चरम पर : जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के कारण आज देश में महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी से युवा त्रस्त है और किसान परेशान नजर आ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी पर मोदी सरकार बात नहीं करती और इसे छुपाने के लिए केंद्र सरकार नए-नए तरीके इजाद करते रहती है। लेकिन आज के युवा समझदार है। वह जानता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हमें किसे चुनना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, निर्मल सिंह, संजय कुमार सिंह, यशवंत सिंह, वीरेंद्र पासवान, राम जगत सिंह, संतोष गुप्ता, मो. वहाब अंसारी, मो. इसराफिल अंसारी, मो. खुर्शीद अंसारी सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों की संख्या में जदयू कार्यकर्ता शामिल रहे।

डीसी ने बलबल बागेश्वरी मंदिर में चल रहे सुंदरीकरण कार्य का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर

उपायुक्त अबु इमरान गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलबल गर्म जल कुंड क्षेत्र पहुंचे। इस दौरान उपायुक्त श्री इमरान ने मां बागेश्वरी मंदिर बलबल में चल रहे सुंदरीकरण व निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए निर्माण कार्य करा रहे संवेदक को तय समय सीमा के अंदर और जल्द से जल्द सुंदरीकरण व निर्माण कार्य को पूर्ण कराने को लेकर दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके

अलावे उपायुक्त गर्म कुंड व मंदिर क्षेत्र के विकास आदि पर भी चर्चा की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, प्रमुख पति उमेश गोप, समाज सेवी शशि कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

बहियार काला का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बना हाथी का दांत

आजादी के 75 साल बाद बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। रमना

आजादी के 75वें वर्ष और अलग राज्य होने के 23वें वर्ष में भी प्रखंड मुख्यालय से 10-15 किमी सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके के गरीब-मजदूर, असहाय लोग प्राथमिक चिकित्सिय सुविधा से वंचित हैं। प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए बहियार काला में बना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्वास्थ्य उप केंद्र फिसड्डी साबित हो रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रथम संपर्क केंद्र हैं। चूंकि यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की अपेक्षाकृत छोटी इकाई है, लेकिन इसके माध्यम से रोग निवारक, प्रोत्साहक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं सहित ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने की उम्मीद की जाती है। ये गांव स्तर पर स्थित स्वास्थ्य चौकियां हैं, जो आमतौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन, असहाय और तत्कालीन चिकित्सिय सुविधा, व्यवहार परिवर्तन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, पोषण, टीकाकरण, डायरिया नियंत्रण और संचारी रोगों के नियंत्रण के संबंध में सेवाएं प्रदान करने के लिए उप-स्वास्थ्य केंद्रों की मुख्य भूमिका होती है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों

वीरान पड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

हेल्थ सेंटर के बरामदे में भरा कचरा

को बेहतर स्वास्थ्य संबंधित सुविधा मिल सके। स्वास्थ्य केंद्र होते हुए भी ग्रामीणों को 10-12 किलोमीटर दूर रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या नगर उंटारी जाना पड़ता है, जिससे कभी कभी तत्कालीन चिकित्सा सुविधा की जरूरत होने पर सुविधा नहीं मिल पाती है और रोगी दम तोड़ देता है।

क्या कहते हैं स्थानीय ग्रामीण : ग्रामीण साविद हसान उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र के बारे में बताते है कि मैं बाहर मजदूरी करता हूं। जब भी घर आया हूं इस केंद्र में कभी भी किसी का इलाज होता नहीं देखा। यहां चिकित्सक या किसी भी चिकित्सा कर्मी का दर्शन दुर्लभ है, रात में किसी की तबीयत खराब होने पर झोला छाप से प्राथमिक उपचार के लिए विवश है। वहीं 55वर्षीय नजरूद्दीन अंसारी ने बताया कि इस स्वास्थ्य केंद्र के लिए हमने करीब 9 वर्ष पूर्व सात कट्ठा जमीन दी और भवन निर्माण में मजदूरी भी की है। भवन बनते समय का मजदूरी 32 हजार रुपये आजतक नहीं मिली है और न ही चिकित्सा सुविधा प्राप्त होती है। कभी कभार डॉक्टर आते हैं, जिसका पता किसी को चलता है तो किसी को नहीं भी चलता है। वहीं जाटा रजवार ने बताया कि दिहाड़ी मजदूरी कर किसी प्रकार गुजर बसर करते हैं। स्वास्थ्य केंद्र बना तो उम्मीद जगी कि अब गांव में ही छोटी-मोटी बीमारी का इलाज होगा, लेकिन केंद्र हाथी का दांत साबित हो गया, जो सिर्फ दिखावे के लिए है। वहीं लाइसरीन बीबी ने बताया कि महिला संबंधित बीमारी के छोटे-मोटे इलाज के लिए भी हम लोगों को रमना या तो नगर जाना पड़ता है। रात में डिलीवरी की जरूरत होने पर बहुत दिक्कत होती है। यहां डॉक्टर या कोई स्वास्थ्य कर्मचारी के नहीं होने पर हम लोगों को दूर जाना पड़ता है। केंद्र बना लेकिन स्वास्थ्य समस्या में मददगार नहीं है। हम पहले भी स्वास्थ्य सुविधा से दूर थे और आज भी हैं।

चिकित्सा उपाधीक्षक नहीं उठाया फोन : एक ओर जहां सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में विकास का ढिंढोरा पीट रहे हैं, वहीं प्रखंड के ग्रामीण इलाके मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हम 21वीं सदी में नहीं प्राचीन काल में है, जहां के लोग किसी भी बीमारी में भगवान भरोसे रहते थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित होते हैं, लेकिन इस प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र अनुमंडलीय स्वास्थ्य केंद्र के अधीन संचालित हो रहे। इस संबंध में अनुमंडलीय चिकित्सा उपाधीक्षक से फोन द्वारा संपर्क कर इस उपकेंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की गयी लेकिन रिस्पांस नहीं मिला।

छापा मार कर 8 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

चिनिया। थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव में बिजली विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर 8 लोगों को मौके से अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा। सभी के ऊपर थाने में कनीय अभियंता दीपक कुमार ने लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पूछे जाने पर दीपक कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छतैलिया व बेता गांव में छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। इन सभी के ऊपर क्षति पूर्ति का जुर्माना लगाते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 बटा 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस कार्रवाई से चोरी से बिजली जलाने वालों में हड़कंप मचा है।

दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

केतार। के तार - खरौंधी मुख्य पथ पर दासीपुर गांव के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कांडी थाना क्षेत्र के सतबहिनी गांव निवासी ललू यादव का पुत्र बिपिन यादव बाइक से उत्तर प्रदेश के राबर्ट्सगंज जा रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। इसमें बिपिन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरा बाइक चालक चेचरिया गांव निवासी बबुंदर यादव बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने घायल बाइक चालाक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पीएस आई संजय हेंब्रम ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

संक्षिप्त

डायन कुप्रथा को लेकर थाने में हुई बैठक

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना परिसर में गुरुवार को डायन कुप्रथा जागरूकता अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध ग्रामीणों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने किया। बैठक में डायन कुप्रथा पर विस्तार से चर्चा किया करते हुए डायन अधिनियम 2001 के तहत सजा व दंड के प्रधान की भी जानकारी लोगों को दी गई। बताया गया कि डायन कह कर प्रताड़ित करना भी कानूनन अपराध है। यहां तक कि डायन कह कर दूसरे को भड़काने वाले भी दंड के भागी होते हैं। डायन बिसाही के साथ झाड़-फूंक व ओझा गुनी भी गैर कानूनी है। इस कार्य में संलिप्त लोगों को भी जेल हो सकता है। इस कानून के तहत तीन माह का कारावास व 1000 रुपये का जुमार्ना लग सकता है। बैठक में पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, गणेश सिंह, मुकेश कुमार साव, चमारी प्रसाद दांगी, ब्रजेश कुमार सिन्हा, देवनारायण दांगी, अब्राहम नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

आरबीआई ने किया प्रश्नोत्तरी का आयोजन

चतरा। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वधान में जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा के नेतृत्व में जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता पर आखिल भारतीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक रांची कार्यालय के सहायक प्रबंधक धर्मवीर सिंह मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में प्रखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और क्रमशः 10000, 7500, 5000 का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमे जनता उच्च विद्यालय पथलगड़ा के मंजीत राज व स्वेता कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किये। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, स्वधार फिनएक्सेस के पथलगड़ा सीएफएल के ट्रेनर पिंटू कुमार वर्मा, पवन रजक, कान्हाचट्टी सीएफएल के ट्रेनर अजीत कुमार सिंह और विनोद कुमार पांडेय, मनीष कुमार व संबंधित स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे।

बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक कल

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड थाना परिसर में बकरीद पर्व सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक आहुत की गई है। उपरोक्त जासनकारी देते हुए थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने दोनो समुदाय के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति की बैठक में शामिल होने की अपील की। आगे बताया बैठक थाना परिसर में शाम 03.00 बजे बुलाई गई है।

किसानों को दी जैविक उर्वरकों की जानकारी

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के शीशी पंचायत में गुरुवार को कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड, झारखंड द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत संकर बीज बिक्री अभियान प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह मुख्य राज्य प्रबंधक (बिहार एवं झारखंड), राकेश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक और ग्रामीण विकास ट्रस्ट से वीके तोमर, अबूरेहान अंसारी और एफपीओ के निदेशक माधुरी देवी और कृषि धन के प्रोपराइटर अनूप महलका शामिल हुए। क्षेत्रीय प्रतिनिधि के द्वारा किसान मित्रों का स्वागत करते हुए मुख्यतः धान की खेती पर चर्चा की गई। प्रोग्राम में मुख्य आतिथि द्वारा कृषकों की गतिविधि पर चर्चा एवं पर्यावरण का संतुलन करने एवं तरल जैव ऊर्वरक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 200 किसानों के बीच निःशुल्क तरल जैव उर्वरक वितरित किया गया।

मम्मा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया

लातेहार। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लातेहार बाईपास रोड सोन भवन में मम्मा सरस्वती का स्मृति दिवस मनाया गया। इस मौके पर मम्मा के चित्रों पर सभी भाई-बहनों ने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजालि अर्पित की। मम्मा का जन्म 1920 में माता रोचा, पिता पोकर दास के घर अमृतसर, पंजाब में हुआ था। अल्प आयु में ही बाबा का ज्ञान मिला और शुरू से ही ज्ञान को धारण कर औरों को सुनाती थी। सभी भाई-बहनो को मां की तरह पालना देती थी और सभी का दिल जीत लेती थी। आरंभ से ही मम्मा की भूमिका ज्ञान यज्ञ में विशिष्ठ रही। ओम मंडली 1950 में माउंट आबू में बस गयी और संपूर्ण भारत में सेवा का विस्तार होने लगा। मम्मा ब्रह्मा बाबा के दाहिना हाथ थी। 28 वर्षो के निरंतर ज्ञान मंथन व तीव्र पुरुषार्थ के बाद जून 1965 में समूर्ण बन गयी। इस कार्यक्रम में बी के गंगोत्री, बी के आशा बहन, बी के नवीन, आशीष बिनोद, अनिल, रुपेश, बी के ज्योति, सुनीता, पूनम, कंचन, खुशबु आदि ने भाग लिया।

कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बारियातु। प्रखंड अंतर्गत सालवे पंचायत सचिवालय परिसर में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की ओर से कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी, जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, आमंत्रित अतिथि उप प्रमुख निशा शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत, उप मुखिया, रंजीत कुमार, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे। जेएसडीएमएस प्रोग्राम असिस्टेंट अभिषेक कबूयप कहा कि कौशल के बिना जिंदगी अधुरी है। जिला- कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की तरफ से चल रहे विभिन्न प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कौशल विकास के अंतर्गत लातेहार जिला में 18-35 वर्ष के युवक युवतियों को विभिन्न प्रकार के 40 ट्रेंड के प्रशिक्षण निशुल्क दिया जा रहा है।

यौन शोषण के आरोपी को भेजा बाल सुधार गृह

चंदवा। मालहन पंचायत में नाबालिग के साथ यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराते हुए आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नवीन मेल संवाददाता। केतार

पंचायत सचिवालय केतार के प्रांगण में गुरुवार को केतार पैक्स प्रबंधन समिति के गठन के लिए अध्यक्ष पद को लेकर बंशीधर नगर प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह केतार निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष मिथलेश कुमार गुप्ता, नीतीश कुमार, अमर नाथ जयसवाल, रवि कुमार रवि ने केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया। निर्वाचन पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि केतार पैक्स के अध्यक्ष पद हेतु चार प्रत्याशियों का नामाकंन स्वीकृत किया गया है। आगामी 24 जून को नामांकन वापसी का समय निर्धारित है। नामांकन वापसी के पश्चात

4 जुलाई को केतार पैक्स चुनाव का मतदान कराया जाएगा और उसी दिन चुनाव का रिजल्ट भी घोषित किया जाएगा। इस मौके पर मजिस्ट्रेट आनंद कुमार, पीएसआई संजय हेंब्रम, मुखिया प्रमोद कुमार, राजनाथ जयसवाल, नीतीश कुमार, अवधेश प्रसाद, बीरबल मेहता, शिवदत्त मेहता, अरविंद बैठा, महेंद्र पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

कमीशन के नाम पर लाभुकों के पैसे का गबन

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

प्रखंड में मनरेगा भेंडर की ओर से अधिकारियों के कमीशन के नाम पर लाभुकों के पैसे का गबन किया जा रहा है। इस लाभुकों ने इस संबंध में उपायुक्त के नाम बीडीओ को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। लाभुक बाला प्रसाद यादव, अनिता देवी, राम सरकार मिश्रा, अजमेरी बीबी, संजय राम, शिव शंकर प्रसाद, चनरदेव राम, अजय ठाकुर, चरकु राम, मंसूर अंसारी, लालू सिंह, प्रेम राम, जयनन्दन यादव, सुभान अली सहित दर्जनों लभुक ने बताया कि भेंडर अलियास अंसारी द्वारा लाभुक को किसी भी तरह की कोई भी सामग्री नहीं दी जाती है। केवल लेटर पैड पर फर्जी सामग्री लिख

कर दी जाती है। लाभुक बाला यादव के द्वारा बताया गया कि भेंडर के खाते में दो लाख बीस हजार पांच सौ रुपये आये थे। इसके बाद भेंडर द्वारा एक माह तक पैसा के लिए घुमाया जाता रहा। जब कुछ गणमान्य लोगों से शिकायत की तो एक लाख नवासी हजार रुपये ही दी गई। बाकी 31 हजार रुपये हड़प लिये। इसी प्रकार लाभुक अनिता देवी पति रामेश्वर राम से 24 हजार, राम सरकार मिश्रा से 33 हजार, अजमेरी बीबी से 43,450 रुपये संजय राम पिता कामत राम का 20 हजार रुपये, भेंडर द्वारा हड़प लिये गये। जब भेंडर अलियास अंसारी से पूछा जाता है तो बोला जाता है कि मेरा कोई बाल भी बांका नही कर सकता। हम सरकार द्वारा मनोनीत भेंडर हैं। सिर्फ कागज देते हैं और कमीशन लेकर बीडीओ सहित ऊपर तक पहुचाते हैं। भेंडर इलियास अंसारी से पूछे जाने पर कहा कि सभी का पैसा दे दिया गया है, झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

बैठक | पीडीएस दुकानदारों को बीडीओ का सख्त निर्देश

अनाज वितरण में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता। मनिका

मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार मे गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक हुई। इसमें उपस्थित प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे दुकानदारों को दिशा निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा की गांवों मे गरीब ग्रामीणों को ईमानदारी पूर्वक उनके कोटे का अनाज मिलना चाहिए। अनाज वितरण में अनियमितता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बीडीओ ने उपस्थित डीलरों को निर्देश देते हुए कहा कि एफसीआई गोदाम से सुनिश्चित समय पर अनाज का उठाव भी हो इसके प्रति भी डीलर सजग रहें। बीडीओ ने आगे कहा की गरीबों

के अनाज में कटौती करने की शिकायत पर सख्त कारवाई की जायेगी। बीडीओ ने सभी डीलरों से अनाज विवरण में आ रही कठिनाइयों के बावत भी सुना। उन्होंने कहा की कार्डधारियों के पर्ची निकालने के दौरान वैसे डीलर जो पत्थर या बटखारा रख कर कार्डधारियों का ऑनलाइन पर्ची निकालते है वैसे डीलरो को पकड़े जाने पर सीधा उनके लाइसेंस को निरस्त करने की कारवाई की जायेगी। इधर बीडीओ के सख्त दिशा निर्देश से डीलरों में हड़कंप मच गया है।

पेयजल की समस्याओं से जूझ रहे हेहेगड़ा के ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

प्रखंड अंतर्गत चुंगरू पंचायत के ग्राम हेहेगड़ा में चिरईकटवा टोला में ग्रामीण पेयजल समस्या जूझ रहे हैं। सरकार द्वारा आसपास के इलाकों में क्षेत्रों में करोड़ों रुपये खर्च कर गांव में पानी पहुंचाने की बात बेमानी साबित हो रही है। गांव के लोग पीने के पानी के लिए भारी समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा सरकार एक तरफ तो पानी की किल्लत को खत्म करने के लिए प्रयास कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ अधिकारी पानी की समस्या को समाधान करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। गांव में पेयजल सुविधाओं के अभाव रहने के कारण ग्रामीण एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर

कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है। लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से मांग करते हुए कहा कि गांव में लोगों के पीने के पानी की व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया जाए, जिससे लोगों की वर्षों पुरानी मांग का हल निकल सके।

आम को बाजार मिले

आज भले ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा सहित लगभग पूरे झारखंड में मालदा, आम्रपाली, गुलाबखस, लंगड़ा सहित आम की लगभग तमाम वैरायटी मौजूद हैं। पर 10-12 साल पहले इस क्षेत्र के लोग आम के नाम पर सिर्फ बीजू आम को ही जानते थे। पूरे आम बाजार में बीजू आम का शेयर 70 फीसदी से अधिक हुआ करता था। पूरे क्षेत्रीय बाजार में आम का दबदबा हुआ करता था। यहां के बीजू आम का स्वाद बिहार, बंगाल, ओडिशा से लेकर नेपाल तक के लोग लेते थे। मालदा, लंगड़ा जैसे आम सिर्फ बड़े शहरों में मिलते थे। झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम के बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है। इसलिए पेड़ों पर फले आम का लाभ पूरे गांव के लोग उठाते हैं। अभी आम पकने लगे हैं और गांववाले बगीचों से आम चुनकर बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन पर्यावरण असंतुलन, आम पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण बीजू आम का उत्पादन घटता जा रहा है। झारखंड में बीजू आम के उत्पादन में कमी के संबंध में आत्मा के उप परियोजना निदेशक का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम में काफी फेरबदल हुआ है। इसके कारण अब बसंत ऋतु में सभी आम पेड़ों पर मंजर नहीं आ पाते। इसके अलावा अनावृष्टिए ओलावृष्टि और तेज हवा के कारण आम के मंजर और टिकोरे बर्बाद हो जाते हैं। इसके अलावा समय पर बारिश नहीं होने से मधुवा सहित कई तरह के रोगों का प्रकोप आम के मंजर बढ़ जाता है। एक बड़े बीजू आम के पेड़ पर आठ से दस क्विंटल फल का उत्पादन होता है। लेकिन पर्यावरण प्रदूषण के कारण अब उत्पादन घटकर लगभग तीन से चार क्विंटल हो गया है। यदि आम की प्रोसेसिंग की जाये, तो इससे ग्रामीणों को लाभ हो सकता है। बीजू आम से अचार, अमचूरये अमावट सहित कई तरह के उत्पाद बनाये जा सकते हैं। इससे ग्रामीणों को आर्थिक लाभ तो होगा ही आम बर्बाद भी नहीं होंगे। कई महिला स्वयं सहायता समूह इस दिशा में सकारात्मक पहल भी कर रहे हैं। कोरोना काल के दौरान वाहनों का परिचालन नहीं होने एवं पर्यावरण संतुलन में सुधार के कारण बीजू आम का बंफर उत्पादन हुआ था। बेहतर पर्यावरण और समयानुकूल वर्षा के कारण 2019-20 में इस क्षेत्र में बीजू आम का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ था। आम का उत्पादन बढ़ाकर कई किसान अपनी स्थिति को सुधार रहे हैं। खासकर झारखंड में इसकी अपार संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके कई कारणों में यहां की धरती की बनावट इसके अनुकूल है। इसके देख रेख के लिए भी बहुत अधिक मेहनत की जरूरत नहीं है। अपने खेतों को पशुओं से बचाव के लिए कांटेदार घेरे से किया जा सकता है। समय पर पानी उपलब्ध कराते रहने की जरूरत है। पौधा जब बड़ा हो जाये तो कोई टेंशन की बात नहीं है। कमाई के लिए किसानों के पास यह एक बड़ा मौका है। ऐसे में यहां के किसानों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। इससे उनकी आमदनी में जहां इजाफा होगा,वहीं इन्हें किसी दूसरे पर निर्भर भी नहीं रहना होगा। इस बाबत पलामू के चेड़ाबार किसान टीपी सिंह ने बताया कि आम की फसल उगा कर वह जहां अपनी आमदनी बढ़ा लिये हैं,वहीं अपनी बेटियों की शादी भी किये। इसलिए मैं तो कहूंगा कि हर किसान आम की खेती करे।

झारखंड खासकर गुमला, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा, पलामू सहित कई अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीजू आम आय का अतिरिक्त साधन भी है। आमतौर पर गांव के बीजू आम के बगीचों में पूरे गांव वालों का अधिकार होता है।

दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है ओलम्पिक

भारत आधुनिक ओलम्पिक खेलों में 103 वर्ष का सफर पूरा कर रहा है। भारत ने पहली बार वर्ष 1900 में ओलम्पिक में हिस्सा लिया था। तब भारत की ओर से केवल एक एथलीट नॉर्मन प्रिचर्ड को भेजा गया था, जिसने एथलेटिक्स में दो रजत पदक जीते थे। हालांकि भारत ने अधिकारिक तौर पर पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया था। 2021 में टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक भारत की झोली में डाले थे। ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे। 776 ईसा पूर्व विधिवत रूप से शुरू हुए ओलम्पिक खेलों का सिलसिला उसके बाद निर्बाध रूप से 393 ई. तक अर्थात 1169 वर्षों तक चलता रहा। इन खेलों के माध्यम से ऐसा प्रदर्शन किया जाता था, जो मानव की शक्ति, गति एवं ऊर्जा का परिचायक माना जाता था। प्राचीन ओलम्पिक खेलों का आयोजन ईश्वर को श्रद्धांजलि देने के लिए किया जाता था। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत 23 जून 1948 को हुई थी। दरअसल आधुनिक ओलम्पिक खेलों का पहला आयोजन तो वर्ष 1896 में हुआ था लेकिन अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) की स्थापना पियरे द कुबर्तिन द्वारा 23 जून 1894 को की गई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष बने थे यूनानी व्यापारी डेमट्रियोस विकेलास। आईओसी का मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के लॉजेन में स्थित है और वर्तमान में दुनियाभर में 205 राष्ट्रीय ओलम्पिक समितियां इसकी सदस्य हैं। आईओसी के स्थापना दिवस 23 जून को ही बाद में अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष ओलम्पिक दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। आईओसी द्वारा प्रत्येक चार वर्ष के अंतराल पर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेल, शीतकालीन ओलम्पिक खेल और युवा ओलम्पिक खेल का आयोजन किया जाता है। पहला ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक वर्ष 1896 में यूनान के एथेंस में तथा पहला शीतकालीन ओलम्पिक 1924 में फ्रांस के चेमोनिक्स में आयोजित किया गया था। ओलम्पिक दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है, जिसमें दो सौ से ज्यादा देश हिस्सा लेते हैं। फ्रांस के युवा शिक्षाशास्त्री पियरे द कुबर्तिन ने आधुनिक ओलम्पिक खेलों की आधारशिला रखी थी और उनके द्वारा 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति की स्थापना किये जाने के बाद नये रूप में 1896 से आधुनिक ओलम्पिक खेलों का आयोजन शुरू हुआ। उसके बाद ओलम्पिक खेल प्राचीन ओलम्पिक खेलों की ही भांति हर चार वर्ष के अंतराल पर आयोजित किये जाने लगे। एक जनवरी 1863 को जन्मे पियरे द कुबर्तिन की उम्र उस वक्त सिर्फ सात साल थी, जब 1870 में फ्रैंच-परसियन लड़ाई में जर्मनी ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया था। माना जाता है कि उस हार के कुछ वर्षों बाद कुबर्तिन इसका विश्लेषण करने पर इस नतीजे पर पहुंचे कि फ्रांस की हार का कारण उसकी सैन्य कमजोरियां नहीं बल्कि फ्रांसीसी सैनिकों में ताकत की कमी थी। जर्मन, ब्रिटिश और अमेरिकन बच्चों की शिक्षा का अध्ययन करने के बाद कुबर्तिन ने पाया कि उन्हें ताकतवर और हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने में खेलों में उनकी भागीदारी की सबसे प्रमुख भूमिका थी जबकि फ्रांसीसी खेलों में भागीदारी के मामले में काफी पिछड़े थे। उसके बाद कुबर्तिन ने कोशिशें की कि फ्रांसीसियों को किसी भी तरह खेलों के प्रति आकर्षित किया जाए लेकिन उन्हें इन प्रयासों में उत्साहजनक सफलता नहीं मिली किन्तु कुबर्तिन अपने इरादों पर दृढ़ थे। 1890 में कुबर्तिन ने 'यूनियन डेस सोसायटीज फ्रांसीसीज द स्पोर्ट्स एथलेटिक्स' नामक एक खेल संगठन की नींव रखी और उसके दो वर्ष बाद कुबर्तिन के दिमाग में ओलम्पिक खेलों को पुर्नजीवन देने का विचार आया। खेल संगठन की 25 नवम्बर 1892 को पेरिस में हुई एक मीटिंग में उन्होंने इस संबंध में अपने विचार भी रखे किन्तु उनके उस भाषण से कुछ हासिल नहीं हुआ। उसके दो वर्ष बाद कुर्बतिन ने 9 देशों के कुल 79 डेलीगेट्स की एक मीटिंग आयोजित की। इस मीटिंग में कुर्बतिन ने पूरे उत्साह से ओलम्पिक खेलों की नये सिरे से पुनः शुरूआत करने संबंधी भाषण दिया और इस बार वह लोगों को अपने विचारों से प्रभावित करने में सफल हुए। कांफ्रेंस में सभी डेलीगेट्स ने एकमत से ओलम्पिक खेल कराये जाने के पक्ष में वोट दिया और तय किया गया कि कुर्बतिन इन खेलों के आयोजन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समिति का गठन करें। उसके बाद 'अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' का गठन हुआ, जिसके प्रथम अध्यक्ष के रूप में ग्रीस के डेमट्रियोस विकेलास का चयन हुआ। प्रथम ओलम्पिक खेलों के आयोजन के लिए एथेंस को चुना गया और इसकी तैयारियां शुरू हुई। 5 अप्रैल 1896 को प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरूआत हुई। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक खेलों का उद्घाटन 5 अप्रैल 1896 को एथेंस (यूनान) में किंग जॉर्ज पंचम द्वारा किया गया। अमेरिका के जेम्स बी. कोनोली को पहले आधुनिक ओलम्पिक खेल में प्रथम ओलम्पिक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल है। पहले ओलम्पिक खेल की प्रतियोगिताओं में महिलाओं के भाग लेने पर प्रतिबंध था किन्तु सन् 1900 में दूसरे ओलम्पिक में महिलाओं को भी ओलम्पिक खेलों के जरिये अपनी प्रतिभा का परिचय देने का अवसर मिल गया। प्रथम आधुनिक ओलम्पिक में भाग लेने वाले कुछ खिलाड़ी तो ऐसे भी थे, जो उस वक्त एथेंस में ही पर्यटक के तौर पर पहुंचे हुए थे। 1896 से ओलम्पिक खेलों का आयोजन नियमित होता रहा है लेकिन प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध के कारण 1916, 1940 तथा 1944 के ओलम्पिक आयोजन रद्द करने पड़े थे। यूनान (ग्रीस), ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया तथा फ्रांस ही पांच ऐसे देश हैं, जिन्होंने अब तक हर ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में हिस्सा लिया है। ओलम्पिक खेलों के उद्घाटन के समय स्टेडियम में सबसे पहले ग्रीस की टीम प्रवेश करती है। उसके बाद मेजबान देश की भाषानुसार वर्णमाला के क्रम से एक-एक करके दूसरे देशों की टीमें स्टेडियम में प्रवेश करती हैं जबकि मेजबान देश की टीम सबके बाद स्टेडियम में पहुंचती है। **(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

ओलम्पिक खेलों की शुरूआत करीब 2798 वर्ष पूर्व ग्रीस में जीयस के पुत्र हेराकल्स द्वारा की गई मानी जाती है किन्तु ऐसी धारणा है कि यह खेल उससे भी काफी पहले से ही खेले जाते रहे थे।

इन दिनों

योगेश कुमार गोयल

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान लक्ष्मण की कथा

गीता भगवद्गीता के पाठ किये हमें भी बताओं तब बाई ने कहामैंने तो माता सीता से प्रतिदिन राम कथा सुनी और नियम से उद्यापन कियो तब समस्त ग्रामीण राम कथा सुनने की जिद करने लगे` तब बाई राम कथा कहने लगी और सब नर नारी सुनने लगे , राम कथा सम्पूर्ण होते ही समस्त नगरी सोने की हो गई` बाई ने कहा जो कोई राम कथा सुनेगा उसको मेरे समान ही फल मिलेगा `सब राम लक्ष्मण जी की जय जय कार करने लगे और विमान स्वर्ग में चला गयो सात स्वर्ग के दरवाजे खुल गये` पहले द्वार पर नाग देवता , समस्त देवी देवता पुष्प वर्षा करने लगे देवताओं ने पूछा की तूने क्या पुण्य किया तब उसने कहा मैंने तो राम लक्ष्मण जानकी की कहानी सुनी तू समस्त देवताओं ने कहा वर मांग तब उसने कहा मेरे तो सब सिद्धिया हैं` मुझे यह वर दो की जो भी श्रद्धा ० भक्ति से राम कथा , राम लक्ष्मण जानकी की कहानी सुनेगा उसको मेरे समान ही फल मिले सभी देवताओं ने पुष्प वर्षा करते हुए ततास्तु कहा` चारों और राम राम की जय जयकार होने लगी

(समाप्त)

आईये सुने छठ माता की कथा

हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक छठ महाव्रत मनाया जाता है। इसमें भगवान सूर्यदेव की पूजा होती छठ व्रत खासतौर पर पुत्र प्राप्ति के लिए किया जाता है। छठ पर छठी मैया के जयकारे के साथ आराधना की जाती है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों में यह प्रमुख तौर पर मनाया जाता है...

छठ व्रत कथा : दिवाली के 6 दिन बाद छठ मनाया जाता है। छठ के महाव्रत को करना अत्यंत पुण्यदायक है। छठ व्रत सबसे महत्त्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि को होता है। सूर्योपासना का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है।

(क्रमशः)

बहाने याद आये वीर बंदा बैरागी के

इस समय राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे कई विषयों में से एक फिल्म 'आदिपुरुष' की चर्चा भी है । चर्चा के केंद्र में फिल्म से अधिक इसके संवाद लिखने वाले मनोज मुंतशिर हैं, जिनकी रचनाएं पिछले दिनों राष्ट्रीय चेतना जागरण के संदर्भ में देश भर में चारो ओर सुनाई देती रही हैं। अभी भी देश में अनगिनत लोग ऐसे मिल जायेंगे जिनके मोबाइल की रिंगटोन मनोज मुंतशिर के लिखे किसी गाने के मुखड़े से शुरू होती है। यहां बात फिल्म 'आदिपुरुष' में लिखे संवाद पर विवाद की हो या बजरंगबली को उनके द्वारा प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त कहे जाने पर, जो भी हो। फिलहाल सर्वत्र उनसे जुड़ा विवाद इतना गहराया हुआ है कि कल तक उनके जो समर्थक रहे, आज वह उनसे नाराज हैं। उनके लिए जो नहीं कहा जाना चाहिए, वह तक कहा जा रहा है। कुछ हद तक यह स्वभाविक भी लगता है। क्योंकि जिस जनता ने इन्हें नाम और पहचान दी, वही आज उनसे नाराज होने का हक भी रखती है। क्योंकि जिससे उम्मीद ना हो यदि वह ऐसा कुछ कर गुजरे जो उसे नहीं करना था तो स्वभाविक परिणाम ऐसे ही आते हैं। देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं । हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है। किंतु इस सबके बावजूद कहना होगा कि थोड़ा ठहरिए! समग्रता से विचार करिये हम जो मनोज मुंतशिर को लेकर सोच रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है? हो सकता है वे तथाकथित सेक्युलरिज्म के शिकार हो गये हों । मुंबई जैसे बड़े महानगर में यह भी हो सकता है कि सिनेमा जगत से जुड़े उनके किसी साथी ने उन्हें नया करने के लिए कहा हो और वह इस फिल्म के अनेक संवादों में कुछ ऐसे संवाद प्रयोगात्मक रूप से लिख गए, जो अब उनकी आलोचना का कारण बने हुए हैं। वस्तुतः मनोज मुंतशिर के साथ अभी जो घट रहा है उसको लेकर वीर बंदा बैरागी का समय याद आ गया। इतिहास में जो उनके साथ घटा दूसरे अर्थों में ऐसा ही कुछ इस लेखक के साथ हो रहा है। बंदा बैरागी एक ऐसा नाम जिसने उत्तर भारत के क्षेत्र में अपने समय के उस मिथक को तोड़ दिया था कि आतंक के प्रतीक मुगलों पर कभी भी विजय प्राप्त नहीं की जा सकती । बंदा बैरागी ने तत्कालीन समय में हिन्दू एवं सिखों को साथ लेकर एक ऐसी सेना का गठन किया, जिन्होंने न केवल खालसा पंथ की नींव को मजबूत किया बल्कि मुगल सेना को भी सशक्त योजना से जीता था। आज का पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल समेत पाकिस्तान में जा चुका बहुत बड़ा क्षेत्र इस बात का गवाह है कि बंदा बैरागी अजय योद्धा में रूप में मुगलों के सामने खड़े थे, जिन्हें झुकाना और हराना मुगलों के लिए संभव नहीं हो रहा था। इनका पराक्रम इतना अधिक रहा साहबजादों की शहादत का बदला इन्होंने लिया। गुरु गोबिन्द सिंह द्वारा संकल्पित प्रभुसत्ता 'खालसा राज' की राजधानी लोहगढ़ में सिख राज्य की नींव रखी। गुरु नानक देव और गुरु गोबिन्द सिंह के नाम से सिक्का और मोहरें जारी की, निम्न वर्ग के लोगों की उच्च पद दिलाया और अपने समय में हल वाहक किसान-मजदूरों को जमीन का मालिक बनाया। अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध एवं सत्य के लिए सदैव डटकर खड़े रहनेवाले एक वीर योद्धा के रूप में उनका इतिहास में महत्व कितना अधिक है, यह गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, वीर सावरकर तथा मैथिलीशरण गुप्त द्वारा उन पर लिखी कविताओं से लगाया जा सकता है।

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

देखा जाए तो मनोज मुंतशिर इस समय बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। उनकी कही हर बात के समानार्थी दूसरे अर्थ भी निकाले जा रहे हैं। हर कोई जहां देखो वहां, उन्हें कटघरे में खड़ा करता हुआ नजर आ रहा है।

देश-विदेश

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि यह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख में वृद्धि करता है।

शेयर निवेश-मेडिकल शिक्षा क्षेत्र में कामयाबी की नई तस्वीर

बीते दिनों उत्तर प्रदेश (यूपी) को लेकर दो बड़ी खबरें आईं, जिसने देश के सबसे बड़े सूबे की अलग छवि दुनिया के समक्ष पेश की। पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नये निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नये डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। इस तरह यूपी की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नये निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था। शेयर बाजार में यूपी के बढ़ते कदम के लिए राज्य की जनता की आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता उठाने की प्रकृति प्रमुख वजहें हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ का धंधा मात्र यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30% की वृद्धि हुई है। इस बीच, अगर हम बीते कुछ सालों पर नजर दौड़ाएं तो यूपी से 2021-22 में 92 लाख निवेशक थे। यह आंकड़ा 2022-23 में हो गया 1.27 करोड़। दूसरी खबर नीट-यूजी से जुड़ी है। डॉक्टरी शिक्षा में दाखिले के लिए आयोजित इस परीक्षा में यूपी के अभ्यार्थियों ने सर्वाधिक बाजी मारी। इस वर्ष के परिणाम में सबसे ज्यादा संख्या यूपी के विद्यार्थियों की रही। महाराष्ट्र और राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन दोनों खबरों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की प्रत्यक्ष तस्वीर हमारे सामने रख दी है। इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महसूस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों- आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। बेशक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है।

आर.के.सिन्हा

बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नये डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया। यूपी की एक साल में 37% की बढ़त हुई है।

धर्म ज्ञान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

नवादा में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

नवादा। नवादा में सड़क दुर्घटनाओं में गुरुवार को 3 लोगों की मौत हो गयी । दुर्घटना में मृतकों की पहचान सीमा कुमारी, दरोगी चौहान और जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। तीनों की मौत अलग-अलग घटना और स्थान पर हुई है।पहली घटना हिसुआ थेन के बैजनाथपुर गांव के समीप हुई. जहां तेज रफ्तार पिकअप ने खड़ी बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें भभुआ जिला निवासी घनश्याम प्रसाद का पुत्र जितेंद्र कुमार की मौत हो गई है। वहीं दूसरी घटना क्लौन्दा गांव के समीप हुई जिसमें साइकिल से मार्केट जा रहे दरोगी चौहान को पिकअप गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।
तीसरी घटना संगमा मोड़ के समीप हुई. तेज रफ्तार अनियंत्रित रिक्शा पलटने से 8 वर्षीय मासूम बच्ची बिजली मांझी की पुत्री सीमा कुमारी की मौत हो गई। अलग-अलग स्थानों पर मौत के बाद घटनास्थल पर मौके पर पहुंचकर पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है।

पंचायत चुनाव : दस्तावेजों से छेड़छाड़ की सीबीआई जांच के खिलाफ याचिका

कोलकाता। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले विपक्षी माकपा, कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों के दस्तावेजों से छेड़छाड़ की सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग ने खंडपीठ में याचिका लगाई है। राज्य की ओर से अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने याचिका लगाई है। न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और अपूर्व सिन्हा की खंडपीठ में याचिका लगाई गई है जिस पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। बुधवार को पंचायत चुनाव संबंधी मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ ने दस्तावेजों से छेड़छाड़ की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। आरोप है कि बैंक के अधिकारियों ने दस्तावेजों से छेड़छाड़ किया है। न्यायाधीश ने कहा था कि मामला राज्य सरकार के अधिकारियों से जुड़ा हुआ है इसलिए राज्य पुलिस को जांच देने का कोई औचित्य नहीं है। अब इसी फैसले के खिलाफ खंडपीठ में याचिका लगाई गई है।

ट्रक ट्रेलर की टक्कर में तीन की मौत, एक की हालत गंभीर

कौशांबी। जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। तेज रफ्तार बालू लदा हुआ ट्रक गलत साइड से जाकर ट्रेलर से टकरा गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर घायल है। घायल को पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कोखराज और सैनी थाना बॉर्डर ननमई मोड़ है। जहां कानपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक आ रहा था। तभी अचानक तेज रफ्तार गलत साइड से जा रहा बालू लदा ट्रक ट्रेलर ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के केबिन के परखच्चे उड गए। ट्रक और ट्रेलर ट्रक में बैठे सभी लोग केबिन में फंस गए। हादसे के बाद लोगों की भीड जमा हो गई। लोगों की सूचना पर पहुंची तीन थानों की फोर्स जेसीबी से केबिन में फंसे लोगों को घंटों मशक्कत के बाद निकाला। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि एक युवक को गंभीर रूप से घायल अवस्था में निकाला गया। ट्रक हादसे में ट्रक चालक शबीहुल प्रतापगढ़ निवासी, ट्रेलर चालक रामजीत सैनी और क्लीनर राजस्थान निवासी बबलू की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग और पुलिस ने जेसीबी और गैस कटर की सहायता से केबिन में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला।

सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए सीएम योगी, कहा

महिला सशक्तिकरण को सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी। गोरखपुर
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को नकार कर कोई भी समाज सशक्त नहीं हो सकता। आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना विकास की अवधारणा असंभव है। समाज को सशक्त करने के लिए महिलाओं के प्रति अत्याचार को रोकना होगा, सशक्तिकरण के कदम उठाने होंगे। इसे समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार नारी गरिमा की रक्षा व सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में काम कर रही है।
मुख्यमंत्री गुरुवार पूर्वाह्न चंपा देवी पार्क मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दहेज की सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ सामूहिक विवाह योजना एक सकारात्मक अभियान है। दहेज एक सामाजिक कुरीति है और दहेज मुक्त विवाह के अभियान में पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक दो लाख से अधिक शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है। डबल इंजन की सरकार का यह सामूहिकता का प्रयास है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार महिला सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। हर बेटी, बहन के लिए सुरक्षा के वातावरण में पढ़ाई, रोजगार और सम्मान देने के कार्य पूरी प्रतिबद्धता से चलाए जा रहे हैं। प्रदेश में कन्या के जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलाई जा रही है तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। कन्या की स्नातक की पढ़ाई के बाद उसकी शादी के लिए भी किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है। यह गांव की बेटी, सबकी बेटी की भावना के अनुरूप है। सीएम योगी ने महिला कल्याण के क्षेत्र में सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना आदि योजनाओं का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए उनकी सरकार ने पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं की भर्ती को अनिवार्य कर दिया है। 1947 से लेकर 2017 तक यूपी पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या दस हजार थी, आज यह संख्या चालीस हजार है। 2017 के बाद महज छह वर्षों में यह संख्या चार गुना हो गई है। इस तरह के अभियान को गति देते हुए गोरखपुर में पीएसी की महिला बटालियन की स्थापना के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में डेढ़ हजार जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दो अल्पसंख्यक जोड़ों समेत दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।
इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद रविकिशन शुक्ल, कमलेश पासवान, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक श्रीराम चौहान, फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, डॉ विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि भी उपस्थित रहे।

बिहार: मंत्री के साले के घर ईडी का छापा

एजेंसी। बेगूसराय
भारत सरकार की विशेष जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय चौधरी के साले अजय कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह के बेगूसराय स्थित आवास पर छापेमारी की। छापेमारी फिलहाल जारी है।
ईडी एवं आयकर विभाग की टीम के अधिकारी, केंद्रीय सुरक्षाबलों की टीम के साथ सुबह पांच बजे ही अजय कुमार सिंह के श्रीकृष्ण सिंह नगर स्थित आवास पर पहुंचे और वहां छापेमारी की। समाचार भेजे जाने तक छापेमारी जारी है और इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। सुरक्षा बलों की टीम ने घर के मुख्य द्वार को बंद कर दिया तथा गली में भी किसी को जाने नहीं दिया जा रहा है।
उल्लेखनीय है कि मटिहानी निवासी अजय कुमार सिंह उर्फ कारू सिंह बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी के साले हैं तथा जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी इनका करीबी संबंध है। बड़े उद्योगपतियों में शुमार अजय कुमार सिंह की फुलवरिया थाना क्षेत्र के गौड़ा में लोहा फैक्ट्री सहित कई अन्य कारोबार है। संभावना जताई जा रही है कि फैक्ट्री एवं अन्य कारोबार में प्राप्त आय को छुपाने तथा अन्य कारणों से यह छापेमारी की जा रही है। छापेमारी की सूचना मिलते ही कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। राजनीतिक एवं उद्योग जगत में तरह-तरह की चचाएं हैं।

भाजपा को न राम से मतलब है न हनुमान से, बस वोट से : भूपेश

एजेंसी। अनूपपुर
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिपुरुष फिल्म को लेकर भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा को न राम से मतलब है और न ही हनुमान से, इनको केवल अपने व्यवसाय और वोट से मतलब है। बघेल मध्य प्रदेश के अनूपपुर के अमरकंटक पहुंचे और उन्होंने यहां नर्मदा उद्गम स्थल पर पूजा अर्चना की, साथ ही रात्रि विश्राम किया।
बघेल ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जहां तक 370 धारा को हटाए जाने की बात है, भाजपा के घोषणा पत्र में था और इसके लिए लंबे समय से वो संघर्ष कर रहे थे, लेकिन वहां राज्य को विघटित कर दिया गया, वहां न लोगों को विश्वास में लिया, न तो वहां की जनता को विश्वास में लिया और न ही राजनीतिक दलों को विश्वास में लिया। यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों के साथ धोखा है।
अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए भूपेश बघेल ने कहा, जहां तक राम मंदिर की बात है, राम मंदिर का निर्माण सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से हुआ है। इनके कहने से नहीं हुआ है। इनका अब तक जो दिखाई देता है वह यह है कि न तो इन्हें राम से मतलब है और न ही हनुमान से। इनको केवल अपने व्यवसाय और वोट से मतलब है। इनकी आस्था नहीं है। अगर आस्था इनकी होती तो जिस प्रकार से आदिपुरुष फिल्म आई है, इसमें सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को धन्यवाद दिया गया है। अभी तक उनके किसी भी मुख्यमंत्री का बयान नहीं आया है। इसका मतलब यह है कि जो फिल्म है यह भाजपा के द्वारा प्रोजेक्ट की गई है और हमारे हनुमान जी, राम जी को लोगों की मन में जो तस्वीर और छवि है, उसे बिगाड़ने की कोशिश है।

चार्टेड अकाउंटेंड के घर और कार्यालय में ईडी का छापा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में गुरुवार को आयकर विभाग की टीम ने एक चार्टेड अकाउंटेंड के घर और कार्यालय में छापा मारा है। गुरुवार सुबह से आयकर विभाग की यह कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम चार्टेड अकाउंटेंड सतेंद्र जैन के तेलीबांधा स्थित ऐश्वर्या रेसीडेंसी स्थित निवास और कार्यालय में पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। चार्टेड अकाउंटैंड सतेंद्र जैन का बेटा विपुल जैन और बेटी ऋतु जैन के नाम सोलर प्लांट का सरकारी सप्लाई का बिजनेस है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मनी लॉड्रिंग, कोल घोटाला व शराब घोटाले को लेकर लगातर छापेमारी कर रही है। चार्टेड अकाउंटेंड सतेंद्र जैन के घर पर ईडी कार्रवाई कर रही है।

अब हर जिले में मेडिकल कालेज और नर्सिंग कालेज बनेगा: भूपेंद्र

एजेंसी। सागर
नगरीय आवास और विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अब प्रदेश के हर एक जिले में मेडिकल कालेज खुलेगा। इसके साथ ही नर्सिंग कालेज भी बनेंगे। कई जिलों में इसकी स्वीकृति हो चुकी है। कुछ कालेज शुरू हो गए है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह बुधवार को बुंदेलखंड मेडिकल कालेज सागर में समाजसेवी स्व हुकुमचंद साहू की स्मृति में वाटर कूलर के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बीएमसी में दो वाटर कूलर का लोकार्पण और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर सुविधाओं देने वालो का सम्मान किया। कार्यक्रम में महापौर संगीता तिवारी, महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी, दानदाता राहुल साहू, डीन आरएस वर्मा और अधीक्षक डी के पिप्पल मोजूद रहे। कार्यक्रम में राहुल साहू ने मंत्री भूपेंद्र सिंह को स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मेडिकल कालेज आते है तो इस बात की अनुभूति होती है कि मेडिकल कालेज की सबके जीवन के लिए कितनी जरूरत है। मेडिकल कालेज वह माध्यम है जिससे लोगों को जीवन मिलता है और रोजगार के अवसर मिलते हैं। इस समय देश में 10 लाख डॉक्टर्स और 17 लाख नर्सों की जरूरत है। आजादी के 75 साल बाद यह स्थिति दुखद है। पूर्व की सरकारों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। इससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल सकी और रोजगार भी नही मिला।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि हरेक जिले में मेडिकल कालेज बने और बनना शुरू हो गये हैं। जैसे छतरपुर ,दमोह में मंजूरी मिल चुकी है। वही रायसेन और विदिशा में कालेज शुरू हो गए है और अब इनके साथ नर्सिंग कालेज भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि बीएमसी हम लोगों की लगातार मेहनत और संघर्ष की देन है।

शिवहर में बैंक ऑफ बड़ौदा से 27 लाख की लूट

एजेंसी। शिवहर
बिहार के शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र में गुरुवार को हथियारों के बल पर अज्ञात अपराधी एक बैंक में धावा बोलकर करीब 20 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। इस दौरान विरोध करने पर लुटेरों ने गार्ड को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस अब मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अंबा कला स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में ग्राहक बनकर लुटेरे पहुंचे। इसके बाद हथियार के बल पर बैंककर्मियों को अपने कब्जे में ले लिया। लुटेरों ने हथियार का भय दिखाकर वहां रखे 20 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। इस दौरान विरोध करने पर लुटेरों ने गार्ड को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। लुटेरों की संख्या पांच बताई जा रही है। बताया जाता है कि लुटेरों ने भागने के क्रम में दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग भी की है। पुलिस का कहना है कि लूट की रकम अभी बढ़ भी सकती है।
इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। शिवहर के पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार राय भी बैंक पहुंचे और बैंक का निरीक्षण किया। राय ने बताया कि घायल गार्ड को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है लुटेरों की पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 जून को

जगदलपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में लाइवलीहुड कॉलेज आडावाल, जगदलपुर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 जून को शनिवार सुबह 11 बजे से रखा गया है। इस प्लेसमेंट कैम्प में बेराजगारी भत्ते के लाभार्थी हितग्राही एवं अन्य युवा वर्ग भाग ले सकते है। प्लेसमेंट कैम्प में बालाजी महेन्द्रा मोटर शो रूम, स्काई ऑटो मोबाइल, सुजकी ऑटो, साई सिक्योरिटी, मगया इलेक्ट्रीकल, गार्डियन सिक्योरिटी फोर्स, नमन हाइट नमन बस्तर, आनंद फ्यूसन माइक्रोफाइनेस हाईलेंडर बाइक्स संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

एल-20 शिखर सम्मेलन विश्व को दिशा देने के लिए तत्पर होगा : राज्यपाल

एजेंसी। पटना
राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कहा कि बिहार की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित एल-20 का शिखर सम्मेलन विश्व को दिशा देने के लिए तत्पर होगा, ऐसा विश्वास है। बिहार ने सत्य, अहिंसा और ज्ञान का संदेश विश्व को दिया है। इस ज्ञान भूमि पर पधारे आप महानुभावों का विचार विश्व को फायदा पहुंचायेगा।
स्थानीय ज्ञान भवन में गुरुवार को एल-20 के शिखर सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर राज्यपाल आर्लेकर ने कहा कि बिहार की धरती अद्भुत है। नालंदा का प्राचीन विश्वविद्यालय इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने देशी-विदेशी प्रतिनिधियों से कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप बिहार की धरती पर आनंदित होंगे और बेहतर अनुभव प्राप्त करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस रणनीति जरूरी है। सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए सुरक्षा आवश्यक है। महिला सुरक्षा पर निर्णय लिया जाना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि अच्छे समाज के निर्माण के लिए व्यक्तित्व का निर्माण जरूरी है, क्योंकि यदि हमारा व्यक्तित्व अच्छा होगा, तो हम अच्छे समाज की परिकल्पना कर सकते हैं। उद्घाटन अवसर पर एल-20 के अध्यक्ष सह भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या ने कहा कि यह भारतवासियों के लिए गौरव की बात है कि जी-20 की मेजबानी भारत कर रहा है। वहीं, एल-20 की मेजबानी का अवसर भारतीय मजदूर संघ को मिला है।इस अवसर पर एमइए के स्पेशल सेक्रेटरी मुक्तेश परदेशी, सीआइआइ के उपाध्यक्ष लोहित भाटिया, हरमांटो अहमद (इंडोनेशिया), रुथ कोहो (ब्राजील) आदि मंचस्थ थे। मंच का संचालन एस मल्लेशम एवं धन्यवाद ज्ञापन टीयूसीसी के महासचिव पी तिवारी ने किया।

राजनीति राजद और जदयू की आलोचना पर हम सुप्रीमो मांझी ने किया पलटवार, कहा

भाजपा के सहारे सीएम बनने वाले कह रहे गद्दार

एजेंसी। नई दिल्ली
एनडीए गठबंधन में शामिल होने पर जेडीयू और आरजेडी की तरफ से आलोचना का सामना कर रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के संस्थापक संरक्षक जीतन राम मांझी ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा के समर्थन के बल पर बिहार में मुख्यमंत्री बनने वाले लालू यादव और नीतीश कुमार की पार्टी उन्हें गद्दार कह रही है, यह बेईमानी नहीं तो क्या है?
एनडीए में शामिल होने के अगले दिन गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए मांझी ने कहा कि 1990 में लालू यादव भाजपा के समर्थन से बिहार के मुख्यमंत्री बने थे, नीतीश कुमार एनडीए की सरकार में केंद्र में रेल मंत्री बने थे और भाजपा के समर्थन से कई बार बिहार के मुख्यमंत्री बने तब सब कुछ ठीक था। लेकिन, आज जब उन्होंने नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन से बाहर किए जाने के बाद एनडीए में शामिल होने का फैसला किया तो उन्हें गद्दार कहा जा रहा है, यह बेईमानी नहीं तो क्या है? मांझी ने कहा कि उन पर जासूसी का आरोप लगाने वाले नीतीश कुमार ने स्वयं यह कहा कि, उन्होंने मुझे अपनी पार्टी का जेडीयू में विलय करने या महागठबंधन से बाहर जाने को कहा था तो सोचिए अगर मसला जासूसी का था तो क्या जेडीयू में विलय करने के बाद भी यह खतरा नहीं रहता। इसका मतलब स्पष्ट है कि उन्होंने गलत आरोप लगाया, अविश्वास किया। जबकि, जासूसी करना उनका स्वभाव नहीं है।विपक्षी दलों को एकजुट करने की नीतीश कुमार की मुहिम पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की एकता होना संभव नहीं है। क्योंकि, सभी नेताओं की अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा है। कर्नाटक में जीतने के बाद कांग्रेस की महत्वाकांक्षा भी बढ़ गई है और वह किसी दूसरे दल के नेता का नेतृत्व स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि आज नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष के पास कोई नेता नहीं है।
विपक्षी एकता के लिए पटना में होने वाली बैठक से पहले नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय चौधरी के रिश्तेदारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के छापे का समर्थन करते हुए मांझी ने कहा कि विपक्ष जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रही है। लेकिन, वह गलत है। आखिर उनके यहां कभी छापा क्यों नहीं पड़ा? रेड उन्हीं लोगों के यहां हो रही है, जिन्होंने गलत तरीके से पैसा बनाया है और जहां से बड़े पैमाने पर रुपये की बरामदगी की आशंका है। मांझी ने कहा कि वह अपनी पार्टी का स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखना चाहते थे। इसलिए, नीतीश कुमार की विलय की शर्त को स्वीकार नहीं कर सकते थे। भाजपा ने उन्हें सहयोगी दल के तौर पर स्वीकार किया और इसलिए वे एनडीए में शामिल हुए हैं।

शाजापुर में ट्रक से टकराई बोलेरो, दो की मौत व नौ घायल

शाजापुर। जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर एबी रोड पर बुधवार रात रोजवास टोल नाके के पास एक ट्रक और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ घायल हुए हैं। घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में पहुंचाया गया है।
घटना के संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेला ने बताया कि बोलेरो वाहन से शाजापुर के निवासी कुछ लोग उज्जैन से हाट बाजार कर शाजापुर लौट रहे थे। रात करीब 11:30 बजे रोजवास टोल नाके के पास उनकी बोलेरो की सामने से आ रहे एक ट्रक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। ट्रक से भिड़ंत के बाद बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बोलेरो में सवार लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका।

भारतीय दल ने 50 पदक का आंकड़ा पार किया

एजेंसी। बर्लिन (जर्मनी)

भारत ने यहां विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023 में तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीता और 50 पदक के आंकड़े को पार कर लिया। बर्लिन में बुधवार के अंत तक, विशेष ओलंपिक में भारत के पास पांच अलग-अलग खेलों - एथलेटिक्स, साइक्लिंग, पावरलिफ्टिंग, रोलर स्केटिंग और तैराकी में 55 पदक - 15 स्वर्ण, 27 रजत और 13 कांस्य थे। बुधवार की पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण स्विमिंग पूल और साइक्लिंग कोर्स से आया, जिसमें भारत ने पूल में पांच पदक (3 स्वर्ण पदक, 1 रजत और 1 कांस्य) और साइक्लिंग कोर्स में छह (3 स्वर्ण, 2 रजत, एक कांस्य) दर्ज किए।विश्व खेलों में साइक्लिंग प्रतियोगिता ब्रांडेनबर्ग गेट के बगल में आयोजित की जा रही है - जो न केवल बर्लिन और जर्मनी के लिए बल्कि पूरे यूरोप के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि प्रशिया साम्राज्य द्वारा निर्मित स्मारक ने दोनों विश्व युद्धों को सहन किया है और यहां तक कि शहर विभाजन से भी बच गया। बुधवार को, भारत ने इस आयोजन स्थल का उपयोग अपने लिए इतिहास का एक टुकड़ा चिह्नित करने के लिए किया, साइक्लिंग टीम के प्रत्येक सदस्य ने पदक जीता। नील यादव ऐसा करने वाले पहले व्यक्ति थे, 5 किमी रोड रेस में उनका कांस्य उस अवधि के अंत में आया जब उनके अधिकांश साथी करीबी अंतर से पदक से चूक गए थे। यादव के पदक ने समूह को आत्मविश्वास दिया, और दोपहर के भोजन के ब्रेक के बाद, उनमें से हर कोई दोपहर के समय के परीक्षणों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो गया। शिवानी, नील यादव और इंदु प्रकाश ने 1 किमी टाइम ट्रायल में स्वर्ण पदक जीते, जबकि कल्पना जेना और जयसीला अर्बुथराज ने रजत पदक जीता। पूल में, फ्रीस्टाइल तैराक दीक्षा जितेंद्र शिरगांवकर, पूजा गिरिधरराव गायकवाड़ और प्रसिद्धि कांबले के स्वर्ण पदक जीतने के कारनामों की बदौलत भारत के पदकों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई। माधव मदन ने अपनी तालिका में एक और पदक (स्वर्ण, 25 मीटर फ्रीस्टाइल) जोड़ा और सिद्धांत मुरली कुमार ने 25 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता।

हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम को 23 लाख रुपए की ग्रांट जारी

जालंधर। पंजाब में खेलों के विकास के लिए वचनबद्ध मान सरकार ने रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के लिए 23.16 लाख रुपए का अनुदान जारी किया है। इस अनुदान से स्टेडियम में कई अहम कार्यों को पूरा करवाया जाएगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने मुख्यमंत्री भगवंत मान एवं खेल मंत्री गुरमीत मीत हेयर का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज तक हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम के इतिहास में इतना बड़ा अनुदान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग ने जिला उपायुक्त विशेष सारंगल को 23.16 लाख रुपए भेज दिए हैं। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को टेंडर जारी कर काम को तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए हैं।

उम्र और हालात को धता बताकर सुनील छेत्री ने किया करिश्माई प्रदर्शन

एजेंसी। बेंगलुरू

भारत और पाकिस्तान के बीच सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच के दौरान यहां वेस्ट ब्लॉक ब्लूज स्टैंड पर एक बड़े से बैनर पर लिखा था, ह्यअमर है नंबर 11।' यह सुनील छेत्री के लिए दर्शकों की ओर से सम्मान की बानगी थी जिन्होंने भारतीय कप्तान के हर मूव की हौसलाअफजाई की। श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर भारत ने 4.0 से जीत दर्ज की जिसमें 11 नंबर की जर्सी वाले छेत्री की हैट्रिक शामिल थी। 38 बरस की उम्र में जब खिलाड़ी संन्यास के बारे में सोचने लगते हैं, तब भी छेत्री दर्शकों के लिए आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र है। उनके खेल पर मानो उम्र का कोई असर ही नहीं है। पिछले शनिवार को भारत ने फीफा रैंकिंग में अपने से बेहतर टीम लेबनान को 2.0 से

हराकर इंटर कांटिनेंटल की जीता और उसमें भी पहला गोल छेत्री का था। भारी बारिश के बीच भी यहां स्टेडियम में दर्शक भारी संख्या में उमड़े थे और उन्हें जीत से कम कुछ गंवारा नहीं था।

भारत और पाकिस्तान के बीच खेल के मैदान पर बरसों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता हर मुकाबले को खास बनाती आई है और छेत्री अपनी ओर से इसे यादगार बनाना चाहते थे। छेत्री ने आईएसएल के एक वीडियो में कहा था, ह्यपाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले जब भी हम खिलाड़ियों से मिलते तो काफी दोस्ताना बात होती है। मैं एक या दो बार पाकिस्तान गया तब भी काफी दोस्ताना माहौल था। वे पंजाबी बोलते हैं और हम भी पंजाबी में बात करते थे। लेकिन सीटी बजने के बाद पता नहीं क्या हो जाता है।' उन्होंने कहा, शायद हमारी और उनकी परवरिश ही ऐसे हुई है। हम उनसे कभी नहीं हारना चाहते और यही बात उनके बारे में भी कही जा सकती है।' भारत के लिए 138 मैचों में 90 गोल कर चुके छेत्री सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो (123), अली देइ (109) और लियोनेल मेस्सी (103) के बाद चौथे स्थान पर हैं।

सीएसके के सीईओ का बड़ा बयान आया सामने

आईपीएल 2024 में धोनी खेलेंगे या नहीं?

एजेंसी। नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान एमएस धोनी के उल्लेखनीय समर्पण और प्रतिबद्धता ने टीम को 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने में मदद की। फाइनल के बाद की प्रस्तुति के दौरान धोनी ने व्यक्त किया कि खिताब जीतने के बाद संन्यास लेना आदर्श समय होगा, लेकिन उन्होंने कम से कम एक और सीजन के लिए खेलने की बात कही है। आईपीएल 2023 के समाप्तन के बाद से ही धोनी के अगले आईपीएल में खेलने या ना खेलने की खबरें जोरों पर हैं जिस पर अब सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने सब साफ कर दिया है।

विश्वनाथन ने पुष्टि की कि धोनी तीन सप्ताह के लिए आराम करना चाहते हैं और फिर अपना

रिहैब शुरू करना चाहते हैं, यह कहते हुए कि धोनी खुद अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में फैसला करेंगे और सीएसके के मालिक एन श्रीनिवासन को सूचित करेंगे। 2008 से धोनी ने टीम प्रबंधन से सीधा संवाद बनाए रखा है।

उन्होंने कहा, 'वास्तव में उन्होंने फाइनल खत्म होने के तुरंत बाद हमें बताया कि वह मुंबई जाएंगे, सर्जरी कराएंगे और रिहैब के लिए रांची वापस जाएंगे।' मुंबई में रुतुराज की शादी (4 जून को) के बाद मैं उनसे मिलने गया था। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। वह काफी सहज हैं। उन्होंने कहा कि वह तीन सप्ताह तक आराम करेंगे और फिर अपना रिहैब शुरू करेंगे। और जैसा उन्होंने कहा, वह नहीं जा रहे हैं।' जनवरी-फरवरी तक खेलने के लिए हमें उसे ये सब याद दिलाने की जरूरत नहीं है। सीएसके के सीईओ ने कहा, 'वह जानता है कि क्या करना है, इसके बारे में कैसे जाना है, इसलिए हम उससे नहीं पूछेंगे 'तुम क्या, कैसे करने जा रहे हो आदि। वह हमें अपने आप सूचित करेगा। वह जो भी कर रहा है, वह पहले फोन करेगा और केवल श्रीनिवासन को सूचित करें, किसी और को नहीं। उससे हमें यह जानकारी मिलेगी कि वह यही कर रहा है। यह 2008 से इस तरह से है। इसी तरह यह जारी रहेगा।'

पीसीबी के संभावित अध्यक्ष जका अशरफ का बड़ा फैसला

एशिया कप का 'हाइब्रिड मॉडल' ठुकराया

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के संभावित अगले अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान और श्रीलंका में सितंबर को होने वाले आगामी एशिया कप के लिए नजम सेठी के 'हाइब्रिड मॉडल' को ठुकरा दिया है। अशरफ ने इस्लामाबाद में बुधवार को कहा, पहली बात तो यह है कि मैं पहले भी एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर चुका हूं क्योंकि मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने फैसला किया था कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा तो यहीं होना चाहिए।' अशरफ के इस बयान के बाद भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी भी खटाई में पड़ गई है। समझा जाता है कि पाकिस्तान के सहमति जताने के बाद पीछे हटने

से बीसीसीआई भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी है। अशरफ अगर अपना रूख नहीं बदलते हैं तो एशिया कप पाकिस्तान के बिना ही खेला जा सकता है। एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा, एशिया कप मॉडल को एसीसी ने स्वीकार किया है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। अशरफ जो चाहे, वह कहने के लिए स्वतंत्र हैं।' पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के करीबी अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष बनना तय है चूंकि प्रधानमंत्री ही बोर्ड का मुख्य संरक्षक भी है और नियुक्तियां उनकी मर्जी से ही होती है। हाइब्रिड मॉडल को बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली एसीसी ने स्वीकार किया था। भारत ने साफ तौर पर कहा था कि वह पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगा। सेठी के अध्यक्ष पद से हटते ही 48 घंटे में हालात बदल गए। सेठी ने कहा था कि वह आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते और इसी वजह से अध्यक्ष पद की दौड़ से हट रहे हैं। अशरफ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह नहीं चाहते कि बेमानी मैच पाकिस्तान में कराए जाएं। उन्होंने कहा, सभी मुख्य मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे। नेपाल और भूटान जैसी टीमें पाकिस्तान में खेलेंगे जो गलत है।

मैकुलम ने मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो का किया समर्थन

कहा- फिट रहे तो दूसरे एशेज टेस्ट में खेलेंगे

एजेंसी। लंदन

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्पिनर मोईन अली और चोट से वापसी कर रहे विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो का समर्थन करते हुए कहा कि अगर दोनों खिलाड़ी फिट रहे तो वे 28 जून से यहां लॉर्ड्स में शुरू हो रहे दूसरे एशेज टेस्ट मैच में अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। इंग्लैंड बर्मिंघम में शुरूआती टेस्ट दो विकेट से हार गया, जिसमें मोईन और बेयरस्टो संघर्ष करते नजर आए। मोईन अली, जिन्होंने नियमित स्पिनर जैक लीच के घायल होने के बाद टेस्ट संन्यास से वापसी की, पहले टेस्ट मैच में 33 ओवरों में 147 रन देकर दो विकेट व दूसरी पारी में 57 रन देकर 1 विकेट लिया। बेयरस्टो, जो एक गोल्फ मैच के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे, ने पहली पारी में

78 रन बनाए और फिर इंग्लैंड की दूसरी पारी में सिर्फ 20 रन बनाए। हालाँकि, जो बात अधिक मायने रखती है वह यह है कि उन्होंने विकेटकीपर के रूप में कुछ मौके गँवाए जिसका इंग्लैंड को थोड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। बेयरस्टो दूसरी पारी में जेम्स एंडरसन के ओवर में उस्मान ख्वाजा का कैच नहीं पकड़ सके। उन्होंने एलेक्स कैरी का भी दो बार कैच छोड़ा और कैमरून ग्रीन के खिलाफ स्टंपिंग करने से चूक गए।

प्रणय क्वार्टर फाइनल में

कश्यप, रोहन कपूर-सिक्की रेड्डी बाहर

एजेंसी। ताइपे

ताइपे ओपन 2023 में भारत के मिश्रित परिणाम जारी रहे, शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता परुपल्ली कश्यप और रोहन कपूर तथा एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी गुरुवार को दूसरे दौर में हार गई। प्रणय ने इंडोनेशिया के टॉमी सुगियार्तो को 36 मिनट में 21-9, 21-17 से हराया, जबकि कश्यप तियान-मु एरेना के कोर्ट 1 में दूसरे दौर के मुकाबले में चीनी ताइपे के ली यांग सु से 16-21, 17-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और सिक्की रेड्डी हिसयांग चिएन चिउ और जिओ मिन लिन की स्थानीय जोड़ी से केवल 29 मिनट में 13-21, 18-21 से हार गए। कोर्ट 2 पर सुगियार्तो के



खिलाफ खेलते हुए, प्रणय, जिन्होंने पहले दौर में चीनी ताइपे के यू सीन लिन को 21-11, 21-10 से हराया था, ने 2-1 के स्कोर से सात अंक जीतकर बढ़त बना ली। उन्होंने जल्द ही इसे 11-2 तक बढ़ा दिया। 13-3 से उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखी और बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 इवेंट में 21-9 से पहला गेम जीत लिया, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 210,000 डॉलर है।

साउथेम्प्टन ने रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया

साउथेम्पटन। 2022/23 सीजन में तालिका में सबसे नीचे रहने और प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद, साउथेम्प्टन ने गुरुवार को रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। मार्टिन ने इससे पहले स्वानसी सिटी एफसी का प्रबंधन किया था। स्वानसी पिछले सीजन में नौ मैचों में अजेय रहा था और दूसरे चरण में 10 वें स्थान पर था। इस दौरान क्लब ने वेस्ट ब्रॉम और नॉर्विच सिटी पर जीत दर्ज की थी। रसेल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि एक ऐसे क्लब का प्रबंधन करना सौभाग्य की बात होगी जिसका एक समृद्ध इतिहास है। रसेल ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा, इतने लंबे और समृद्ध इतिहास वाले क्लब साउथेम्पटन में इस अवसर को स्वीकार करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

आंखें बंद कर दिया पोज, हसीन जहां की पोस्ट वायरल

मोहम्मद शमी पर साधा निशाना

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा है। इस कारण दोनों अलग भी रहते हैं। हसीन जहां इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वह आए दिन वीडियो व तस्वीरें साझा करती हैं। फिलहाल, हसीन जहां ने अपनी आंखें बंद कर पोज देते हुए खूबसूरत फोटो तस्वीर शेयर की है, जिसके साथ ही उन्होंने कैप्शन देते हुए कुछ कहकर शमी पर निशाना साधा है।

तस्वीर में हसीन जहां लाल रंग की प्रिंटेड साड़ी संग काले रंग का ब्लाउज पहने नजर आ रही है। वह आखों को बंद कर फोटो के लिए पोज देती हुई नजर आ रही हैं। इस पोस्ट में जिस चीज ने लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा खिंचा वो है फोटो के साथ दिया गया कैप्शन।

हसीन जहां ने कैप्शन में लिखा है, किसी का बुरा करने में अगर कोई सफल होता तो हर कोई बुरा करने पर उतारू होता। दूसरों का बुरा कर अगर खुद वो अच्छे से रह पाता तो हर कोई बुरा नहीं हो जाता. दुनिया में कोई चाहे कितना ही बड़ा तीसमार खां ही क्यों न हो, जिंदगी उसे भी उसकी औकात दिखाती जरूर है। इसलिए इंसान को ये बात याद रखनी चाहिए की एक शक्ति सब पर नजर रखे हुए हैं और पूरी कायनात उसी के हाथों चलती है।

संजय मांजरेकर की भारतीय चयनकर्ताओं को सलाह

टेस्ट क्रिकेट से थके हुए खिलाड़ियों दूर रखें

एजेंसी। नई दिल्ली

जून की शुरूआत में लंदन के ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत की अपमानजनक हार के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने चयनकताओं को एक सुझाव दिया है। सभी महत्वपूर्ण टेस्ट मैच में हार ने भारतीय टीम को आईसीसी नॉकआउट मैचों में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा। विशेष रूप से अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर के अलावा किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने एकमात्र टेस्ट की एक पारी में पचास से अधिक रन नहीं बनाए। मांजरेकर ने इस बात पर जोर दिया कि स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड, जो शायद ही कभी सीमित ओवरों का क्रिकेट खेलते हैं, डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टार खिलाड़ी थे। पूर्व क्रिकेटर ने टीम इंडिया से ऐसे खिलाड़ियों की तलाश करने का आग्रह किया जो टी20 प्रारूप से खेल के सबसे लंबे प्रारूप में बदलाव से थके नहीं होंगे। मांजरेकर ने कहा, 'डब्ल्यूटीसी

फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए गेम चेंजर स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड, बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेलते हैं। इसलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों को ढूंढना होगा जो थके हुए न हों या जिन्हें आईपीएल से टेस्ट क्रिकेट में समायोजन न करना पड़े।' 57 वर्षीय ने आगे कहा कि चयनकर्ताओं को उन खिलाड़ियों को पुरस्कृत करना शुरू करना होगा जो घरेलू क्रिकेट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और विदेशी परिस्थितियों में सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम उन लोगों को पुरस्कृत करना शुरू करें जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। चयनकर्ता उन खिलाड़ियों पर विचार कर सकते हैं जिनमें भविष्य के टेस्ट खिलाड़ी बनने और विदेशी परिस्थितियों में सफल होने की क्षमता है। मैं कम से कम तीन नए बल्लेबाजों और नए तेज गेंदबाजों को खेलते हुए देखना चाहूंगा।' भारत का आगामी अंतरराष्ट्रीय दौरा जुलाई-अगस्त में वेस्टइंडीज दौरा होगा जिसके दौरान वे दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेंगे। दो मैचों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2023-25 में उनका पहला असाइनमेंट होगा। रोहित शर्मा एंड कंपनी के 1 जुलाई तक वेस्टइंडीज पहुंचने की उम्मीद है।

टूर्नामेंट | सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप

ओडिशा की कर्नाटक पर 4-0 से जीत

एजेंसी। अमृतसर

कप्तान जसोदा मुंडा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने बुधवार को यहां जीएनडीयू मेन ग्राउंड में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में कर्नाटक को 4-0 से हरा दिया। मालती मुंडा ओडिशा के लिए अन्य स्कोरर थीं, क्योंकि उन्होंने चार मैचों में नौ अंकों के साथ समूह में रहने के लिए कर्नाटक को पछाड़ दिया, समूह के नेताओं तमिलनाडु से तीन अंक पीछे। 34वें मिनट में कर्नाटक का प्रतिरोध टूट गया जब डिफेंडर ममता पात्रा की एक लंबी गेंद ने कर्नाटक की रक्षा को झकझोर कर रख दिया। जसोदा मुंडा ने एकल रन के साथ इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और गेंद को कर्नाटक के संरक्षक और कप्तान ऐश्वर्या ए को नेट के पीछे डालकर

ओडिशा को 1-0 से आगे कर दिया। मिनट बाद कर्नाटक की मनासा एम. ने मालती मुंडा को बॉक्स की ओर बढ़ने से रोकने के प्रयास में गेंद को अपने पेनल्टी बॉक्स के अंदर अपने हाथों से छुआ। जसोदा मुंडा ने निम्नलिखित पेनल्टी से गोल करके ओडिशा को 2-0 कर दिया।

इसके बाद जसोदा मुंडा ओडिशा के मैच के तीसरे गोल के लिए प्रदाता बन गईं, जब उनका डिफेंस-स्प्लिटिंग पास ऐश्वर्या ए द्वारा पेनल्टी बॉक्स के किनारे से साफ कर दिया गया था, लेकिन गेंद मालती मुंडा के पास गई, जिन्होंने एक खाली जाल में टैप करके स्कोर 3 कर दिया। जसोदा मुंडा ने 55वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की जब उन्होंने ममता पात्रा के एक पास का पीछा करते हुए ऐश्वर्या ए को राउंड ऑफ किया और आसानी से गोल कर दिया।

झारखंड को पहला अंक

जीएनडीयू मेन ग्राउंड में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में झारखंड ने पीछे से पंजाब को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। इस ड्रा से झारखंड ने चार मैचों के बाद प्रतियोगिता में अपना पहला अंक दर्ज किया और पंजाब के चार मैचों में तीन अंक हो गए। पंजाब के फॉरवर्ड निशा ने मैच के 6वें मिनट में उन्हें आगे कर दिया। निशा ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर दक्षिणपंथी से एक हवाई पास को नियंत्रित किया और शीर्ष कोने पर अपने बाएं पैर से शानदार ढंग से गोल किया। सुधा अंकिता तिर्की ने 79वें मिनट में झारखंड को बराबरी पर ला दिया। झारखंड के कोने को पंजाब के डिफेंस ने अच्छी तरह से नहीं संभाला, क्योंकि गेंद बॉक्स के अंदर सुधा के लिए गिरी। डिफेंडर ने दाएं पैर से फिनिश किया और पंजाब की कप्तान और कस्टोडियन सीता शर्मा के पास कोई मौका नहीं बचा। सुधा अंकिता तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

तमिलनाडु के लिए आसान

पूर्व चैंपियन तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ़ को 3-0 से हराकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बरकरार रखा। पहले 45 मिनट के अंदर इंदुमती कथिरेसन, संध्या रंगनाथन और प्रियदर्शिनी एस के गोल ने तमिलनाडु के लिए स्कोर तय किया। इस जीत से तमिलनाडु के चार मैचों में 12 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर है।

NEWS इन ब्रीफ

धमाकेदार फीचर्स के साथ वीवो 'वाई-36' लॉन्च

नई दिल्ली। स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी वीवो ने अपनी नई सीरीज को आगे बढ़ाते हुए वीवो वाई-36 को भारतीय बाजार में उतारा है। कंपनी ने बताया है कि 50 मेगापिक्सल फ्रंट कैमरे, 5000 एमएएच की बैटरी के साथ इसमें बहुत कुछ दिया जा रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वीवो वाई-36 के 8 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट की कीमत 16,999 रुपये है। यह फ्लिपकार्ट, विवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। नया स्मार्टफोन दो रंगों- वाइब्रेंट गोल्ड और मेट्योर ब्लैक में आता है।

सोने-चांदी के दामों में गिरावट जारी

नई दिल्ली। गुरुवार को सराफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 207 रुपए गिरकर 58,670 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 53,742 रुपए हो गई है। इस महीने अब तक सोने की कीमत में 1,400 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। आईबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। ये 1,380 रुपए सस्ती होकर 68,753 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है।

विश्व की 100 उभरती प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में भारतीय की चार कंपनियों में टाटा भी हुआ शामिल

एजेंसी। नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 100 सबसे उभरती प्रौद्योगिकी स्टार्टअप सूची में गिफ्टोलेक्सिया सॉल्यूशंस व जैकमैज टेक्नोलॉजी समेत चार भारतीय कंपनियां भी जगह बनाने में कामयाब हुई हैं। इन्हें पर्यावरण अनुकूल, उन्नत विनिर्माण और समावेशी स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय प्रगति के मानकों के आधार पर चुना गया है। अन्य भारतीय कंपनियां इवोल्यूशनक्यू और नेक्स्ट बिग इनोवेशन लैब्स हैं। इवोल्यूशनक्यू क्वॉन्टम-सुरक्षित साइबर सुरक्षा उत्पाद प्रदान करती है ताकि ग्राहकों को उनके नेटवर्क में क्वॉन्टम तकनीक अपनाने में मदद मिले। गिफ्टोलेक्सिया सॉल्यूशंस स्कूली बच्चों में डिस्लेक्सिया के खतरे को पहचानने के लिए स्क्रीन उपकरण वाली प्रौद्योगिकी बना रही है। इस सूची में 31 देशों के स्टार्टअप को शामिल किया गया है। सबसे ज्यादा 29 कंपनियां अमेरिका से हैं। टाटा पावर कंपनी देश का सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड बन गई है। अमेजन दूसरे व टाटा स्टील तीसरे स्थान पर है। बिगबास्केट सबसे आकर्षक स्टार्टअप नियोक्ता ब्रांड बनकर उभरी है। रैंडस्टैड इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष-10 में टीसीएस, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग इंडिया, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, आईबीएम और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल। सेबी ने 135 कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है।बल्क एसएमएस के जरिये निवेशकों से खरीद की सिफारिश कर पांच स्मॉल कैप कंपनियों के शेयरों की कीमतों में हेरफेर मामले में कार्रवाईहुई है।नियामक ने अगले आदेश तक इन संस्थाओं को प्रतिभूति बाजार में लेनदेन पर रोक लगा दी है।साथ ही, गलत तरीके से कमाए126 करोड़ के लाभ जमा करने का आदेश दिया है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी होने और पिछले वित्त वर्ष में दाम बढ़ने के बावजूद देश के प्रमुख छह शहरों में 2023-24 के दौरान मकानों की बिक्री 8-10 फीसदी बढ़ सकती है।रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को रिपोर्ट में कहा, राजस्व संग्रह में मजबूती रहने और कर्ज का बोझ घटने से रियल एस्टेट डेवलपरों की साख भी मजबूत होगी।

'डब्बा कारोबार' करने के आरोप में शेयर ब्रोकर गिरफ्तार

नई दिल्ली। पुलिस ने 45 वर्षीय एक शेयर ब्रोकर को गिरफ्तार किया है उस पर करीब तीन महीने में 4,672 करोड़ रुपये के लेनदेन के साथ कथित तौर पर अवैध 'डब्बा कारोबार' में लिप्त रहने का आरोप है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में ट्रेडिंग का एक अवैध रूप है, जहां ऑपरेटर लोगों को स्टॉक एक्सचेंज प्लेटफॉर्म के बाहर इक्विटी में कारोबार करने की सुविधा देते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को उपनगर कांदिवली से गिरफ्तार आरोपी जतिन सुरेशभाई मेहता ने प्रतिभूति लेनदेन कर, सेबी टर्नओवर शुल्क और स्टॉक एक्सचेंज टर्नओवर राजस्व जैसे विभिन्न करों का भुगतान नहीं करके सरकार को कथित तौर पर 1.95 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया। अधिकारी ने कहा कि ब्रोकर कथित तौर पर बिना वैध लाइसेंस के स्टॉक एक्सचेंज के बाहर शेयरों का कारोबार करता था और 23 मार्च से 20 जून 2023 के बीच उसका कारोबार करीब 4,672 करोड़ रुपये था।

एप्पल फोन उपभोक्ताओं को फोन तुरंत अपडेट करने का एलर्ट

-आरएनएम

नई दिल्ली। एप्पल ने खतरनाक वायरस और हैकिंग से आईफोन को बचाने के लिए एक नया सिक्योरिटी अपडेट जारी किया है। और आईफोन उपभोक्ताओं को अपने स्मार्टफोन को तुरंत अपडेट करने का संदेश भेजा है। जिसमें है कि कंपनी की तरफ से एक नया सिक्योरिटी अपडेट जारी किया गया है। जिसमें एप्पल ने आईओएस 16.5.1 अपडेट को आईफोन यूजर्स के लिए रोलआउट कर दिया है। इन अपडेट को सिक्योरिटी फिक्स करने के लिए रोल आउट किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक आईफोन के हैकिंग का खतरा था। इस सिक्योरिटी खांमी को रूस की सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर बनाने वाले कापरस्काई लैब ने पहचाना है। रिपोर्ट की मानें, तो आईफोन में खतरनाक अटैचमेंट को आईमैसेज से भेजा जा रहा था। यह खतरनाक मैसेज बिना यूजर्स के अटैचमेंट के डिवाइस में रन हो रहा था। डिवाइस में मैलेशियल लिंक रन होने के बाद कई तरह के कमांड देता था। इसमें पासवर्ड, लोकेशन और फाइल के एक्सपोर्ट शामिल है।

आईओएस 16.5.1 अपडेट कैसे करें डाउनलोड : लेटेस्ट आईओएस 16.5.1 अपडेट को डाउनलोड करने के लिए कुछ स्टेप्स को फॉलो करना होगा। सबसे पहले आपको ऐपल आईफोन के सेटिंग ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद जनरल और फिर सॉफ्टवेयर अपडेट पर टैप करना होगा। इसके बाद अगर आपके फोन पर अपडेट उपलब्ध है, तो वो दिखेगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक रूप से मजबूत है

जीडीपी का अनुमान 6.3 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी। नई दिल्ली

रेटिंग ऐंजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। पूर्व में फिच ने भारत की वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने की बात कही थी। जनवरी-मार्च की तिमाही में बेहतर वृद्धि दर को देखते हुए रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि के अनुमान को बेहतर किया है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी। वहीं 2021-22 में देश की अर्थव्यवस्था 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। रेटिंग एजेंसी ने गुरुवार को कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था व्यापक रूप से मजबूत है। 2023 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में यह सालाना आधार 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। हाल के महीनों में वाहन बिक्री के आंकड़े बेहतर रहे हैं। इसके अलावा पीएमआई सर्वे और ऋण की वृद्धि भी मजबूत रही है। इसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिए हमने वृद्धि दर के अनुमान को 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले फिच ने मार्च में ऊंची मुद्रास्फीति और ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर वैश्विक मांग के मद्देनजर 2023-24 के लिए भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 6.2 से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। फिच ने कहा कि 2024-25 और 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जनवरी-मार्च की तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रही है। इसके अलावा दो तिमाहियों की गिरावट के बाद विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति भी सुधरी है। व्यय की दृष्टि से देखा जाए, तो जीडीपी की वृद्धि को घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा।

रिकॉर्डतोड़ शुरूआत के बाद फिसला बाजार

सेंसेक्स 284 अंक टूटा, निफ्टी 18800 के नीचे

एजेंसी। नई दिल्ली

बीते दो दिन हरे निशान पर बंद होने के बाद गुरुवार को शेयर बाजार कमजोर होकर लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 284.26 (-0.45%) अंक टूटकर 63,238.89 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 85.60 (-0.45%) अंक कमजोर होकर 18,771.25 अंकों के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान मेटल्स और मीडिया सेक्टर के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। वहीं दूसरी ओर पीएसयू बैंक इंडेक्स के शेयर सबसे ज्यादा गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुए। बता दें कि गुरुवार की सुबह सेंसेक्स अपने नए ऑल टाइम हाई 63,601.71 के स्तर पर खुला हालांकि शुरूआती कारोबार में ही बाजार में बिकवाली दिखने लगी और बाजार लाल निशान में आ गया और दिनभर की उठापटक के बाद लाल निशान पर ही बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 81.96 रुपये (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की घरेलू शेयर बाजारों में लिवाली तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी रुपये को मजबूती मिली। दूसरी ओर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के नीतिगत फैसले से पहले बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों में और वृद्धि का संकेत दिया गया।

विदेश

ईरान व यूरोपीय संघ ने परमाणु वार्ता पर कतर में की बैठक

तेहरान। ईरान के उप विदेश मंत्री अली बघेरी कानी ने कहा है कि उन्होंने 2015 के परमाणु समझौते के पुनर्जीवित करने पर चर्चा के लिए यूरोपीय संघ के उप विदेश नीति प्रमुख एनरिक मोरा के साथ बैठक की। परमाणु वार्ता के मुख्य वातार्कार बाघेरी कानी ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा कि यह बैठक कतर में हुई और इसे गंभीर और रचनात्मक बताया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार यह बैठक 13 जून को अबू धाबी में हुई पिछली बैठक के बाद हुई, जहां ईरानी राजनयिक ने सामान्य हितों और द्विपक्षीय चिंताओं पर चर्चा के लिए फ्रांसीसी, जर्मन और ब्रिटिश प्रतिनिधियों से मुलाकात की। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने एक साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ईरान और अन्य पक्षों के बीच राजनयिक परामर्श और संदेशों का आदान-प्रदान जारी है।

भारत सेमीकंडक्टर विनिर्माण में बनना चाहता है आत्मनिर्भर

पीएम मोदी ने उठाया कदम

एजेंसी। वॉशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी चिप कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी को भारत में आने का न्योता दिया है। साथ ही प्रधानमंत्री ने एप्लाइड मैटेरियल्स को भी प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और आधुनिक पैकेजिंग क्षमताओं के विकास के लिए भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। भारत उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न हिस्सों में प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करता है, जिसकी वजह से विदेशी कंपनियां भारत में निवेश के अवसर तलाश रही हैं।मोदी ने यहां एप्लाइड मैटेरियल्स के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गैरी ई डिकर्सन के साथ बैठक में भारत में कुशल कार्यबल बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ कंपनी के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा 'प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए माइक्रोन टेक्नोलॉजी को आमंत्रित किया है। 'हम भारत में बड़े अवसरों की उम्मीद करते हैं। माइक्रोन मेमोरी और स्टोरेज में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी है। हम सभी बाजारों में मेमोरी और स्टोरेज के आपूर्तिकर्ता हैं।' प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात के बाद डिकर्सन ने कहा कि यह भारत के लिए अविश्वसनीय वृद्धि का समय है। उन्होंने कहा कि हम जबरदस्त सफलता हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री और भारत के सभी लोगों के साथ मिलकर काम करने को लेकर बहुत उत्सुक हैं। जनरल इलेक्ट्रिक के सीईओ एच लॉरेंस कल्प के साथ बैठक में मोदी ने कंपनी को भारत के विमानन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया। बयान में कहा गया है कि मोदी ने भारत में विनिर्माण की दीर्घावधि की प्रतिबद्धता के लिए जीई की सराहना की। भारत सरकार देश में सेमीकंडक्टर विकास को प्रोत्साहन दे रही है।

अमेरिका ने कहा कि हम जबरदस्त सफलता हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री और भारत के सभी लोगों के साथ मिलकर काम करने को लेकर बहुत उत्सुक हैं

बिलावल की इराक यात्रा से पाकिस्तान को नहीं हुआ कोई फायदा

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने 7 जून को इराक की अपनी बहुप्रचारित यात्रा संपन्न की। तब से, इस्लामाबाद जो बगदाद के साथ अपने संबंधों में उच्च हिस्सेदारी रखता है, इस यात्रा को ऐतिहासिक बताने में व्यस्त है। हालाँकि, परिणामों की जाँच से पता चलता है कि लगातार प्रयासों के बावजूद इस दौरे से पाकिस्तानी कूटनीति के लिए उसे कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं मिली है। निस्संदेह, दोनों पक्ष कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम करने पर सहमत हुए और राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ाने और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर कुछ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा, बाद में बगदाद में पाकिस्तान दूतावास परिसर के शिलान्यास समारोह में बिलावल की उपस्थिति काफी प्रचारित हुई।

रूस ने 48 ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी। मॉस्को

रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूस ने 48 ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं, जिन्हें देश में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा। मंत्रालय ने विगत बुधवार को कहा कि यह निर्णय ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों द्वारा रूसी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में किया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय के अनुसार, 48 ऑस्ट्रेलियाई, जिनमें सैन्य ठेकेदार, पत्रकार और नगरपालिका प्रतिनिधि शामिल हैं, रूस विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार हैं। इसमें कहा गया है कि कैनबरा के रूसी विरोधी रुख को ध्यान में रखते हुए मॉस्को अपनी प्रवेश प्रतिबंध सूची को अपडेट करना जारी रखेगा। ऑस्ट्रेलिया ने 19 मई, 2023 को 21 रूसी संस्थाओं और तीन व्यक्तियों के खिलाफ वित्तीय प्रतिबंध लगाए थे।

कारोबार

भारत 2028 तक बनेगा दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी बाजार

बड़े पैमाने पर नेटवर्क लगाने की हो रही तैयारी

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत 2028 के अंत तक दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ने वाला 5जी बाजार बन जाएगा। इस अवधि तक देश के 70 करोड़ लोग 5जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेंगे, जो कुल मोबाइल ग्राहकों का करीब 57 फीसदी होगा। 2022 तक एक करोड़ स्मार्टफोन धारक 5जी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहे थे। एरिक्सन की ओर से जारी मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अक्तूबर, 2022 में शुरूआत होने के बाद 5जी दूरसंचार सेवाओं का बहुत तेजी से विस्तार हो रहा है। इस दौरान भारतीय दूरसंचार बाजार में डिजिटल इंडिया मुहिम के तहत बड़े पैमाने पर 5जी नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। शुरूआत के चंद महीनों में ही 5जी ग्राहकों की संख्या एक करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अगले पांच साल में मोबाइल यूजर्स की कुल संख्या 1.2 अरब पहुंच जाएगी। इनमें से अधिकतर लोग 5जी का इस्तेमाल करेंगे। इसके साथ ही 2028 तक वैश्विक 5जी बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 15 फीसदी से ज्यादा हो जाएगी। इस अवधि तक दुनियाभर में 4.6 अरब लोग 5जी का इस्तेमाल करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ बाजारों में भू-राजनीतिक चुनौतियों व व्यापक आर्थिक मंदी के बावजूद वैश्विक स्तर पर संचार सेवा प्रदाताओं ने 5जी प्रौद्योगिकी में निवेश करना जारी रखा है। 2023 अंत तक 5जी सेवा का इस्तेमाल करने वाले मोबाइल फोन ग्राहकों की संख्या वैश्विक स्तर पर 1.5 अरब हो जाएगी। वर्तमान में दुनियाभर में एक अरब से अधिक लोग 5जी सेवा का इस्तेमाल करते हैं। 2022 अंत तक भारत में 82 करोड़ ग्राहकों के साथ 4जी की बाजार हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। 5जी का इस्तेमाल बढ़ने से 2028 अंत तक देश में 4जी ग्राहकों की संख्या 32 करोड़ घटकर 50 करोड़ रह जाएगी। दुनिया के हर क्षेत्र में 5जी यूजर्स की संख्या बढ़ रही है। दो साल में शीर्ष-20 बाजारों में 5जी सेवा की शुरूआत हुई है। इससे अग्रणी 5जी बाजारों में दूरसंचार कंपनियों के राजस्व में 7 फीसदी वृद्धि हुई है। आगे भी इसमें तेज बढ़ोतरी की संभावना है।

युद्धविराम खत्म होते ही सूडान की राजधानी में झड़पें फिर शुरू

खार्तूम। 72 घंटे का संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद राजधानी खार्तूम के विभिन्न इलाकों में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच फिर से झड़पें हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बुधवार को कहा कि एसएएफ के युद्धक विमानों ने खार्तूम के दक्षिणी इलाकों में उड़ान भरी और वहां एक प्रमुख आरएसएफ शिविर पर बमबारी की। युद्धक विमानों ने खार्तूम के उत्तर में बहरी शहर में आरएसएफ ठिकानों पर भी हमला किया। खार्तूम के पश्चिम में ओमदुरमैन शहर के उत्तर में भी हिंसक झड़पें हुईं, जबकि ओमदुरमैन के पश्चिम में एसएएफ के इंजीनियर्स कोर बेस के पास विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। सऊदी अरब और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की कि एसएएफ और आरएसएफ के प्रतिनिधि को स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होने वाले 72 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि संघर्ष विराम के दौरान वे हमलों, पदों के सुदृढ़ीकरण और बलों की पुनः आपूर्ति, या सैन्य लाभ की तलाश से परहेज करेंगे।

पेज एक के शेष

नई पीढ़ी को ...

दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका है। आप अपने कार्यों से पंचायतों की तस्वीर बदल सकते हैं। ऐसे में आपको जो जिम्मेदारी दी जा रही है उसे निष्ठा पूर्वक निभाएं। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि सरकार पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। इस सिलसिले में सभी पंचायतों में ई- पंचायत ऑफिस खोलने की प्रक्रिया चल रही है। यहां कॉमन सर्विस सेंटर के अलावा बैंक और पोस्ट ऑफिस समेत कई और दफ्तर भी होंगे। ई -पंचायत ऑफिस को प्रभावी एवं फंक्शनल बनाने में पंचायत सचिवों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा।

छह लोगों की...

के द्वारा दर्ज करवाए गए मामलों से बेहद परेशान था। यहां तक कि कुछ एनजीओ के जरिए भी मधुमिता ने परिवार के लोगों के ऊपर कई तरह से दबाब डलवाए, इन सब की वजह से पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा था और इसी तनाव में सब ने आत्महत्या जैसा घातक कदम उठाया।

सात साल चली जांच : सामूहिक आत्महत्या कांड की जांच पिछले 7 सालों से जारी थी इस दौरान मधुमिता सरकार के खिलाफ कई अहम सबूत और दस्तावेज पुलिस को हाथ लगे जिसके बाद यह साबित हो गया कि परिवार के मौत के पीछे बहू मधुमिता सरकार का ही हाथ था। मामले में बहु मधुमिता सरकार को रांची पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है आज उन्हें ट्रांजिट रिमांड में रांची लाया गया।

तमाम कयासों के बावजूद...

केजरीवाल व अन्य तमाम नेता पटना पहुंच गये। चौधरी चरण सिंह के नाती व अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी पहले से तय अपने परिवार के किसी की शादी में अमेरिका चले गये। जाने के पहले एक पाती बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिख गये कि आप लोग बैठक में जो निर्णय लेंगे उसके साथ रहूँगा। इस बैठक में मायावती, चन्द्रशेखर राव, नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी,चंद्रबाबू नायडू ना तो आने वाले थे ना ही आयेंगे। ये सब घोषित या अघोषित तौर पर चाहे केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर ये या सत्ता में किसी तरह बने रहने के लिए केन्द्रीय सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं। लेकिन जिन 12 राज्यों के विपक्षी नेता पटना की बैठक में शामिल हो रहे हैं उन राज्यों में कुल लोकसभा सीटें 328 हैं, जिनमें से 165 सीटें एनडीए के पास हैं। पूर्व सांसद हरिकेश बहादुर का कहना है कि यदि विपक्षी एकता हो गई और ठीक से तालमेल करके चुनाव लड़े तो भाजपा को इन राज्यों में लगभग 75 सीटों का नुकसान हो सकता है। इसके कारण भी सब तरफ खदबदाहट है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में नर्सिंग प्रोफेशनलों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2022 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में दिल्ली की अनीता नाकरा और मेजर जनरल स्मिता देवरानी के अलावा नमिता कलिता (असम), सुजाता पीटर टस्कानो (महाराष्ट्र), डिमखानमन हंगशिंग (मणिपुर), तेजावथ सुशीला (तेलंगाना), रीटा मंडल (पश्चिम बंगाल), रिलायंस पिरंगप (मेघालय), एथोडो लिंग्गी

(अरुणाचल प्रदेश), डॉ. पोरेड्डी विजयलक्ष्मी (कर्नाटक), हिंडुम्बी के. (लक्षद्वीप), सेबती साहू (ओडिशा), नीरज तम्बोलिया (राजस्थान), गणपति संथी (तमिलनाडु) और मंजू केरा (उत्तराखंड) का नाम शामिल है। अनीता नाकरा दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जीटीबी अस्पताल में सहायक निदेशक नर्सिंग के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान भी कैंसर देखभाल केंद्र को चालू रखा। वहीं मेजर जनरल स्मिता देवरानी, वीएसएम वर्तमान में सेना मुख्यालय दिल्ली में सैन्य नर्सिंग सेवा की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। उन्होंने कोविड-19 के दौरान नर्सिंग सेवाओं को व्यवस्थित करने के लिए विभिन्न नवाचारों को पेश करने की पहल की और सभी एएफएमएस अस्पतालों में टीकाकरण अभियान को सुव्यवस्थित किया।

वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्राप्त करने वालों में सुचित्रा मिस्त्री (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह), गायत्री कुमारी (बिहार), नागरत्ना टी (कर्नाटक), मंजूलता महराणा (ओडिशा), सुगंधी के (तमिलनाडु), अंबिका प्रधान (सिक्किम), फिरदौसा जान (जम्मू-कश्मीर), गीता ए आर (केरल), ब्रिगेडियर अमिता देवरानी (महाराष्ट्र), पुष्पा श्रवण पोडी (महाराष्ट्र), इरोम चंद्रबाला देवी (मणिपुर), सी जोपारी (मिजोरम), साथियाकानी थंगराज (पुडुचेरी), माधवी राणे चिखाले (पंजाब) और अबिष्मिता घोष (पश्चिम बंगाल) का नाम शामिल है।



गुरुकुल के कला छात्र एक पेंटिंग को अंतिम रूप दे रहे हैं, जिसमें ओशनगेट की पर्यटक पनडुब्बी, जिसका नाम टाइटन है, को दर्शाया गया है, जो गुरुवार को मुंबई में एक अभियान के दौरान पांच लोगों के साथ लापता हो गई थी। *(फोटोः आईएएनएस)*

डिजिटल प्रौद्योगिकी शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में अहम : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 देशों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में एक शक्ति गुणक करार दिया।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को पुणे में आयोजित जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी समानता स्थापित करने वाले एक तत्व के रूप में कार्य करती है और समावेशिता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा तक

पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढलने की प्रक्रिया में एक शक्ति गुणक है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की क्षमताओं के बारे में भी चर्चा की जो सीखने, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं प्रदान करती है। उन्होंने प्रौद्योगिकी द्वारा पैदा किए गए अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 की भूमिका पर भी जोर दिया।

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मूलभूत साक्षरता युवाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करती है और भारत इसे प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा ह्यसमझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में निपुणता हेतु राष्ट्रीय पहल या निपुण भारत पहल पर प्रकाश डाला और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को जी-20 द्वारा भी एक प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया है। उन्होंने 2030 तक इस पर समयबद्ध तरीके से काम करने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने नई ई-लर्निंग को रचनात्मक तरीके से अपनाने व उसका उपयोग करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसका लक्ष्य बेहतर प्रशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने इस दिशा में सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला और स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स या स्वयं का उल्लेख किया। उल्लेखनीय है कि स्वयं एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो कक्षा 9 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के सभी पाठ्यक्रमों को संचालित करता है तथा पहुंच, समानता एवं गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए छात्रों के लिए दूरदराज के इलाकों में बैठकर सीखना संभव बनाता है।

अमित शाह का बालाघाट दौरा रद्द

बालाघाट। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को बालाघाट में 'रानी दुर्गावती गौरव यात्रा' का शुभारंभ करने के लिए आने वाले थे। इसके लिए उनका हेलीकॉप्टर छत्तीसगढ़ के दुर्ग से बालाघाट के लिए उड़ा लेकिन खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर आधे रास्ते से ही लौट गया। इसके चलते उनका बालाघाट दौरा रद्द हो गया। इसकी जानकारी कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दी। इसके बाद मुख्यमंत्री चौहान एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गुरुवार को बालाघाट दौरा प्रस्तावित था। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे यहां शाम चार बजे पहुंचकर रोड शो के बाद जनसभा को संबोधित करने वाले थे। इसके बाद यहां गृह मंत्री शाह वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर निकाली जा रही गौरव यात्रा का शुभारंभ भी करने वाले थे। शाह का करीब दो घंटे तक बालाघाट में रहने का कार्यक्रम था।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीर जारी

अयोध्या। श्रीरामजन्म भूमि में मंदिर निर्माण बहुत तेजी के साथ हो रहा है। गर्भ गृह के उद्घाटन की तारीख 15 से 25 जनवरी 2024 होने के बाद निर्माण कार्य में दोगुनी तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को मंदिर के काम की तस्वीरें जारी की हैं। राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ट्रस्ट की ओर से समय-समय पर दी जाती है। चंपत राय ने बताया है कि ग्राउंड फ्लोर तैयार होने के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

मणिपुर : मुठभेड़ में 2 जवान घायल, मोर्टार बम बरामद

एजेंसी। इंफाल

इंफाल में सशस्त्र हमलावरों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए, जबकि सुरक्षा बलों ने गुरुवार को मणिपुर में तलाशी अभियान के दौरान एक अत्यधिक विस्फोटक मोर्टार बम और एक इंसास लाइट मशीन गन बरामद की। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। रक्षा पीआरओ ने कहा कि हमलावरों ने इंफाल-पश्चिम जिले के बोलजांग में अकारण गोलीबारी की, जिससे सैनिकों को किसी भी तरह की क्षति से बचने के लिए एक संतुलित प्रतिक्रिया के लिए मजबूर होना पड़ा। दो जवानों को मामूली चोटें आईं, दोनों की हालत अब स्थिर है। पीआरओ ने कहा कि सेना की अतिरिक्त टुकड़ियां शामिल की गई हैं और ऑपरेशन जारी है। एक अन्य तलाशी अभियान में असम राइफल्स के जवानों ने गुरुवार को इंफाल पूर्वी जिले में एक मोर्टार बम बरामद किया। पीआरओ ने कहा कि ऑपरेशन मोंगजम तलहटी में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस कमांडो द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया था। बुधवार रात बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा में एक वाहन में रखे गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बिष्णुपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

उत्तराखंडः भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की हुई मौत

एजेंसी। पिथौरागढ़

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के थाना नाचनी के मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास गुरुवार को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या दस हो गई है। इसमें एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गयी थी। इस वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। वाहन में सवार सभी लोगों की पहचान भी कर ली गई है। राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव विभाग ने इसकी पुष्टि की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के नाचनी थाना क्षेत्र में बोलेरो के दुर्घटनाग्रस्त होने और हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना करने के साथ मृतकों के परिजनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज सुबह बोलेरो वाहन संख्या यूके-02टीए 10845 में सवार होकर बागेश्वर के शामा क्षेत्र के लोग होकरा मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका बोलेरो वाहन थाना क्षेत्र नाचनी में पहुंचा तो वह मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास पांच सौ मीटर नीचे खाई में गिर गया। इसकी सूचना मिलने पर एसडीआरएफ पोस्ट अस्कोट से मुख्य आरक्षी सुनील चन्द्र और पोस्ट कपकोट से एएसआई महिपाल सिंह के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गई।

इसके बाद वहां पहुंचने पर एसडीआरएफ की दो रेस्क्यू टीमों ने 500 मीटर गहरी खाई में उतरकर वाहन में सवार 10 लोगों के शवों को एकत्र कर मुख्य मार्ग तक पहुंचाने का कार्य किया। वाहन में सवार सभी शवों की पहचान कर ली गई है।

समझौता

जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने की होगी घोषणा

भारत में बनेंगे अमेरिकी फाइटर जेट इंजन

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गई है। अब अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनाएगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ बैठक के दौरान भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा होने की संभावना है। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने आज घोषणा की कि उसने भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौता

ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के बीच दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने में बड़ा मील का पत्थर है। आज का समझौता लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-2 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में भारतीय वायु सेना के लिए 99 इंजन बनाने की जीई एयरोस्पेस की पिछली प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा।

दरअसल, अभी तक दुनिया के सिर्फ चार देश अमेरिका, रूस, इंग्लैंड और फ्रांस फाइटर जेट के इंजन बनाते हैं, यानी दुनिया भर में उड़ रहे फाइटर जेट्स में इन्हीं देशों में बने इंजन लगे हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे के बीच अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक ने अपना प्लांट भारत में लगाने की डील पर मुहर लगा दी है, जिससे भारत भी फाइटर जेट के इंजन बनाने वाले देशों में शामिल हो जाएगा। साथ ही भारत में बनने वाले इंजन स्वदेशी फाइटर जेट्स के लिए बेहद फायदेमंद होंगे, क्योंकि हमें इंजन खरीदने के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा। अमेरिकी सरकार ने इसी माह की शुरूआत में जीई इंजन निर्माण के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को हरी झंडी दी थी, जिससे भारत में इंजनों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अनुबंध करने का रास्ता साफ हो गया था।

FILMY हलचल

फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली के दिमाग में 20 साल से है 'बैजू बावरा' की कहानी

दूरदर्शी फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली पूरे जुनून के साथ अपने हर प्रोजेक्ट को अंजाम देते हैं। वह अपनी बड़ी और शानदार फिल्मों के लिए भी सुपर फेमस हैं। वो एक ऐसे फिल्म भी निर्देशक हैं, जो अपनी किसी भी फिल्म को सिल्वर स्क्रीन्स पर उतारने से पहले सालों तक उसपर काम करने में यकीन रखते हैं। अगला प्रोजेक्ट 'बैजू बावरा' भी पिछले दो दशकों से उनके दिमाग में है, जो आखिरकार अब साकार हो रहा है। संजय लीला भंसाली का आखिरी प्रोजेक्ट 'बाजीराव मस्तानी' था। इस ऐतिहासिक फिल्म की कल्पना उन्होंने अपनी रोमांटिक क्लासिक 'हम दिल दे चुके सनम' के ठीक बाद की थी। अब 20 साल के बाद संजय लीला भंसाली 'बैजू बावरा' को जीवंत करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने इन सालों में फिल्म की हर छोटी से छोटी डिटेल पर पूरा ध्यान लगाकर काम किया है।

आलिया भट्ट के हॉलीवुड डेब्यू पर उत्साहित हैं महेश भट्ट, जाहिर की खुशी

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। आलिया की फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था। आलिया के हॉलीवुड में काम करने पर उनके पिता व फिल्म निमार्ता महेश भट्ट खुश हैं। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए और अभिनेत्री की प्रशंसा की है। प्रोड्यूसर महेश भट्ट ने हाल ही में मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में आलिया के हॉलीवुड डेब्यू पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, जब मैंने आलिया को गैल गैडोट और जेमी डॉर्नन जैसे दिग्गज अंतरराष्ट्रीय अभिनेताओं के साथ खड़ा देखा, तो मुझे अपनी बेटी पर बहुत गर्व महसूस हुआ।

नवाजुद्दीन ने कंगना के प्रोडक्शन 'टीकू वेड्स शेरू' के प्रोमो में ऋतिक का जिक्र किया

बॉलीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कंगना रनौत द्वारा निर्मित 'टीकू वेड्स शेरू' के प्रचार के दौरान एक्टर ऋतिक रोशन के नाम का जिक्र किया। ज्ञता हो कि एक्ट्रेस कंगना और रितिक के बीच उस समय विवाद हो गया था जब एक्ट्रेस ने एक बार रितिक के साथ अफेयर होने का दावा किया था। एक्ट्रेस कंगना ने एक इंटरव्यू के दौरान रितिक को मूर्ख एक्स (पूर्व) भी कहा था। अब एक्टर नवाजुद्दीन ने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म का एक प्रोमो शेयर किया है। क्लिप में वह सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं और अपना परिचय दे रहे हैं। वह कहते हैं, हैलो दोस्तों, मेरा नाम शेरू है और लोग मुझे प्यार से शेरू ही बुलाते हैं। मैं बॉलीवुड में काम करता हूं। छोटी मोटी फिल्मों का बड़ा प्रोड्यूसर हूं। इसके बाद नवाजुद्दीन शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी तस्वीरें दिखाने लगते हैं। इसके साथ ही वह कहते हैं, 'ऋतिक गया हुआ था इसलिए नहीं है।'